भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

विधि और न्याय मंत्रालय
Ministry of Law and Justice

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2018-19

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2018-2019

भारत सरकार
Government of India

विधि और न्याय मंत्रालय
Ministry of Law And Justice

विषय सूची

क्र.सं.	अध्याय	विषय	पृष्ठ सं.
1.		प्रस्तावना और विधि एवं न्याय मंत्रालय का संगठन	(i-ii)
2.	अध्याय – 1	विधि कार्य विभाग	1–51
3.	अध्याय – 2	विधायी विभाग	52–101
4.	अध्याय – 3	न्याय विभाग	102–127
5.	अनुबंध – I	विधि कार्य विभाग का संगठनात्मक चार्ट	128
6.	अनुबंध – II, III – IV	विधि कार्य विभाग में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का ब्योरा	129–132
7.	अनुबंध – V	आई.टी.ए.टी. में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्यों/ भूतपूर्व सैनिकों/ दिव्यांग जनों सहित कर्मचारियों की कुल संख्या	133–134
8.	अनुबंध – VI	विधि कार्य विभाग में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछडे वर्ग के सदस्यों/ भूतपूर्व सैनिकों/ दिव्यांग जनों की संख्या	135–139
9.	अनुबंध – VII	विधि कार्य विभाग में महिला कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व	140
10.	अनुबंध – VIII	अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन	141
11.	अनुबंध – IX	स्वच्छ भारत अभियान	142
12.	अनुबंध – X	विधायी विभाग का संगठनात्मक चार्ट	143
13.	अनुबंध – XI	विधायी विभाग में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्यों / भूतपूर्व सैनिकों/ दिव्यांग जनों की संख्या	144
14.	अनुबंध – XII	विधायी विभाग में महिला कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व	145
15.	अनुबंध – XIII	स्वच्छता ही सेवा अभियान	146
16.	अनुबंध – XIV	न्याय विभाग का संगठनात्मक चार्ट	150

प्रस्तावना

विधि और न्याय मंत्रालय भारत सरकार का सबसे पुराना अंग है। इसकी स्थापना वर्ष 1833 में उस समय हुई थी जब ब्रिटिश संसद द्वारा चार्टर अधिनियम, 1833 अधिनियमित किया गया था। उक्त अधिनियम ने पहली बार विधायी शक्ति को किसी एकल प्राधिकारी, अर्थात गवर्नर जनरल की काउंसिल में निहित किया था। इस प्राधिकार के नाते और इंडियन काउंसिल अधिनियम, 1861 की धारा 22 के अधीन उसमें निहित प्राधिकार के द्वारा गवर्नर जनरल की काउंसिल ने सन् 1834 से 1920 तक देश के लिए कानून बनाए। भारत सरकार अधिनियम, 1919 के लागू होने के बाद विधायी शक्ति का प्रयोग उसके अधीन गठित भारत के विधानमंडल द्वारा किया गया। भारत सरकार अधिनियम, 1919 के बाद भारत सरकार अधिनियम, 1935 आया। भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के पारित होने के साथ भारत एक डोमिनियन बन गया और डोमिनियन विधानमंडल ने भारत (अनंतिम संविधान) आदेश, 1947 द्वारा यथा अंगीकृत भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 100 के उपबंधों के अधीन वर्ष 1947 से 1949 तक कानून बनाए। 26 जनवरी, 1950 से भारत का संविधान लागू होने के बाद विधायी शक्ति संसद में निहित है।

मंत्रालय का संगठन

विधि और न्याय मंत्रालय में विधायी विभाग, विधि कार्य विभाग और न्याय विभाग सम्मिलित हैं। जहां तक न्याय विभाग का संबंध है, उसका विवरण एक पृथक अध्याय (अध्याय–।।।) में दिया गया है।

विधि कार्य विभाग केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को विधिक सलाह देता है जबकि विधायी विभाग केन्द्रीय सरकार के प्रधान विधान के प्रारूपण का कार्य करता है।

मिशन

सरकार को दक्ष और उत्तरदायी वादकारी बनानाः

विधि शिक्षा, विधि व्यवसाय और भारतीय विधि सेवा सहित विधिक सेवाओं में विस्तार, समावेशन और उत्कृष्टता लाने के लिए भारतीय विधि व्यवस्था में सुधार करना।

विधिक पेशेवरों के सृजन की एक प्रणाली विकसित करना ताकि वे न केवल भारत के बल्कि विश्वभर के अदालती और गैर अदालती क्षेत्रों की भावी चुनौतियों का सामना कर सकें, तथा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व और एक दृढ़ व्यावसायिक आचार नीति पर ध्यान केंद्रित करें। बारहवीं पंचवर्षीय योजना की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए मुकदमों की भारी संख्या (3.3 करोड़), उसके फलस्वरूप राजकोष पर या मानवशक्ति सहित संसाधनों पर बढ़ते हुए बोझ जैसी बाधाओं को देखते हुए तथा सरकारी प्राधिकारियों को व्यापक विवेकाधीन शक्तियां प्रदान करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए हमारे मिशन का लक्ष्य प्रशासनिक शक्ति के सुव्यवस्थित प्रवाह, विरोध के प्रबंधन, विधि का शासन लागू करने और सरकार के विभिन्न स्कंधों द्वारा निर्धारित किए गए उद्देश्यों की प्राप्ति में मदद देने के लिए एक उचित विधिक ढांचा तैयार करना है।

उद्देश्य

- मंत्रालयों और विभागों द्वारा भेजे गए मामलों पर विधिक सलाह/राय देकर और उनके विधायी प्रस्तावों की जांच करके उनके कार्य संचालन में सहायता देना और सुशासन को बढ़ाना।
- भारतीय विधि सेवा में सुधार करके उसे अधिक दक्ष, अनुक्रियाशील और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना।
- केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग के लिए एक वृहद ई–शासन प्रणाली विकसित करना और सूचना प्रौद्योगिकी के आधार पर विधि कार्य विभाग को नया रूप देना।
- मुकदमों को कम करना और विवाद समाधान के वैकल्पिक तरीकों द्वारा विवादों के समाधान को प्रोत्साहित करना।
- विधि व्यवसाय में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और विधि शिक्षा के क्षेत्र में नवीन युग के प्रवर्तन की रूपरेखा तैयार करना।
- विधिक सुधार करना।
- इस विभाग के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिनियमों, अर्थात अधिवक्ता अधिनियम, 1961, नोटरी अधिनियम, 1952, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 और अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001 को प्रभावी रूप से लागू करना।

अध्याय–1

विधि कार्य विभाग

1. कृत्य और संगठन

1.1 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अनुसार इस विभाग को निम्नलिखित कार्य–मदों का आबंटन किया गया है:––

1. विधिक मामलों में मंत्रालयों/विभागों को सलाह देना, जिसके अंतर्गत संविधान और विधियों का निर्वचन, हस्तांतरण–लेखन और उच्च न्यायालयों तथा अधीनस्थ न्यायालयों में उन मामलों में, जिनमें भारत संघ एक पक्षकार है, भारत संघ की ओर से उपसंजात होने के लिए काउंसेल नियोजित करना।

2. भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और राज्यों की बाबत केन्द्रीय सरकार के अन्य विधि अधिकारी, जिनकी सेवाओं का उपयोग भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा समान रूप से किया जाता है।

3. केन्द्रीय सरकार की ओर से और केन्द्रीय अभिकरण स्कीम में भाग लेने वाली राज्य सरकारों की ओर से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में मामलों का संचालन करना।

4. सिविल वादों में समनों की तामील, सिविल न्यायालयों की डिक्री के निष्पादन, भरण–पोषण के आदेशों के प्रवर्तन और भारत में मृत विदेशी व्यक्तियों की संपदाओं के प्रशासन के लिए विदेशों के साथ पारस्परिक प्रबंध।

5. भारत के संविधान के अनुच्छेद 299(1) के अधीन राष्ट्रपति की ओर से संविदाओं और संपत्ति के हस्तांतरण–पत्रों के निष्पादन के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके विरूद्ध किए गए वादों में वाद–पत्रों या लिखित कथनों पर हस्ताक्षर करने और उन्हें सत्यापित करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना।

6. भारतीय विधि सेवा।

7. सिविल विधि के मामलों में विदेशों के साथ संधि और करार करना।

8. विधि आयोग।

9. अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25) सहित विधि व्यवसाय और उच्च न्यायालयों के समक्ष विधि व्यवसाय करने के हकदार व्यक्ति।

10. उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता को बढ़ाना और उसे और अधिक शक्तियां प्रदान करना; उच्चतम न्यायालय के समक्ष विधि व्यवसाय करने के हकदार व्यक्ति; भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के अधीन उच्चतम न्यायालय को निर्देश।

11. नोटरी अधिनियम, 1952 (1952 का 53) का प्रशासन।

12. आयकर अपीलीय अधिकरण।

विभाग को निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन का कार्य भी आबंटित किया गया हैः—

(क) अधिवक्ता अधिनियम, 1961

(ख) नोटरी अधिनियम, 1952

(ग) अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001;

इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा वाणिज्यिक अधिनियम, 2015 और नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय केंद्र अध्यादेश, 2019 को भी प्रशासित किया जा रहा है।

1.2. यह विभाग आयकर अपीलीय अधिकरण और भारत के विधि आयोग का प्रशासनिक प्रभारी भी है। यह विभाग भारतीय विधि सेवा से संबंधित सभी विषयों से भी प्रशासनिक रूप से संबद्ध है। इसके अतिरिक्त, यह विधि अधिकारियों अर्थात भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और भारत के अपर महासालिसिटरों की नियुक्तियों से भी संबद्ध है। विधि के क्षेत्र में अध्ययन और शोध को बढ़ावा देने और विधि व्यवसाय में सुधार करने के लिए यह विभाग इन क्षेत्रों से जुड़े संगठनों जैसे कि भारतीय विधि संस्थान और भारतीय बार काउंसिल को सहायता अनुदान देता है।

2. संगठनात्मक ढांचा

विधि कार्य विभाग की व्यवस्था दो सोपानों में है, अर्थात् नई दिल्ली स्थित मुख्य सचिवालय और मुम्बई, कोलकाता, चेन्नै और बंगलूरु स्थित शाखा सचिवालय। कार्य की प्रकृति के हिसाब से इसके कार्यों को मोटे तौर पर दो क्षेत्रों में बांटा जा सकता है— सलाह कार्य और मुकदमा कार्य। विधि कार्य विभाग का संगठनात्मक चार्ट अनुबंध—I में दिया गया है।

(1) मुख्य सचिवालयः

(i) मुख्य सचिवालय में अधिकारियों की जो व्यवस्था है, उसके अन्तर्गत विधि सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार तथा विभिन्न स्तरों पर अन्य विधि सलाहकार हैं। विधिक सलाह देने और हस्तांतरण—लेखन से संबंधित कार्य को अधिकारियों के समूहों में विभाजित किया गया है। साधारणतः प्रत्येक समूह का प्रधान एक अपर सचिव या संयुक्त सचिव या संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार होता है, जिसकी सहायता के लिए विभिन्न स्तरों पर अन्य विधि सलाहकार होते हैं।

(ii) उच्चतम न्यायालय में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों और कुछ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की ओर से मुकदमा—कार्य का संचालन केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग करता है, जिसके प्रधान इस समय अपर सचिव रैंक के एक अधिकारी हैं और उनकी सहायता के लिए एक वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता, दो अपर सरकारी अधिवक्ता, दो उप सरकारी अधिवक्ता, तीन सहायक सरकारी अधिवक्ता, एक अवर सचिव, एक अनुभाग अधिकारी और अन्य कर्मचारी हैं।

(iii) दिल्ली उच्च न्यायालय और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान पीठ) में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से मुकदमों के संबंध में कार्रवाई मुकदमा (उच्च न्यायालय) अनुभाग करता है, जिसके प्रधान इस समय एक उप विधि सलाहकार हैं।

(iv) दिल्ली में अधीनस्थ न्यायालयों में मुकदमा संबंधी कार्य की देखभाल मुकदमा (निम्न न्यायालय) अनुभाग करता है, जिसके प्रधान इस समय एक सहायक विधि सलाहकार हैं।

(v) विभाग में एक विशेष प्रकोष्ठ अर्थात कार्यान्वयन प्रकोष्ठ है, जिसका कार्य विधि आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वियन तथा अधिवक्ता अधिनियम,1961 और अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2015 के प्रशासन से संबंधित कार्य करना है। यह विधि व्यवसाय से संबंधित कार्य भी देखता है। इस प्रकोष्ठ को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन समन्वय का कार्य भी सौंपा गया है।

(vi) संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार का एक–एक पद क्रमशः रेलवे बोर्ड और दूर–संचार विभाग में है और इन पदों के धारक उक्त कार्यालयों में ही बैठते हैं। वर्तमान में, एक उप विधि सलाहकार रेलवे बोर्ड में कार्य कर रहे हैं। एक सहायक विधि सलाहकार रक्षा मंत्रालय के अधीन सेना क्रय संगठन में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, रक्षा मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, एस0एफ0आई0ओ0, एन0टी0आर0ओ0 और केंद्रीय जांच ब्यूरो में विभिन्न स्तरों के कुछ पद, जैसे कि उप विधि सलाहकार और सहायक विधि सलाहकार भी हैं।

(2) भारतीय विधि सेवा का सृजन

समाज के विकास के साथ–साथ विधि व्ययवसाय में भी भारी बदलाव हुआ है। समाज की कानूनी जरूरतों को पूरा करने के लिए तथा न्याय की समुचित व्यवस्था के लिए कई प्रयास किए गए हैं। सरकार की आवश्यैकताओं को गुणात्म क रूप से पूरा करने के लिए वर्ष 1956 में केंद्रीय विधि सेवा (वर्तमान भारतीय विधि सेवा की पूर्ववर्ती सेवा) का गठन करना एक ऐसा ही प्रयास था। भारत सरकार ने भारतीय विधि सेवा नियम, 1957 के अधीन विधि और न्याय मंत्रालय में भारतीय विधि सेवा का सृजन किया। अपनी स्थापना के समय से ही भारतीय विधि सेवा के अधिकारी भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को महत्वपूर्ण मामलों में विधिक सलाह देने तथा संसद में पेश किए जाने वाले विधेयकों और अध्यादेशों के मसौदों को तैयार करने के कार्य में पूर्ण समर्पित भाव से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इस सेवा ने कई राज्यों को राज्यपाल, संसद के दोनों सदनों को महासचिव, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त, उच्च न्यायालयों को न्यायाधीश और विभिन्न अधिकरणों जैसे कि केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, आयकर अपीलीय अधिकरण तथा ऋण वसूली अधिकरण आदि को कई न्यायिक सदस्य और सूचना आयुक्त दिए हैं।

(3) भारतीय विधि सेवा की भूमिका

भारत सरकार का प्रधान विधिक अंग होने के नाते भारतीय विधि सेवा के अधिकारियों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना किया है और अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। डिजिटल क्रांति ने सूचना की साझेदारी की प्रक्रिया में परिवर्तन किया है और अर्थव्यवस्था में संपदा के सृजन के नए क्षेत्रों को उत्पन्नद्द किया है। इससे यह आवश्यक हो गया है कि भारतीय विधि सेवा के अधिकारी बढ़ती विधिक आवश्यककताओं को पूरा करने के लिए अपने विधिक कौशल को अद्यतन करें। सरकार के प्रधान विधि सलाहकार होने के नाते इस सेवा के अधिकारी सरकार के विभिन्न अंगों द्वारा की गई मांगों की पूर्ति के लिए शीघ्रता से कारगर ढंग से आगे आए हैं और वे सलाहकारी तथा प्रारूपण दोनों ही कार्यों में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

3. सलाह 'क' अनुभाग

सलाह "क" अनुभाग में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विभिन्न मुद्दों पर विधिक सलाह और दस्ता वेजों की विधीक्षा के लिए कुल 4234 निर्देश (विधि सचिव, अपर सचिवों और संयुक्तं सचिवों के

कार्यालयों से सलाह के लिए प्राप्त निर्देशों सहित) प्राप्त हुए, जिन पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई की गई और इस विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई विधिक सलाह को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेजा गया। इसके अतिरिक्त, इस विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय बैठकों और सम्मेलनों में भी भाग लिया।

2. विधिक सलाह देने के अलावा, इस अनुभाग ने माननीय मंत्री जी और इस विभाग के अधिकारियों को प्राप्त हुए निर्देशों और अन्य संसूचनाओं पर भी कार्रवाई की।

3. सलाह 'क' और 'ख' अनुभागों के सूचना का अधिकार आवेदनों से संबंधित 75 मामलों पर भी कार्रवाई की गई।

4. हस्तांतरण–लेखन से संबंधित 208 निर्देशों पर भी कार्रवाई की गई। इनमें कई मामले अंतरराष्ट्रीय करारों से संबंधित थे।

5. उपर्युक्त अवधि के दौरान, राज्य विधेयकों और अध्यादेशों से संबंधित मंत्रिमंडल के लिए 121 नोट और 82 निर्देश भी जांच के लिए प्राप्त हुए।

6. उपर्युक्त अवधि के दौरान, इस अनुभाग द्वारा कुल 20 लोक शिकायतों पर भी कार्रवाई की गई थी।

4. सलाह 'ख' अनुभाग

सलाह 'ख' अनुभाग को दिनांक 1.1.2018 से 31.3.2019 तक, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विभिन्न मुद्दों पर विधिक राय और दस्ता2वेजों की विधीक्षा के लिए कुल 5038 निर्देश प्राप्त हुए, जिन पर इस अनुभाग द्वारा तत्पदरतापूर्वक कार्रवाई की गई।

2. उपर्युक्तो अवधि के दौरान, 214 मंत्रिमंडल–नोट/विधायी प्रस्ताव, विधि अधिकारी द्वारा दी गई राय सहित 2272 विशेष अनुमति याचिकाएं (एसएलपी) और महान्यायवादी द्वारा दी गई लगभग 5 राय, महा सॉलिसिटर द्वारा 41 राय और अपर महासॉलिसिटर द्वारा दी गई 208 राय की विधिक तथा संवैधानिक दृष्टि से समीक्षा किए जाने के लिए प्राप्त हुई।

3. उपर्युक्त के अतिरिक्त, इस विभाग के अधिकारियों ने 249 राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय बैठकों और सम्मेलनों में भी भाग लिया।

4. विधिक सलाह देने के अलावा, इस अनुभाग ने माननीय मंत्री जी और इस विभाग के अधिकारियों को प्राप्ति हुए निर्देशों और अन्य संसूचनाओं पर भी कार्रवाई की।

5. इसके अतिरिक्त, सलाह 'क' और 'ख' अनुभागों से संबंधित संसद–प्रश्नों और आश्वासनों से संबंधित 08 (आठ) मामलों पर भी सलाह 'ख' द्वारा कार्रवाई की गई। वर्तमान में, इस अनुभाग में कोई संसद आश्वासन लम्बित नहीं है।

5. न्यायिक अनुभाग

1) विभिन्न न्यायालयों के समक्ष विधि अधिकारियों/पैनल कांउसेलों के माध्यम से केंद्र सरकार के मुकदमों का संचालन

क). दिनांक 1.1.2018 से 31.03.2019 की अवधि के दौरान, भारत के उच्चतम न्यायालय में भारत के अपर महासॉलिसिटर को भारत के महान्यायवादी के रूप में पदोन्नत किया गया तथा

भारत के उच्चतम न्यायालय में 04 नए अपर महासॉलिसिटरों को नियुक्त किया गया। दो नए अपर महासॉलिटरों को दिल्ली उच्च न्यायालय में तथा अन्यों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में नियुक्त किया गया। कोलकाता उच्च न्यायालय के अपर महासॉलिसिटर के कार्यकाल को बढ़ाया गया। इसके अलावा, पहले के तीन अपर महासॉलिसिटरों (दो भारत के उच्चतम न्यायालय से और एक दिल्ली उच्च न्यायालय से) के त्यागपत्र पर कार्रवाई की गई।

ख). उक्त अवधि के दौरान, छह नए भारत के सहायक महासॉलिसिटरों को जम्मू, बंगलुरु, धारवाड़ (कर्नाटक), एर्नाकुलम(केरल), इम्फाल (मणिपुर) उच्च न्यायालय के लिए और दो सहायक महासॉलिसिटरों को इंदौर (मध्यप्रदेश) उच्च न्यायालय के लिए नियुक्त किया गया। इसके अलावा, त्रिपुरा और मेघालय उच्च न्यायालय के दो सहायक महासालिसिटरों के कार्यकाल को बढ़ाया गया तथा जम्मू में जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय, बंगलुरु में कर्नाटक उच्च न्यायालय और एर्नाकुलम में केरल उच्च न्यायालय के तीन पूर्व सहायक महासॉलिसिटरों के त्यागपत्र पर भी कार्रवाई की गई।

ग). उक्त अवधि के दौरान, भारत के उच्चतम न्यायालय के लिए 674 नए पैनल काउंसिल सम्मिलित किए गए।

घ). उक्त अवधि के दौरान, दिल्ली में मध्यस्थों के समक्ष माध्यस्थम मामलों के संचालन हेतु 35 वरिष्ठ माध्यस्थम पैनल काउंसिल सम्मिलित किए गए।

ड.). उक्त अवधि के दौरान, देशभर के विभिन्न न्यायालयों/अधिकरणों के समझा केंद्र सरकार के मुकदमें संचालित करने के लिए एक बड़ी संख्या में अधिवक्ता सम्मिलित किए गए, इस संबंध में, राज्य–वार विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	काउंसेलों की सं. जिनका कार्यकाल बढ़ाया गया	विभिन्न श्रेणियों में सम्मिलित किए गए अधिवक्ताओं की कुल संख्या	कार्रवाई की गई त्यागपत्रों की संख्या
1.	दिल्ली	418	629	––
2.	उत्तर प्रदेश	453	179	03
3.	पश्चिम बंगाल	153	124	––
4.	महाराष्ट्र	12	411	––
5.	बिहार	59	06	––
6.	तेलंगाना	––	229	––
7.	आंध्रप्रदेश	––	79	––
8.	पंजाब और हरियाणा	134	156	01
9.	गुजरात	32	––	03
10.	हिमाचल प्रदेश	17	––	03

11.	छत्तीसगढ़	13	——	——
12.	असम	——	50	——
13.	नागालैंड	05	——	——
14.	मिजोरम	01	——	——
15.	अरूणाचल प्रदेश	03	——	——
16.	जम्मू और कश्मीर	40	63	01
17.	झारखंड	——	160	——
18.	कर्नाटक	64	01	01
19.	केरल	68	196	01
20.	मध्य प्रदेश	43	34	——
21.	तमिलनाडु	——	178	——
22.	मणिपुर	01	02	——
23.	मेघालय	02	——	01
24.	ओड़िसा	41	147	——
25.	राजस्थान	119	273	03
26.	त्रिपुरा	——	18	01
27.	उत्तराखंड	——	44	——
	कुल	1678	2979	18

च.) इस मंत्रालय के अनुमोदन हेतु कुछ विशेष मंत्रालयों/विभागों/बोर्डों को विशिष्ट प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिवक्ताओं के अलग पैनलों से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ऐसे प्रस्तावों से संबंधित ब्यौरा जो उक्त अवधि के दौरान अनुमोदित किए गए हैं, इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	**मंत्रालय/विभाग/बोर्ड का नाम**	**क्षेत्र/न्यायालय के लिए अनुमोदित**
1.	रेलवे	लखनऊ
2.	केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड	दिल्ली, बेंगलुरु, मुम्बई, नागपुर, नासिक, अमृतसर, बठिंडा
3.	केंद्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड	एक पैनल विभिन्न उच्च न्यायालयों के लिए और एक पैनल विशेष रूप से मुम्बई क्षेत्र के लिए
4.	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग	शिलांग, बेंगलुरु, गोवा
5.	प्रवर्तन निदेशालय	एक पैनल विभिन्न उच्च न्यायालयों के लिए और एक पैनल विशेष रूप से रायपुर (छत्तीसगढ़) क्षेत्र के लिए

छ). सामान्य या विशेष निबंधनों और शर्तों पर देश के विभिन्न न्यायालयों में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए भारत सरकार के कई मंत्रालयों/विभागों से विधि अधिकारी (अर्थात भारत के महान्यायवादी, भारत के महासॉलिसिटर और भारत के अपर महासॉलिसिटर), पैनल काउंसेल और निजी अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन/प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उक्त अवधि के दौरान ऐसे लगभग 160 प्रस्तावों पर कार्रवाई की गई है।

2) विभिन्न विषयों जैसे पैनल काउंसेल की नियुक्ति की अवधि, शुल्क सूची से संबंधित विषयों इत्यादि का स्पष्टीकरण

पैनल काउंसेल की नियुक्ति, उनकी शुल्क सूची इत्यादि के निबंधनों और शर्तों से संबंधित विभिन्न विषय समय–समय पर प्राप्त हुए हैं। उक्त अवधि के दौरान, ऐसे 120 स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं।

3) ऐसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थों और माध्यस्थम पैनल काउंसेलों की नियुक्ति/नामांकन करना, जिसमें एक पक्ष सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और दूसरा पक्ष सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम/निजी पक्षकार होता है:

अन्य पक्षकारों के साथ विभिन्न प्रकार के करारों पर विवाद से उद्भूत उनके माध्यस्थम मामलों में मध्यस्थों की नियुक्ति से संबंधित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम इत्यादि से आवेदन/प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उक्त अवधि के दौरान, ऐसे मामलों में कुल 19 मध्यस्थ नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, माध्यस्थम मामलों में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों का प्रतिनिधित्व करने के लिए माध्यस्थम पैनल काउंसेल की नियुक्ति से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। उक्त अवधि के दौरान, ऐसे आवेदनों के उत्तर में, लगभग 185 माध्यस्थम मामलों में माध्यस्थम पैनल काउंसेल नियुक्त किए गए हैं।

4) सिविल विधि के मामलों में विदेशों के साथ संधियां/करार करना:

(क) विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग, विदेशों के साथ पारस्परिक करार करने के लिए नोडल मंत्रालय है। उक्त अवधि के दौरान, ओमान और मोरक्को के साथ सिविल और वाणिज्यिक मामलों में पारस्परिक विधि सहायता संधि पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(ख) विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग ने अन्य देशों के साथ सिविल विधि के अधीन विधिक सहयोग पर विभिन्न करार किए हैं। उक्त अवधि के दौरान, मोरक्को, यूनाइटेड किंगडम और उज्बेकिस्तान के साथ तीन समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(i) मोरक्को: विधि और न्याय के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता–ज्ञापन।

(ii) यूनाइटेड किंगडम: विधि और न्याय के क्षेत्र में सहयोग और एक संयुक्त सलाहकार समिति की स्थापना करने पर समझौता ज्ञापन।

(iii) उज्बेकिस्तान: विधि और न्याय के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता–ज्ञापन।

5) समनों की तामील इत्यादि के संबंध में द्विपक्षीय संधियों (पारस्परिक विधिक सहायता संधियों/पारस्परिक प्रबंधों) और बहुपक्षीय संधियों (1965/1971 का हेग कन्वेंशन) से उद्भूत होने वाले अनुरोधों की जांच और उन पर कार्रवाई करना:–

विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग हेग कन्वेंशन, 1965 के अधीन सिविल और वाणिज्यिक

मामलों में न्यायिक और न्यायिकेतर दस्तावेजों की विदेशों में तामील के लिए केंद्रीय प्राधिकरण है। इस दायित्व के अधीन, लगभग 4000 अनुरोधों पर कार्रवाई की है।

6) सूचना का अधिकार संबंधी कार्यः—

उक्त अवधि के दौरान प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त लगभग 14 सूचना के अधिकार आवेदनों पर कार्रवाई की गई है। यह अनुभाग ऑनलाइन सूचना के अधिकार आवेदनों का भी निपटान करता है और उक्त अवधि के दौरान ऐसे 180 ऑनलाइन आवेदनों पर कार्रवाई की गई है।

(7) लोक शिकायतें:

उक्त अवधि के दौरान, प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त 10 लोक शिकायतें/अभ्यावेदन पर कार्रवाई की गई है। यह अनुभाग लोक शिकायत पोर्टल पर ऑनलाइन लोक शिकायत का भी निपटान करता है और उक्त अवधि के दौरान ऐसी 124 शिकायतों/अभ्यावेदनों का निपटान किया गया है।

6. नोटरी सेल

नोटरी सेल, नोटरी अधिनियम, 1952 और नियम, 1956 के तहत उसका प्रशासन करता है। नोटरी सेल देश में नोटरियों की नियुक्ति के लिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त निवेदनों/आवेदनों की जांच/संवीक्षा करने और नोटरियों की नियुक्ति से संबंधित कार्य करता है। यह सेल नोटरियों द्वारा किए गए वृत्तिक और अवचारों के आरोपों की जांच भी करता है। नोटरी सेल प्रत्येक 5 वर्ष में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए नोटरी के व्यवसाय के प्रमाणपत्रों का नवीकरण भी करता है। यह सेल नोटरी से आवेदन—पत्र प्राप्त होने पर और पर्याप्त कारण होने पर, उपयुक्त्ता मामलों में, व्यवसाय के क्षेत्र में विस्तार भी प्रदान करता है।

अब तक, लगभग 14,214 नोटरी केंद्र सरकार द्वारा देश के विभिन्ना भागों में नियुक्ति किए जा चुके हैं। हालाँकि, मई 2018 से, एक विशेष अभियान के रूप में, राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में उत्तर पूर्व (असम, मेघालय और त्रिपुरा), बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और पुदुचेरी, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, उतराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, महाराष्ट्र और गोवा में नोटरी पब्लिक के चयन के लिए 12 साक्षात्कार बोर्ड गठित किए गए थे। उपर्युक्त राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के संबंध में साक्षात्कार पहले ही पूरे हो चुके हैं और वर्ष 2018—19 के दौरान साक्षात्कार बोर्डों द्वारा 8960 उम्मीदवारों को नोटरी पब्लिक के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। अब तक, 4043 नियुक्ति पत्र भी जारी किए जा चुके हैं। इन राज्यों के लिए शेष नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया के साथ—साथ व्यवसाय के प्रमाण पत्र भी जारी किए जा रहे हैं। इसके अलावा, विचाराधीन अवधि के दौरान लगभग 3200 नोटरी प्रमाण पत्र नवीनीकृत किए गए हैं।

7. कार्यान्वयन प्रकोष्ठ

विधि आयोग की रिपोर्टे—प्रकाशन :— कार्यान्वयन सेल विधि आयोग की रिपोटों पर कार्रवाई करने, उन्हें संसद के समक्ष प्रस्तुत करने और रिपोर्टों को संबंधित मंत्रालयों/विभागों को जांच/कार्यान्ववयन के लिए अग्रेषित करने के लिए उत्तरदायी है। विधि आयोग के विचारार्थ विषयों के अनुसार, आयोग अपनी रिपोर्ट हिंदी और अंग्रेजी में संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुवत करने के लिए पर्याप्तक प्रतियों में प्रस्तुरत करता है। जैसे ही रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुति की जाती है, आयोग अपनी रिपोर्ट वेबसाइट के माध्यम से या अन्यथा भी उपलब्धह कराता है इसलिए विधि आयोग की रिपोर्टें प्रकाशित नहीं की जाती हैं। दिनांक

31.12.2018 तक भारत के विधि आयोग ने कुल 277 रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं जिनमें से 276 रिपोर्टें संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखी जा चुकी हैं। शेष रिपोर्टें उचित समय में संसद में रखी जाएंगी। दिनांक 31.12.2018 तक प्राप्त सभी रिपोर्टों को संबंधित मंत्रालयों/विभागों को जांच/कार्यान्वीयन अथवा उनकी ओर से अगली कार्रवाई के लिए उन्हेंट अग्रेषित किया गया है। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्यावय की विभाग संबंधित स्थारयी संसदीय समिति की सिफारिशों के अनुसरण में, कार्यान्वोयन सेल वर्ष 2005 से संसद के दोनों सदनों के समक्ष विधि आयोग की लंबित रिपोर्टों की स्थिशति दर्शाने वाला एक वार्षिक विवरण रखता आ रहा है। इस तरह का अंतिम विवरण (13वां विवरण) संसद के दोनों सदनों के पटल पर (दिनांक 03.01.2018 को लोक सभा में और दिनांक 05.01.2018 को राज्यव सभा में) रखा गया था।

विधिक शिक्षाः यह प्रकोष्ठं भारतीय बार काउंसिल के अलावा विधि शिक्षा में सुधार के लिए उत्तरदायी है।

संविधियों का प्रशासनः यह प्रकोष्ठ निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन से भी संबंधित हैः–

अधिवक्ता अधिनियम, 1961 :– अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (''अधिनियम'') विधि व्यवसायियों से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करने तथा राज्य स्तर पर बार काउंसिलों और एक अखिल भारतीय बार के गठन की व्यवस्था के लिए अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम अपनी धारा 29 के तहत केवल ऐसे अधिवक्ताओं की पहचान करता है, जो भारत में विधि व्यवसाय करने के हकदार हैं। अधिनियम की धारा 30, जो अधिवक्ताओं को व्यवसाय का अधिकार प्रदान करती है, जो प्रवृत्तक नहीं थी, दिनांक 15 जून, 2011 (दिनांक 09.06.2011 की अधिसूचना एस.ओ.1349(ई) के तहत) से लागू की गई थी।

अधिवक्ता. कल्याण निधि अधिनियम, 2001:– कनिष्ठ वकीलों के लिए वित्तीय सहायता और निर्धन अथवा विकलांग अधिवक्ताओं के लिए कल्याण योजनाओं के रूप में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सदैव विधिक बिरादरी का विचार का विषय रहा है। कुछ राज्यों ने इस विषय पर अपने विधान अधिनियमित किए हैं। संसद ने उन संध राज्य क्षेत्रों और राज्यों के लिए, जिनके पास उक्त विषय में अपनी अधिनियमितियां नहीं हैं, समुचित सरकार द्वारा 'अधिवक्ता कल्याण निधि' के सृजन के लिए 'अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001' अधिनियमित किया है। यह अधिनियम प्रत्येक अधिवक्ता के लिए किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्यघ प्राधिकरण में दायर वकालतनामे पर अपेक्षित मूल्य के स्टाम्प लगाने को अनिवार्य करता है। 'अधिवक्ता, कल्याण निधि स्टाम्पों के विक्रय के माध्य्म से एकत्रित धनराशि 'अधिवक्ता, कल्यालण कोष' का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। प्रैक्टिस करने वाला कोई भी अधिवक्ता आवेदन शुल्क और वार्षिक शुल्क का भुगतान कर के अधिवक्ता कल्याण निधि' का सदस्य बन सकता है। यह निधि समुचित सरकार द्वारा स्थापित न्यासी समिति में निहित और उसके द्वारा संघटित और उसके द्वारा प्रयुक्त रहेगी। इस निधि का प्रयोग अन्य बातों के साथ सदस्य की गंभीर स्वास्थ्य समस्या, प्रैक्टिस के बंद होने या किसी सदस्य की मृत्यु की दशा में उसके नामिती या कानूनी वारिस को एक नियत धनराशि के भुगतान करने, सदस्य और उसके आश्रितों की चिकित्सा और शैक्षिक सुविधाओं, अधिवक्ता ओं के लिए पुस्तकों की खरीद और सामान्य सुविधाओं के लिए उपयोग में लाई जाएगी।

8. सूचना का अधिकार (आरटीआई) सेल

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अधीन आरटीआई सेल, आरटीआई मामलों के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। आरटीआई सेल प्राप्त आरटीआई आवेदनों को संबंधित केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों/लोक प्राधिकारियों को अग्रेषित करता है। यह केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा प्राप्त

अपीलों/आदेशों पर अनुवर्ती कार्रवाई का समन्वय भी करता है। आरटीआई वेब पोर्टल पर भी ऑनलाइन प्राप्त सभी आरटीआई आवेदन/अपील संबंधित केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी/अपील प्राधिकारी को भेजी जाती है।

2. वर्तमान में, विधि कार्य विभाग में उप सचिव/अवर सचिव स्तर के 11 केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी हैं तथा अपर सचिव, संयुक्त सचिव और समतुल्य स्तर के 07 अपील प्राधिकारी हैं। दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक प्राप्त आरटीआई आवेदनों/अपीलों का विवरण निम्नानुसार हैः—

क्र.सं.	आरटीआई मामले	कुल (1.1.2018 से 31.03.2019)
1.	प्राप्त आर.टी.आई. आवेदन	934
2.	ऑनलाइन प्राप्त हुए कुल आवेदन	1785
3.	प्रथम अपील का निपटान	149
4.	माननीय केंद्रीय सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपीलें	36

9. पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग

पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग एक विशेषीकृत अनुसंधान एकक है जो विधि और न्याय मंत्रालय की विधि की पुस्तकों/जर्नलों/ऑनलाइन आईपी बेस सॉफ्टवेयर और अन्य अनुसंधान सामग्री की आवश्यकता की देखरेख करता है। यह अनुभाग माननीय विधि और न्याय मंत्री, विधि और न्याय राज्य मंत्री, विधि अधिकारियों और विधि कार्य विभाग और विधायी विभाग के भारतीय विधि सेवा अधिकारियों को संदर्भ और विधिक अनुसंधान की सेवाएं प्रदान करता है।

2. इस वर्ष के दौरान, पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग ने 428 (लगभग) पुस्तकें प्राप्त कीं।

3. पुस्त्कालय और अनुसंधान अनुभाग 16 भारतीय विधि जर्नलों, 2 विदेशी विधि जर्नलों को मंगाता है।

4. पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग ने इस मंत्रालय के अधिकारियों के प्रयोग के लिए निम्नलिखित ऑनलाइन सेवाएं/ निर्णय विधि, निर्णयों और आलेखों आदि की सीडी रॉम प्राप्त की हैः—

(क) एआईआर कॉम्प्रिजहेन्सिव सॉफ्टवेयर/डाटाबेस

(ख) एससीसी ऑनलाइन केसफाइंडर

(ग) एससीसी ऑनलाइन (आई.पी.) सर्विसेज

(घ) मनुपात्र ऑनलाइन (आई.पी.) सर्विसेज

(ड़) वेस्टऑ लॉ इंडिया ऑनलाइन (आई.पी.) सर्विसेज

(च) सी.एल.ए. ऑनलाइन(आई0पी0)सर्विसेज

10. विधि कार्य विभाग के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग

(1) विधि कार्य विभाग ने राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 में यथा अंतर्विनिर्दिष्ट संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रगामी

प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग द्वारा जारी विभिन्न अनुदेशों को कार्यान्वित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं: –

(क) राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10(4) के अधीन अधिसूचनाः

इस विभाग को राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के अधीन 21.3.1980 को अधिसूचित किया गया था। हिन्दी में प्रवीणता रखने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा "क" क्षेत्र और "ख" क्षेत्र में स्थित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों और गैर सरकारी व्क्तिरयों तथा केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजी जाने वाली सभी संसूचनाओं तथा हिन्दी में लिखित या हिन्दी में हस्ताक्षरित पत्रों आदि के उत्तर में, जिसके अंतर्गत कर्मचारियों से प्राप्त अपीलें और अभ्यावेदन आदि भी हैं, सभी संसूचनाओं के प्रारूप केवल हिन्दी में प्रस्तुत किए जाने के आदेश दिनांक 25.7.1989 को जारी किए गए थे। इस बाबत अनुदेशों का कड़ाई से पालन किए जाने के लिए प्रतिवर्ष पुनः जोर दिया जाता है।

(ख) हिन्दी दिवस/हिन्दी माह का आयोजनः

राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के प्रति कर्मचारियों में चेतना जगाने और शासकीय कार्य में हिन्दी का प्रयोग करने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की दृष्टि से विधि कार्य विभाग में दिनांक 14.9.2018 को ''हिन्दी दिवस'' मनाया गया। माननीय विधि और न्याय मंत्री, माननीय विधि और न्याय राज्य मंत्री, विधि सचिव और राजभाषा अधिकारी ने अपने–अपने संदेशों में विधि कार्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में हिंदी को अपनाने की अपील की। माननीय गृह मंत्री जी के संदेश को भी विभाग और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में परिचालित किया गया। इस संबंध में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए विभाग में 1.9.2018 से 30.9.2018 तक ''हिन्दी माह'' का आयोजन किया गया। इसे दो उद्देश्यों, अर्थात् (क) विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं को व्यापक रूप से प्रचारित करने, और (ख) हिन्दी में अधिकतम कार्य करने की दृष्टि से किया गया था। इस वर्ष हिन्दी माह के दौरान 6 प्रतियोगिताओं अर्थात् ''हिन्दी निबंध प्रतियोगिता,'' ''हिन्दी टंकण प्रतियोगिता'', "हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता," ''अनुवाद प्रतियोगिता'', "श्रुतलेख प्रतियोगिता" (समूह 'ग' कर्मचारियों और अवर श्रेणी लिपिकों व कोर्ट क्लर्कों के लिए) और "हिन्दी कामकाज प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभाग के 89 अधिकारियों/ कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें से 81 सफल प्रतियोगियों को कुल 86,500/–रु0 के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। विभाग के शाखा सचिवालयों और प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यालयों में भी हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और सफल प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

(ग) राजभाषा से संबंधित आदेशों के कार्यान्वयन के लिए जांच–बिंदुओं का सृजनः

राजभाषा से संबंधित आदेशों के कार्यान्वयन के लिए जांच–बिंदुओं का पुनर्विलोकन किया गया था और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 12 के अनुसार पर्याप्त संख्या में जांच–बिंदु (आठ) सृजित करने के लिए दिनांक 16.11.1994 को आदेश जारी किए गए थे। अनुभागों/कार्यालयों से प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्टों के माध्यम से इन जांच–बिन्दुओं की प्रभावकारिता को नियमित रूप से मानीटर किया जा रहा है।

(1) ऐसे अनुभागों/एककों में जहां कर्मचारिवृन्द हिन्दी में प्रवीण हैं, उनके दिन–प्रतिदिन के कार्य में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के अवकाश दिए जाने से संबंधित

कार्य हिंदी में किया जा रहा है। गृह निर्माण अग्रिम, सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम और प्रत्याहरण आदि से संबंधित कार्य हिंदी में किया जा रहा है और आदेश भी हिंदी में जारी किए जा रहे हैं।

(2) सभी सामान्य आदेश, अधिसूचनाएं, संकल्प और प्रशासनिक रिपोर्टें आदि अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में जारी की जाती हैं। हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर भी केवल हिंदी में दिया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस संबंध में सुसंगत नियमों का उल्लंघन न हो, कड़ी सतर्कता बरती जाती है। प्रत्येक तिमाही में आयोजित विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में स्थिति को मानीटर किया जा रहा है।

(3) विभिन्न अनुभागों द्वारा बार–बार प्रयोग में लाए जाने वाले पत्रों के मानक प्रारूपों के नमूनों को एकत्रित किया गया है और उनका हिंदी में अनुवाद किया जा रहा है। ताकि कर्मचारिवृन्द बिना किसी कठिनाई के उनका उपयोग कर सकें। विभाग के सभी फार्मों का भी हिंदी में अनुवाद किया जा रहा है। सेवा–पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां भी हिंदी में की जा रही हैं। सभी रबर स्टाम्पों, नाम पट्टिकाओं, संकेत पट्टों आदि को भी द्विभाषी रूप में तैयार किया जाता है।

(4) विभाग के सभी 247 कम्प्यूटर द्विभाषी हैं। विभाग के अनुभागों तथा अधिकारियों को दिए गए कम्प्यूटरों में हिन्दी में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध है।

(5) विभाग और उसके अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों को हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी/हिंदी आशुलिपि/ हिंदी टंकण का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है और प्रशिक्षण के उपरांत परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हें राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अनुदेशों के अनुसार, नकद पुरस्कार, वैयक्तिक वेतन/अग्रिम वेतनवृद्धि आदि प्रदान की जा रही है।

(6) गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के अनुदेशों तथा संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति को दिए गए आश्वासनों के अनुसरण में, राजभाषा से संबंधित सांविधिक उपबंधों के अनुपालन की समीक्षा करने तथा इस संबंध में आ रही कठिनाइयों के संबंध में विचार–विमर्श करने के लिए विभाग के अनुभागों, शाखा सचिवालयों और आयकर अपीलीय अधिकरण के पीठ आदि विभाग के प्रशासनिक नियत्रंणाधीन कार्यालयों के निरीक्षण के लिए विभाग में राजभाषा अधिकारी की अध्यक्षता में एक निरीक्षण दल गठित किया गया है।

(7) संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट के 9 भागों में की गई सिफारिशों पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए राष्ट्रपति के आदेश विभाग तथा उसके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यान्वित किए जा रहे हैं और इस बारे में प्रत्येक तिमाही में आयोजित होने वाली विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में स्थिति की समीक्षा की जा रही है।

(8) विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रुप से आयोजित की जाती हैं। विभाग के राजभाषा अधिकारी इसके अध्यक्ष हैं और उप सचिव (प्रशा0), सभी अवर सचिव और सभी अनुभाग प्रभारी तथा शाखा अधिकारी समिति के सदस्य हैं जबकि उप निदेशक (राजभाषा)/सहायक निदेशक (राजभाषा) इस समिति के सदस्य–सचिव हैं। समिति की बैठकों में तिमाही प्रगति रिपोर्ट और राजभाषा संबंधी आदेशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की जाती है। बैठक का कार्यवृत्त आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई के लिए परिचालित किया जाता है। समिति की पिछली बैठक दिनांक 27 मार्च, 2019 को हुई थी।

दिनांक 1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के दौरान, हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित ब्यौरा, जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण पहलू भी है, **अनुबंध–II** और **अनुबंध–III** में दिया गया है।

11. मुकदमा (उच्च न्यायालय)

भारत सरकार के रेल और आय–कर विभागों को छोड़कर, सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा संबंधी कार्य मुकदमा (उच्च न्यायालय) अनुभाग द्वारा किया जाता है। मुकदमा कार्य की देखरेख प्रभारी अधिकारी द्वारा अधीक्षक (विधि) और अन्य कर्मचारियों की सहायता से की जाती है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

(क) दिल्ली उच्च न्यायालय में संचालित मुकदमे सामान्यतः निम्नलिखित से संबद्ध होते हैं:–

भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के अधीन सिविल और दांडिक रिट याचिकाएं, विविध सिविल आवेदन, खंडपीठ अपीलें, कंपनी आवेदन, निष्पादन आवेदन और विविध दांडिक आवेदन।

(ख) दिल्ली उच्च न्यायालय के अलावा अन्य न्यायालयों में संचालित मुकदमे सामान्यतः निम्नलिखित से संबंधित होते हैं:–

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, औद्योगिक अधिकरण व श्रम न्यायालय, एन0सी0एल0टी0, एन0सी0एल0ए0टी0, अवैध गतिविधि (निवारण) अधिकरण, ऋण वसूली अधिकरण, ऋण वसूली अपील अधिकरण, आप्रवासी अपील समिति, विद्युत अपील अधिकरण, केन्द्रीय सूचना आयोग, जिला उपभोक्ता फोरम, राष्ट्रीय हरित अधिकरण आदि।

2. मुकदमा कार्य दो अनुभागों – मुकदमा (उ0न्या0) अनुभाग 'ए' और 'बी' द्वारा किया जाता है, जिनका पर्यवेक्षण अधीक्षक (विधि) द्वारा किया जाता है। अनुभाग 'ए' भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के अधीन रिट याचिकाओं, लेटर पेटेंट अपीलों और विविध याचिकाओं से संबंधित अग्रिम नोटिसों, जिनमें सामान्य प्रकृति के मामले भी शामिल हैं, के संबंध में कार्रवाई करता है। अनुभाग 'बी' माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में भारत संघ की ओर से दायर की गई रिट याचिकाओं और मूल/पुनरीक्षण याचिकाओं आदि के संबंध में कार्रवाई करता है। यह अनुभाग उपर्युक्त पैरा 1(ख) में उल्लिखित अन्य न्यायालयों/अधिकरणों से संबंधित मामलों में भी कार्रवाई करता है।

3. केन्द्रीय सरकार के मुकदमों का संचालन करने के लिए भारत के एक अपर महा–सालिसिटर, तीस स्थायी केंद्रीय सरकारी काउंसेल, 220 ज्येष्ठ काउंसेलों और 158 सरकारी प्लीडरों के पैनल हैं। सार्वजनिक महत्व के और विधि के जटिल प्रश्न वाले मामलों में विधि अधिकारियों में से किसी एक विधि अधिकारी, अर्थात् भारत के महान्यायवादी/भारत के महा–सालिसिटर/भारत के अपर महा–सालिसिटर को नियोजित किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमों में सरकार के हितों की रक्षा करने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों और काउंसेलों से निकट संपर्क बनाए रखा जाता है। उप विधि सलाहकार और अन्य अधिकारी मामलों की प्रगति के प्रत्येक प्रक्रम पर कड़ी निगरानी रखते हैं।

4. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान इस एकक ने लगभग 3500 फीस बिल के लगभग 1,35,72,415/– रुपए के वेतन का भुगतान किया है। इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2018–19 के बजट अनुमान में इस एकक को 7 करोड़ रु. आबंटित किए गए थे। दिनांक 01.04.2018 से 31.

03.2019 की अवधि के दौरान इस एकक ने आबंटित 7 करोड़ रुपए का पूरा उपयोग किया और संबंधित विधि अधिकारियों तथा सरकारी काउंसेलों से संबंधित लगभग 7500 वृत्तिरक फीस बिलों का भुगतान किया गया।

5. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 की अवधि के दौरान, मुकदमा (उच्च न्यायालय) अनुभाग ने दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमों के संचालन के लिए 9411 मामलों में विधि अधिकारी और सरकारी काउंसेल नियोजित किए। मामलों की प्राप्ति और सरकारी काउंसेलों के नियोजन का अनुभागवार ब्यौरा निम्नलिखित है:—

मुकदमा उच्च न्यायालय अनुभाग

अनुभाग	दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक प्राप्त मामलों की संख्या
ए	8642
बी	769
कुल	9411

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ), दिल्ली में मुकदमा—कार्य

6. मुकदमा केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) दिल्लीा प्रकोष्ठ भारत संघ के मंत्रालयों और विभागों से संबंधित मामलों / मुकदमों की देखरेख करता है और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यालयपीठ), नई दिल्ली में भारत संघ के मंत्रालयों/विभागों के हितों का बचाव करने के लिए अनुमोदित पैनल में से काउंसेल नामनिर्दिष्ट करता है।

7. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान, मुकदमा केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) प्रकोष्ठ ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) में मुकदमों के संचालन के लिए 2482 मामलों में सरकारी काउंसेल नियोजित किए। मामलों की प्राप्ति का ब्यौरा निम्नलिखित है:—

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ), दिल्ली में मुकदमा—कार्य

अनुभाग	दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक प्राप्त मामले	योग
केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) प्रकोष्ठ	2482	2482

12. मुकदमा (निम्न न्यायालय) अनुभाग, तीस हजारी दिल्ली

मुकदमा (निम्न न्यायालय) अनुभाग, तीस हजारी दिल्ली/ नई दिल्ली में रेल और आय—कर विभाग को छोड़कर भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से जिला न्यायालयों/उपभोक्ता फोरमों/अधिकरणों में मुकदमा कार्य का संचालन मुकदमा (निम्न न्यायालय) अनुभाग द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त न्यायालयों/अधिकरणों में मुकदमा कार्य की देखभाल इस अनुभाग के प्रभारी सहायक विधि सलाहकार द्वारा एक अधीक्षक (विधि)/ सहायक (विधि) की सहायता से की जाती है। अधीक्षक विधि का पद सितम्बर, 2016 से आज की तारीख तक रिक्त है।

2. यहां वरिष्ठ पैनल काउंसेलों और अपर केंद्रीय सरकारी काउंसेलों का एक पैनल बनाया गया है, जिनको भारत संघ अर्थात भारत सरकार की ओर से मामले के संचालन हेतु नामनिर्दिष्ट किया जाता है। संबद्ध मंत्रालय/विभाग से अनुरोध प्राप्त होने पर न्यायालय में उनकी ओर से पेश होने के लिए उपयुक्त काउंसेल नियोजित किए जाने के लिए कार्रवाई की जाती है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान इस अनुभाग ने 939 मामलों में काउंसेल नियोजित किए। जिला न्यायालयों/उपभोक्ता फोरमों/अधिकरणों में सरकार के हित की रक्षा के लिए विभिन्न विभागों/सरकारी काउंसेलों के साथ हर समय निकट संपर्क बनाए रखा जाता है।

3. मामलों के दौरान सरकारी काउंसेल एक निर्धारित प्रपत्र में अपना फीस बिल प्रस्तुोत करता है। फीस के बिलों को प्रमाणित करने और विहित दरों पर संदाय करने से पूर्व, उनकी नियुक्ति के निबंधनों और शर्तों को ध्यान में रखते हुए संवीक्षा की जाती है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान इस एकक में सरकारी काउंसेल/वरिष्ठ्र पैनल काउंसेलों से वृत्तिक फीस के 803 बिल प्राप्त हुए। वित्त वर्ष 2018–19 में इस एकक को 1 करोड़ रुपए का बजट आबंटित किया गया।इस राशि में से 9,99,380 रुपए की राशि का सरकारी काउंसेल/वरिष्टट पैनल काउंसेलों को भुगतान किया गया है।

4. न्यायपालिका में, विशेष तौर पर जिला न्यायालयों / अधीनस्थ न्यायालयों में सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के साथ सामंजस्य रखने के लिए और मुकदमा (निम्न न्यायालय) अनुभाग के प्रभावी कार्यकरण को सुनिश्चित करने के लिए इस अनुभाग के कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव मुकदमा (निम्न न्यायालय) अनुभाग के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (रा0सू0के0) द्वारा किए गए प्रणाली अध्ययन की रिपोर्ट के साथ सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया है।

5. इस अनुभाग के प्रभारी शाखा अधिकारी सहायक विधि सलाहकार को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के रूप में भी पदाभिहित किया गया है।

13. केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग

केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग की स्थापना वर्ष 1950 में की गई थी। यह अनुभाग केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से तथा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र, संघ राज्य क्षेत्रों, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के कार्यालय तथा उसके अधीन सभी क्षेत्रीय कार्यालयों की ओर से माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष मुकदमा कार्य के संचालन के लिए जिम्मेदार है। उच्चतम न्यायालय में भारत संघ की ओर से विशेष अनुमति याचिकाएं/कुछ मामलों में अपीलें, फाइल करने की व्यवहार्यता के बारे में विधि अधिकारियों की राय प्राप्त करने के पश्चात केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग के माध्यम से फाइल की जाती हैं। इस समय इस कार्यालय का कार्य एक अपर सचिव देखते हैं; जिन्हें कार्यालय का प्रभारी घोषित किया गया है और विभागाध्यक्ष की शक्तियां प्रदान की गई हैं। उनकी सहायता के लिए 7 सरकारी अधिवक्ता और 2 परामर्शदाता (अभिलेख अधिवक्ता) हैं। 671 सरकारी पैनल काउंसेल हैं। केन्द्रींय अभिकरण अनुभाग उच्चतम न्यायालय परिसर, नई दिल्ली से कार्य करता है।

केंद्रीय अभिकरण अनुभाग के कार्य निम्नलिखित से संबंधित हैं :

- भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों से महान्यायवादी, महासॉलिसिटर और अपर महॉसालिसिटरों की राय के लिए विधि कार्य विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय के माध्यम से प्राप्त निर्देश।

- विभिन्न मामलों के लिए विधि अधिकारियों /पैनल काउंसेलों को नियोजित करना।
- भारत संघ/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक तथा संघ राज्य क्षेत्रों की ओर से भारत के उच्चतम न्यायालय में मुकदमों का संचालन और पर्यवेक्षण।
- रिकार्ड का पर्यवेक्षण, विधि अधिकारियों, पैनल काउंसेलों, कंप्यूटर टाइपिस्टों और फोटोकॉपी मशीन ऑपरेटरों के फीस बिलों का भुगतान करना।

2. केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग के सरकारी अधिवक्ताओं को उच्चतम न्यायालय के अभिलेख अधिवक्ताऑ की अर्हता की आवश्यकता है। ये अधिवक्ता भारत संघ, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक तथा संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित मामलों में उच्चतम न्यायालय के नियमों के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के समक्ष उपसंजात होते हैं।

3. केंद्रीय अभिकरण अनुभाग के कंप्यूटरीकृत रिकार्ड के अनुसार, दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 के दौरान, केंद्रीय अभिकरण अनुभाग को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक और संघ राज्य क्षेत्रों से 6704 नए मामले प्राप्त हुए जिनमें भारत संघ या संघ राज्य क्षेत्र या तो याचिकाकर्ता या प्रतिवादी थे।

14. शाखा सचिवालय, कोलकाता

दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान दिनांक 18.06.2018 तक एक अपर सरकारी अधिवक्ता तथा दिनांक 19.06.2018 से आज की तारीख तक दूसरे अपर सरकारी अधिवक्ता शाखा सचिवालय, कोलकाता के प्रमुख/समग्र प्रभारी हैं। इस शाखा सचिवालय में आठ खंड हैं, अर्थात् सलाह, प्रशासन, रोकड़ और लेखा, हिंदी, काउंसेल फीस बिल, मुकदमा, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण/ निचला न्यायालय और प्राप्ति व निर्गम अनुभाग। इसके अतिरिक्त, इस शाखा सचिवालय में एक पुस्तकालय है, जिसमें 10260 से अधिक पुस्तकें हैं। जो एक सहायक विधि सलाहकार के पर्यवेक्षण में है।

2. शाखा सचिवालय, कोलकाता का मुकदमा खंड कलकत्ता उच्च न्यायालय में आरंभिक और अपीलीय, दोनों शाखाओं में सभी मुकदमों की देखरेख करता है। यह शाखा सचिवालय 12 राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र के उच्च न्यायालयों, पोर्ट ब्लेयर स्थिरत सर्किट बेंच और अधिकरणों, जिला फोरमों, राज्य आयोगों और निम्न न्यायालयों में भारत संघ के मुकदमा कार्य की देखरेख कर रहा है। यह शाखा सचिवालय केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कोलकाता पीठ और उसके कटक, गुवाहाटी, पटना के अन्य पीठों तथा अंदमान निकोबार द्वीप समूह के सर्किट पीठों, सीजीआईटी, माध्यस्थम, एनजीटी, एनसीएलटी में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों को भी देखता है। संबंधित मंत्रालयों / विभागों से विशेष अनुरोध प्राप्त होने पर विभिन्न अधिकरणों जैसे कि एनजीटी, सीईएसटीएटी, आईटीएटी, राज्य उपभोक्ता फोरम और डीआरएटी, डीआरटी, उपभोक्ता फोरम, निम्न न्यायालय आदि के समक्ष तथा माध्यस्थमों के समक्ष माध्यस्थम मामलों में पैनल काउंसेल भी नियुक्ति किए जाते हैं।

3. इस शाखा सचिवालय का सलाह खंड आय–कर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय सहित केंद्रीय सरकार के अन्य सभी मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों को, जिनके कार्यालय पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, बिहार, झारखंड, ओडिशा, त्रिपुरा, मिजोरम और सिक्किम तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य

क्षेत्र में स्थित हैं और पूर्वी क्षेत्र से बाहर के उन स्वायत्ता निकायों जिनके मुख्यालय कोलकाता में हैं (अर्थात आर्डिनेंस फैक्टरी बोर्ड) को भी संबंधित विभागों/मंत्रालयों से निर्देश प्राप्त होने पर विधिक सलाह देता है और उनके मुकदमा कार्य का संचालन करता है।

4. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 के दौरान, सलाह खंड के प्रमुख अपर सरकारी अधिवक्ता हैं। मार्च, 2019 तक सलाह खंड में केंद्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से सलाह के लिए कुल 1529 निर्देश प्राप्त हुए। यह शाखा सचिवालय विभिन्नी न्यायालयों और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में दाखिल किए जाने वाले करारों/संविदाओं की विधीक्षा भी करता है।

5. मुकदमा खंड में, सरकारी अधिवक्ता, जो नियमित कर्मचारी होते हैं, सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश ग्गटप्प के नियम 8 ख (क) के अर्थ में अभिलेख–अधिवक्ता और सरकारी अभिवक्तां के तौर पर कार्य करते हैं और इस उद्देश्य के लिए नियोजित किए गए पैनल काउंसेल के माध्यम से मामले पर सुनवाई/बहस करवाते हैं।

6. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान एक अपर सरकारी अधिवक्ता और तीन कनिष्ठद केंद्रीय सरकारी अधिवक्ताओं ने भारत संघ की ओर से कलकत्ता उच्च न्यायालय में अभिलेख अधिवक्ता के तौर पर कार्य किया और वे न्यायालय में सरकारी प्लींडर के तौर पर भी उपस्थित हुए। सलाह और मुकदमा कार्य की देखरेख के लिए एक उप विधि सलाहकार और दो सहायक विधि सलाहकारों (एक विधि सलाहकार एक जनवरी, 2019 तक) को भी तैनात किया गया है।

7. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक शाखा सचिवालय, कोलकाता के मुकदमा प्रभाग द्वारा प्राप्त उच्च न्यायालय के मामलों की कुल संख्या 3479 है और उक्त अवधि के दौरान निपटाए गए मामलों की संख्या 4491 है। इसी प्रकार, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कलकत्ता पीठ में दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान सेवा संबंधी मामलों में काउंसेलों के नियोजन हेतु प्राप्त मामलों की संख्याम 772 है। दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान माध्य्स्थम मामलों सहित निपटाए गए निचले न्यायालयों और एनसीएलटी के मामलों की संख्या, 609 है।

8. शाखा सचिवालय, कोलकाता में आरटीआई मामलों को देखने के लिए अपील प्राधिकारी (अपर सरकारी अधिवक्ता), केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी और केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी हैं। दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान, कुल 27 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें निर्धारित समय के भीतर विधिवत निपटा दिया गया।

9. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान, पैनल काउंसेलों द्वारा प्रस्तुति किए गए वृत्तिक फीस बिल के दावों पर शीघ्रता से कार्रवाई की गई और काउंसेलों की वृत्तिक फीस के संदाय के लिए 3,00,00,000/– रुपए (तीन करोड़ रु0) के स्वीकृत बजट प्राक्कलन में से मार्च, 2019 तक कलकत्ता उच्च न्यायालय से संबंधित मामलों के लिए 2,99,94381/– रुपए (दो करोड़ निन्यानवे लाख चौरानवे हजार तीन सौ इक्यासी रूपये केवल) का भुगतान किया गया है।

10. इस शाखा सचिवालय में राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिंदी अनुभाग है, जो सहायक विधि सलाहकार के पर्यवेक्षण में एक कनिष्ठे हिंदी अनुवादक की सहायता से कार्य कर रहा है। प्रत्येक शुक्रवार को 'हिंदी 'दिवस' के रूप में मनाए जाने का निश्चय किया गया है। जनवरी, 2018 से मार्च, 2019 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों और हिंदी कार्यशालाओं

का नियमित रूप से आयोजन किया गया है। केन्द्रीय हिंदी शिक्षण योजना के अधीन दो कर्मचारियों को हिंदी प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया है। संदर्भ सामग्री तैयार की गई है और इसे हिंदी में कार्य करने के लिए अनुभागों में वितरित किया गया है। इस शाखा सचिवालय में सितंबर, 2018 में पूरे उत्सामह के साथ 'हिंदी पखवाड़ा' मनाया गया, जिसके दौरान 8 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कार के साथ–साथ प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। अपेक्षित रिपोर्टें नियमित आधार पर निर्धारित प्रपत्र में मुख्य सचिवालय को भेजी जाती हैं। ''स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह हिंदी में आयोजित किया गया। शाखा सचिवालय कोलकाता की टेलीफोन डाइरेक्टेरी, विभिन्न मोहरें, अर्जित अवकाश, अर्धवेतन अवकाश और प्रतिपूरक अवकाश के प्रपत्रों को द्विभाषी बनाया गया है।'' 54वीं कोलकाता नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति में शाखा सचिवालय कोलकाता को हिंदी के कार्यान्वयन में सराहनीय कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।

11. शाखा सचिवालय, कोलकाता में एन.आई.सी. द्वारा उपलब्ध विभिन्न सॉफ्टवेयरों का प्रयोग कर विभिन्न लेखा और बजट संबंधी कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है। साथ ही, यहां एन.आई.सी. द्वारा विकसित पी.एफ.एम.एस. पोर्टल आधारित भुगतान प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है। कर्मचारियों, सरकारी काउंसेलों और अन्य. सेवा प्रदाताओं को ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। इसके साथ–साथ, स्रोत पर काटे गए आयकर के तिमाही रिटर्न को इलैक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में तैयार किया जा रहा है और फ्लॉपियों/सीडी के रूप में टी.आई.एन. सूचना सुविधा केंद्र के द्वारा आयकर विभाग को प्रस्तुत किया जा रहा है। आयकर प्राधिकरण द्वारा एक नए फॉर्मेट अर्थात् फॉर्म 24–जी शुरु किया गया है जिसे स्रोत पर कर काटे जाने के अगले महीने की 10 तारीख तक इस कार्यालय द्वारा भर कर इलैक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में जमा किया जाना होता है। वेतन और लेखा कार्यालय को आवधिक रिपोर्ट सीधे ऑनलाइन भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त सरकारी क्वार्टरों की लाइसेंस फीस के भुगतान की जानकारी भी सरकारी लेखा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सम्पदा निदेशालय को ऑनलाइन भेजनी होती है। वस्तुओं और स्टेशनरी की प्राप्ति के लिए सरकार की ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://gem.gov.in का अत्यधिक प्रयोग हो रहा है। पेंशन के नए मामलों को 'भविष्य' ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निपटाया जा रहा है।

12. शाखा सचिवालय, कोलकाता के शाखा सचिवालय, कोलकाता के प्रत्येक अनुभाग अधिकारी के कक्ष में लोकल एरिया नेटवर्क मुहैया कराया गया है। अब शाखा सचिवालय कोलकाता के लगभग सभी कंप्यूटरों में इंटरनेट सुविधा है। राष्ट्रीय सूचना केंद्र से एक 'लीज़्ड लाइन' ई–ऑफिस के कार्यान्वयन के लिए प्राप्त की गई है।

13. सहायक विधि सलाहकार के पर्यवेक्षण में, शाखा सचिवालय, कोलकाता पुस्तकालय में 10,260 से ज्यादा पुस्तकें और जर्नल हैं। यह मुकदमा कार्य और सलाह के लिए बहुत मददगार है। काउंसेलों द्वारा मुकदमों के संचालन के लिए इन जर्नलों/ पुस्तकों का उपयोग किया जा रहा है। इस शाखा सचिवालय द्वारा ऑनलाइन विधि जर्नल 'मनुपात्र' और एससीसी ऑनलाइन की सुविधा भी मुहैया कराई गई है।

14. शाखा सचिवालय, कोलकाता के कर्मचारियों के लिए एक बायोमीट्रिक हाजिरी व्यवस्था दिनांक 12 अप्रैल, 2011 से शुरु है। इसके अलावा, आधार आधारित बायोमीट्रिक हाजिरी व्यवस्था भी इस शाखा सचिवालय में सफलतापूर्वक शुरु की गई है।

15. शाखा सचिवालय कोलकाता में एन.आई.सी. द्वारा विकसित 'लिम्सल' सॉफ्टवेयर को भी प्रयोग में लाया जा रहा है। मुकदमा अनुभाग द्वारा विधि मंत्रालय से संबंधित मामलों को विधिवत अद्यतन किया जाता है। यह साफ्टवेयर मुकदमों को मॉनीटर करने में और मुकदमेबाजी की लागत कम करने में बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि कागजी कार्य को कम करने व मुकदमों के संचालन को सुचारू रूप से चलाने के लिए शाखा सचिवालय, कोलकाता ने उच्च न्यायालयों से संबंधित वर्ष 2005 के और उसके बाद के मामलों की सूची को विभिन्नि अनुभागों में उपलब्ध कंप्यूयटरों में डाला है।

16. शाखा सचिवालय, कोलकाता में दिनांक 21 जून, 2018 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।

17. शाखा सचिवालय, कोलकाता की पिछली लेखा–परीक्षा लेखा परीक्षा महानिदेशकः केन्द्रीय, कोलकाता के कार्यालय के लेखा–परीक्षा दल द्वारा दिनांक 13.04.2018 से 23.04.2018 तक की गई थी। लेखा–परीक्षा दल द्वारा लेखों के आवधिक निरीक्षण के क्रम में छः लेखा आपत्तियां की गई थीं। इस संबंध में कार्रवाई की जा चुकी है और आपत्तियों की स्थिति का सत्यापन अगली लेखा–परीक्षा द्वारा किया जाएगा।

18. शाखा सचिवालय, कोलकाता में 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता अभियान एक नियमित प्रकिया के तौर पर चल रहा है। 'स्वच्छता अभियान के पर्यवेक्षण तथा पुराने अभिलेखों की छंटाई करने के लिए सहायक विधि सलाहकार की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। दिनांक 1 से 15 अप्रैल, 2018 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया गया। शाखा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के सतत प्रयासों के कारण इस शाखा सचिवालय को स्वच्छ और सुंदर रूप मिला है। शाखा सचिवालय, कोलकाता में 2 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं।

दिनांक 01.04.2016 से 31.03.2018 तक की अवधि के लिए विधि कार्य विभाग, शाखा सचिवालय, कोलकाता की लेखा का लेखा–परीक्षा।

क्रम सं.	ब्यौरा	स्थिति
1.	लिम्स् के कार्यान्व1यन का पर्यवेक्षण	अनुवर्ती कार्रवाई का अगली लेखा–परीक्षा द्वारा सत्यापन किया जाएगा।
2.	सुरक्षा सेवाओं की निविदाओं में अनियमितता	तदैव
3.	सेवाओं के आउटसोर्सिंग पर पर्यवेक्षण	"
4.	संपत्ति के रखरखाव पर पर्यवेक्षण	"
5.	0.33 लाख की राशि का स्वयं/व्यवस्था द्वारा/निजी वाहनों द्वारा यात्रा के लिए भुगतान में अनियमितता	"
6.	0.06 लाख राशि की लाइसेंस शुल्क की कम कटौती	"

15. शाखा सचिवालय, बेंगलूरू

शाखा सचिवालय, बेंगलूरू की अधिकारिता के अंतर्गत कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के मुकदमों का संचालन करना और उन्हें सलाह देना है। शाखा सचिवालय, बेंगलूरू के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं।

सलाह : शाखा सचिवालय, बंगलूरू, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के सभी विभागों और कार्यालयों को विधिक सलाह देता है। वर्ष 2018–2019 के दौरान सलाह के लिए 741 निर्देश प्राप्त हुए और उन सभी का निपटान कर दिया गया। सलाह कार्य में, उच्च न्यायालयों, अर्थात् कर्नाटक उच्च न्यायालय, बेंगलूरू तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के धारवाड़ और गुलबर्ग स्थित सर्किट पीठों तथा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अमरावती/हैदराबाद स्थिति तेलंगाना राज्य के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष फाइल किए जाने वाले अभिवचनों, अर्थात् आक्षेपों के विवरणों, प्रति शपथपत्रों, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के समक्ष फाइल किए जाने वाले उत्तर के विवरणों, जिला न्यायालयों, अधीनस्थ न्यायालयों तथा विभिन्न अन्य अधिकरणों के समक्ष फाइल किए जाने वाले लिखित विवरणों, प्रति–शपथपत्रों, प्रति–विवरणों और उनके विभिन्न पाठों की जांच और उनकी विधीक्षा करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, विशेष अनुमति याचिका, अपील, पुनर्विलोकन आदि फाइल करने की व्यावहार्यता की जांच करना, विभागों को, उनकी कार्रवाइयों की कानूनी मजबूती के संबंध में मार्गदर्शन करते हुए विधियों का निर्वचन करना और जब कभी आवश्यक हो, प्रशासनिक विभागों के साथ विचार–विमर्श करना आदि कार्य किए जाते हैं।

मुकदमा कार्यः यह शाखा सचिवालय, कर्नाटक उच्च न्यायालय, बंगलूरू में और उसके धारवाड़ व गुलबर्ग स्थित सर्किट पीठों में और आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अमरावती/हैदराबाद स्थित तेलंगाना राज्य के लिए उच्च न्यायालय तथा बेंगलूरू नगर और हैदराबाद व सिकन्दराबाद में अधीनस्थ न्यायालयों और दोनों राज्यों के केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में केंद्रीय सरकार के विभागों और कार्यालयों के संपूर्ण मुकदमा संबंधी कार्य का पर्यवेक्षण करता है। यह शाखा सचिवालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरमों और राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोगों, केंद्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण और ऋण वसूली अधिकरण में सरकारी मुकदमों का कार्य भी देखता है। वर्ष 2018–19 के दौरान मुकदमों से संबंधित लगभग 5212 मामले प्राप्त हुए, जिनमें काउंसेलों के नामनिर्देशन, काउंसेलों के फीस बिल और मुकदमों से संबंधित सामान्य पत्राचार शामिल है। इस संबंध में शाखा सचिवालय द्वारा किए गए कार्यों में काउंसेलों की नियुक्ति/नामनिर्देशन करना तथा उनके बीच मुकदमों का वितरण करना शामिल है।

काउंसेलों के फीस के बिलः यह शाखा सचिवालय काउंसेलों के फीस के बिलों पर स्वयं कार्रवाई करता है और कर्नाटक उच्च न्यायालय, बंगलूरू में भारत के सहायक महासालिसिटर और केंद्रीय सरकारी काउंसेल को अपनी केंद्रीकृत निधि से सीधे फीस का भुगतान करता है। वर्ष 2018–19 के दौरान कुल 497 फीस के बिल प्राप्त हुए। जहां तक कर्नाटक उच्च न्यायालय के धारवाड़ और गुलबर्ग के सर्किट पीठों का संबंध है, काउंसेल की फीस शाखा सचिवालय, बेंगलूरू द्वारा नहीं बल्कि उस विभाग द्वारा वहन की जाती है, जिसकी ओर से मुकदमे का संचालन किया जाता है। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में केंद्रीय सरकारी पैनल कांउसेलों की फीस का भुगतान संबंधित विभाग करते हैं। अतः यह शाखा सचिवालय काउंसेलों की फीस के बिलों को प्रमाणित नहीं कर रहा है। तथापि, इस संबंध में जब भी कोई अनुरोध प्राप्त होता है, तो इस मंत्रालय द्वारा उसका स्पष्टीकरण किया जाता है।

भारत के अपर महासालिसिटर का कार्यालय

भारत सरकार ने श्री के.एम. नटराज, वरिष्ठ अधिवक्ता और श्री प्रभुलिंग के. नवादगी, वरिष्ठ अधिवक्ता को दिनांक 8 अप्रैल, 2015 से तीन वर्ष की अवधि के लिए क्रमशः दक्षिणी जोन के लिए और कर्नाटक उच्च न्यायालय में भारत के अपर महासालिसिटर के पद पर नियुक्त किया है, उनकी सेवाएं अगले तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाई गई थी, तथापि श्री के.एम. नटराजन को दिनांक 14.01.2019 को भारत के उच्चतम न्यायालय में भारत के अपर महासालिसिटर के पद पर नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा, शाखा सचिवालय, बेंगलूरू में विभिन्न सप्ताह/पखवाड़ा/दिवस का आयोजन किया गया है जो इस प्रकार है :–

स्वच्छ भारत मिशन

सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को सम्मिनलित करते हुए यथोचित तरीके से दिनांक 01.04.2018 से 15.04.2018 तक की अवधि के दौरान स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 21.06.2018 को यथोचित तरीके से चौथे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

''भ्रष्टाचार उन्मूलन – एक नए भारत का निर्माण'' विषय पर दिनांक 29 अक्तूबर, 2018 से 3 नवम्बयर, 2018 तक यथोचित तरीके से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

उपर्युक्त के अलावा, उप विधि सलाहकार एवं प्रभारी को पोस्ट मास्टर जनरल, दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र द्वारा आयोजित सर्तकता जागरूकता सप्ताह के दौरान एक सत्र के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। उन्होंने मुख्य अतिथि के तौर पर सत्र में भाग लिया और दिनांक 02.11.2018 को ''भ्रष्टाचार उन्मूलन – एक नए भारत का निर्माण'' विषय पर व्याख्यान दिया।

नोटरी साक्षात्कार शाखा सचिवालय ने दिनांक 08.10.2018 से 20.10.2018 तक मुख्य सचिवालय के अधिकारियों के साथ इस कार्यालय में कर्नाटक, केरल राज्य और संघ शासित प्रदेश लक्षद्वीप के लिए नोटरियों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का संचालन किया।

कार्यालयी दौरे

(i) उप विधि सलाहकार एवं प्रभारी ने हैदराबाद उच्च न्यायालय के समक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लंबित मामलों की समीक्षा करने के लिए दिनांक 22.09.2018 को हैदराबाद में केन्द्रीय विधि सचिव द्वारा संचालित एक बैठक में भाग लिया।

(ii) उप विधि सलाहकार/प्रभारी ने दिनांक 26–27 नवंबर, 2018 को मुख्या सचिवालय, नई दिल्ली का दौरा किया और विधि सचिव तथा डॉ० राजीव मणि, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार, श्री अजय गुप्ता, विशेष कार्य अधिकारी (आईटी) एवं संयुक्त सचिव (प्रशासन) और श्री के.गिनखन थंग, उप सचिव से शाखा सचिवालय से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक मामलों पर विचार–विमर्श किया।

न्यायिक सदस्य/विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, बेंगलूरू पीठ के साथ बैठक

दिनांक 11.12.2018 को उप विधि सलाहकार/प्रभारी ने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के पैनल

काउंसेल के कामकाज पर विचार–विमर्श करने के लिए डॉ० के.बी. सुरेश, न्यायिक सदस्य/विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के साथ एक बैठक की।

16. शाखा सचिवालय, चेन्नै

चेन्नै स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं।

सलाहः यह शाखा सचिवालय, तमिलनाडु, केरल राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र पुद्दुचेरी में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों को विधिक सलाह देता है। सलाह के लिए लगभग 1282 निर्देश प्राप्त हुए और निपटाए गए।

मुकदमा कार्य : – शाखा सचिवालय, चेन्नै मद्रास उच्च न्यायालय और उसके मदुरै पीठ और केरल उच्च न्यायालय में केंद्रीय सरकार के सम्पूर्ण मुकदमा कार्य (रेल, आयकर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क आदि के मामलों को छोड़कर) की देखरेख करता है। यह तमिलनाडु और केरल में नगर सिविल न्यायालयों, लघु वाद प्रेसिडेंसी न्यायालय, अधीनस्थ न्यायालयों, अधिकरणों, उपभोक्ता फोरमों आदि में भी केंद्रीय सरकार के मुकदमा कार्य की देखरेख करता है। इसके अलावा, शाखा सचिवालय, चेन्नै को चेन्नै स्थित केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के मद्रास पीठ और केरल में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के एर्नाकुलम पीठ के समक्ष केंद्रीय सरकार का मुकदमा कार्य भी सौंपा गया है। इस अवधि के दौरान मुकदमों के लगभग 9365 मामले प्राप्त हुए और उनका निपटान किया गया, जिनके अंतर्गत उच्च न्यायालय/सीएटी/एलसी आदि की आवतियां, फीस बिल और खोली गई फाइलें भी शामिल हैं।

शाखा सचिवालय केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और विभागों को उनके मामलों की महत्वपूर्ण गतिविधियों और मुकदमों के परिणामों से अवगत रखता है और यदि आवश्यक हुआ तो आगे के लिए उपयुक्त सलाह भी देता है। तमिलनाडु और केरल में न्यायालयों/अधिकरणों/उपभोक्ता मंचों/माध्यस्थम मामलों में फाइल किए जाने वाले अभिवचनों, शपथ पत्रों आदि की जांच की जाती है और मसौदे के चरण में उनकी विधीक्षा की जाती है। शाखा सचिवालय, चेन्नै के कार्यों में, काउंसेलों का नामांकन/नियोजन करना और केंद्रीय सरकार के संबंधित विभागों से मामले से संबंधित सामग्री एकत्र करना तथा उसे काउंसेल को सौंपने से पूर्व दस्तावेजों की कानूनी दृष्टि से आवश्यक जांच करना भी शामिल है।

काउंसिलों के फीस बिल : यह शाखा सचिवालय मद्रास उच्च न्यायालय और उसके मदुरै पीठ के मामलों में भारत के अपर महासालिसिटर, सहायक महासालिसिटर, ज्येष्ठ पैनल काउंसेल और केन्द्रीय सरकार के स्थायी काउंसेलों को सीधे अपनी केन्द्रीयकृत निधि में से स्वयं फीस का संदाय करता है। इस अवधि के दौरान लगभग 2561 बिल प्राप्त हुए और मद्रास उच्च न्यायालय और उसके मदुरै पीठ के काउंसेल को रु. 3,74,70,353/– की राशि फीस के बिलों के निपटान के लिए संदाय की गई थी। केन्द्रीय सरकार के काउंसिलों के केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण और अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष उपसंजात होने के फीस के बिलों की जांच की जाती है और उन्हें प्रमाणित करने के पश्चात संदाय के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया जाता है।

केंद्रीय सरकारी काउंसिलों की बैठक

मुकदमें के संचालन की समीक्षा के लिए सभी केंद्रीय सरकारी काउंसेल की बैठक दिनांक 12 जुलाई, 2018 और 19 दिसम्बर, 2018 को आयोजित की गई थी जिसमें श्री जी. राजगोपालन, भारत के अपर महासॉलिसिटर, श्री जी. कार्तिकेयन, सहायक महासॉलिसिटर और सभी अन्य केंद्रीय सरकारी पैनल काउंसेल उपस्थित थे।

तमिलनाडु और पुद्दुचेरी के लिए नोटरियों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार

इस शाखा सचिवालय में तमिलनाडु और पुद्दुचेरी राज्यों के लिए नोटरियों की नियुक्ति हेतु दिनांक 19 सितम्बर, 2018 से 12 अक्तूबर, 2018 के दौरान श्री एस.आर. मिश्र, अपर सचिव की अध्यक्षता में पैनल के सदस्यों के रूप में श्रीमती आर. जयलक्ष्मी, उप विधि सलाहकार और श्री जसपाल सिंह धंजू, सहायक विधि सलाहकार द्वारा साक्षात्कार आयोजित किया गया था। दस्तावेजों आदि के सत्यापन के प्रयोजन के लिए मुख्य सचिवालय से एक सहायक अनुभाग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साक्षात्कार में प्रतिदिन लगभग 150 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिन्हें दो सत्रों अर्थात सुबह और शाम 9:00 (पूर्वाह्न) से 6:00 (अपराह्न) के बीच बराबर विभाजित किया गया था। उपर्युक्त प्रक्रिया में इस शाखा सचिवालय के स्टाफ के सदस्यों के साथ सभी पैनल सदस्यों की सतत उपस्थिति अपेक्षित थी।

अनुपयोगी/अप्रचलित मदों की नीलामी

इस शाखा सचिवालय के पुराने, अप्रचलित और अप्रयोज्य हो चुके कुछ कार्यालय फर्नीचर, उपकरणों और मशीनों को नीलामी द्वारा सितम्बर, 2018 में बेचा गया था।

21 जून, 2018 को चौथे 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन

इस शाखा सचिवालय में दिनांक 21 जून, 2018 को चौथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। चेन्नै में दिनांक 19 और 21 जून, 2018 को कृष्णामाचारी योग मंदिरम के योग–प्रशिक्षक द्वारा दो घंटे का एक योग सत्र आयोजित किया गया था और शाखा सचिवालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया था।

'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन

केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार इस शाखा सचिवालय में दिनांक 29 अक्तूबर से 3 नवम्बर, 2018 को 'भ्रष्टाचार उन्मूलन – एक नए भारत का निर्माण' विषय के साथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया गया था। इस संदर्भ में, उप विधि सलाहकार/प्रभारी द्वारा 29 अक्तूबर, 2018 को इस शाखा सचिवालय के सभी कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा शपथ' दिलाई गई थी।

'स्वच्छ भारत' मिशन

इस शाखा सचिवालय के उप विधि सलाहकार और प्रभारी द्वारा समय–समय पर कार्यालय की स्वच्छता गतिविधियों की निगरानी और जांच की गई है।

प्रतिधारण शुल्क

शाखा सचिवालय को अपनी आबंटित निधि में से, तमिलनाडु के जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के स्थायी सरकारी काउंसेल के प्रतिधारण शुल्क के भुगतान का काम भी सौंपा गया है। प्रतिधारण शुल्क के लिए दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 के दौरान रु. 29,58,000/– की राशि का भुगतान किया गया जिसके अंतर्गत अक्तूबर–दिसम्बर, 2017 की अवधि का भुगतान भी शामिल है। सभी काउंसेल को तिमाही आधार पर भुगतान किया गया है।

ई–ऑफिस का कार्यान्वयन

इस शाखा सचिवालय में ई–ऑफिस के कार्यान्वयन के लिए पूर्वापेक्षित प्रबंध हेतु इस कार्यालय ने एनआईसी, चेन्नै और बीएसएनएल, चेन्नै के साथ पत्राचार आरंभ किया है।

आर.टी.आई.आवेदन

दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 की अवधि के दौरान, 41 ऑनलाइन आर.टी.आई आवेदन पत्र प्राप्त हुए और निपटाए गए; 13 आर.टी.आई आवेदन प्रत्यक्ष रूप से (डाक द्वारा) प्राप्त हुए और निपटाए गए; और 3 आर.टी.आई. 'अपीलें' प्रत्यक्ष रूप से (डाक द्वारा) प्राप्त हुई और निपटाई गई।

महिला कर्मचारी

एक महिला कर्मचारी (वरिष्ठ न्यायालय लिपिक) के दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 को सेवानिवृत्त होने से इस कार्यालय में 4 महिला कर्मचारी अर्थात 1 उप विधि सलाहकार, 1 वैयक्तिक सहायक (सीएसएसएस) और 2 सहायक अनुभाग अधिकारी (सीएसएस) कार्यरत हैं।

निम्नलिखित प्रवर्गों के अधीन कार्यरत कर्मचारियों के आंकड़े

एक वरिष्ठ न्यायालय लिपिक (अ.जा.) के दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 को सेवानिवृत होने से सामान्य वर्ग के कर्मचारियों से अलग विभिन्न वर्गों के अधीन आने वाले कर्मचारियों की संख्या 7 है, अर्थात अ.जा.–3; अ.ज. जा.–1; ओ.बी.सी.–2 और भूतपूर्व सैनिक–1।

17. शाखा सचिवालय, मुंबई

संगठनः विधि और न्याय मंत्रालय मूल रूप से दो वर्गों में विभाजित है, अर्थात् मुख्य सचिवालय और मुंबई, कोलकाता, चेन्नै और बंगलुरू स्थित उसके शाखा सचिवालय।

जहां तक मुंबई शाखा सचिवालय के कार्य का संबंध है, इसमें विधिक सलाह देना, बंबई उच्च न्याोयालय से संबंधित मुकदमा कार्य की देखरेख, संपूर्ण पश्चिमी क्षेत्र जिनमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात और गोवा के अंतर्गत आने वाले अन्य अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित मुकदमा कार्य की देखरेख और शाखा सचिवालय का प्रशासनिक कार्य शामिल है।

शाखा सचिवालय के प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ सरकारी अधिवक्तां हैं। वरिष्ठी सरकारी अधिवक्ताय को शाखा सचिवालय के प्रशासनिक, मुकदमा और सलाह के मामलों की देखरेख करने में दो अपर सरकारी अधिवक्तास, दो सहायक विधि सलाहकार (तदर्थ) और एक अधीक्षक (विधि) सहायता देते हैं। सहायक अनुभाग अधिकारी प्रशासनिक मामलों और लेखा के काम की देखरेख में वरिष्ठ सरकारी अधिवक्तो की मदद करते हैं।

इसके अतिरिक्त, शाखा सचिवालय, मुम्बई के कार्य के सुचारू संचालन के लिए उसे अलग–अलग अनुभागों में विभाजित किया गया है अर्थात सलाह अनुभाग, विविध आरंभिक शाखा मुकदमा अनुभाग, जिसमें अब पूर्ववर्ती विविध आरंभिक शाखा मुकदमा, माध्यस्थम, वाद, भूमि अधिग्रहण संबंधी निर्देश, कंपनी मामले और फेरा/फेमा/डीजीएफटी से संबंधित मामलों के आरंभिक शाखा व शाखा के मुकदमे शामिल हैं तथा अपीलीय शाखा मुकदमा अनुभाग, जिसमें अब विविध अपीलीय शाखा अनुभाग दंड विधि से संबंधित मामलों पर कार्रवाई की जाती है। इस शाखा सचिवालय में प्रत्येअक अनुभाग के प्रमुख एक वरिष्ठि अधिकारी हैं और उनकी सहायता एक अन्य अधिकारी करते हैं।

अधिकारियों के कर्त्तव्यों के निर्वहन में एक सहायक (विधि), चार सहायक अनुभाग अधिकारी (सीएसएस), एक वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, चार निजी सचिव, एक वैयक्तिक सहायक, पांच वरिष्ठ न्यायालय लिपिक ग्रेड–I, दो वरिष्ठ न्यायालय लिपिक ग्रेड–II और तीन न्यायालय लिपिक सहायता करते हैं। तथापि, एक

वैयक्तिक सहायक दिनांक 29 मार्च, 2019 को मुख्य सचिवालय में स्थानांतरित और एक न्यायालय लिपिक दिनांक 30 नवम्बर, 2018 को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इसके अलावा, एक वरिष्ठ न्यायालय लिपिक ग्रेड–I दिनांक 31 मई, 2019 को सेवानिवृत्त हो गए हैं।

कृत्य और कर्तव्यः– विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग, शाखा सचिवालय, मुंबई केंद्रीय सरकार के विभिन्नृ विभागों/मंत्रालयों से निर्देश प्राप्त् होने पर विभिन्नभ विधिक मामलों पर विधिक सलाह देता है और बंबई उच्चन न्यावयालय, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, अन्या अधिकरणों और संपूर्ण पश्चिमी क्षेत्र के सभी अधीनस्थं न्यायालयों में केंद्रीय सरकार के मुकदमा कार्य का संचालन करता है। यह संपूर्ण कार्य प्रभारी/वरिष्ठी सरकारी अधिवक्ताा के मार्ग–निर्देशन में इस शाखा सचिवालय के अधिकारियों द्वारा किया जाता है। शाखा सचिवालय विधि सचिव से मार्गदर्शन प्राप्त करता है। शाखा सचिवालय, मुंबई के संगठन चार्ट की प्रति इस प्रकार हैः

विधिक सलाहः भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विधिक सलाह के लिए प्राप्त निर्देशों की सबसे पहले अधीक्षक (विधि) द्वारा जांच की जाती है और तत्पश्चात उन्हें वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता/ प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुीत किया जाता है जो इन मामलों को कार्य के वितरण/आबंटन के अनुसार वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता, अपर सरकारी अधिवक्ता, सहायक विधि सलाहकार को कार्रवाई के लिए देते हैं। यदि जरूरी हुआ तो, सलाह के मामले भारत के अपर महासालिसिटर की विशेषज्ञ राय प्राप्त करने के लिए भी भेजे जाते हैं।

जहां तक चालू वर्ष का संबंध है, इस शाखा सचिवालय को सलाह के लिए 3597 मामले प्राप्त हुए हैं और शाखा सचिवालय ने 3578 मामलों का निपटान कर दिया है और आज की तारीख में 19 मामले लंबित हैं।

मुकदमाः इस शाखा सचिवालय के मुकदमा कार्य के प्रधान वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता हैं। उनकी सहायता के लिए अपर सरकारी अधिवक्ताश, सहायक विधि सलाहकार और अधीक्षक (विधि) हैं, जो बंबई उच्च न्यायालय में भारत सरकार द्वारा या उसके विरूद्ध दायर मुकदमों की देखरेख करने के काम में उनकी मदद करते हैं। इसके साथ ही, इस शाखा सचिवालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में मुकदमा कार्य की देखरेख भी की जाती है। जहां भी आवश्यक होता है, मुकदमा कार्य का संचालन बम्बई उच्च न्यायालय के लिए उसकी साधारण प्रारंभिक सिविल अधिकारिता, अपीलीय अधिकारिता और दांडिक अधिकारिता में भारत सरकार के पैनल पर रखे गए/ नियुक्त अधिवक्ताओं/ काउंसेलों के और विभिन्न न्यायालयों के समक्ष उपसंजात होने के लिए विभिन्न पैनलों पर रखे गए अन्य काउंसेलों के माध्यम से किया जाता है।

जहां तक वर्ष 2017–18 का संबंध है, इस शाखा सचिवालय में विभिन्न मुकदमों से संबंधित लगभग 1466 मामले प्राप्त हुए हैं। भारत सरकार के हितों की रक्षा करने के लिए विभिन्न केंद्रीय सरकारी मंत्रालयों/विभागों के माध्यम से काउंसेल नियुक्त किए गए और उच्च न्यायालय के समक्ष मुकदमों के लगभग 1003 मामले निपटाए गए हैं और आज की तारीख में 463 मामले लंबित हैं।

प्रशासन : शाखा सचिवालय, मुम्बई के प्रशासन के प्रमुख/प्रभारी वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता हैं। शाखा सचिवालय के दिन–प्रतिदिन के प्रशासनिक मामलों की देखरेख हेतु उनकी सहायता के लिए एक सहायक अनुभाग अधिकारी और आहरण एवं संवितरण अधिकारी है। तथापि, दिनांक 27.1.2017 से अनुभाग अधिकारी का पद रिक्त है।

राजभाषाः इस शाखा सचिवालय के प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ताए 'विभागीय राजभाषा अधिकारी' के रूप में भी कार्य करते हैं और उनके द्वारा नामित अन्य अधिकारी शाखा सचिवालय में राजभाषा की उन्नति और अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए कार्य करते हैं। शाखा सचिवालय में गठित राजभाषा समिति के सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैंः–

1.	श्री पंकज कपूर, वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता	:	अध्यक्ष
2.	श्री ए.ए. अंसारी, अपर सरकारी अधिवक्ता	:	कार्यकारी अध्यक्ष
3.	श्री एन. ए. पांडे, सहायक विधि सलाहकार	:	समन्वयक
4.	श्री अनूप कुमार, सहायक (विधि)	:	कार्यकारी सदस्य
5.	श्रीमती उषा वी. सैलिअन, वैयक्तिक सहायक	:	कार्यकारी सदस्य
6.	श्रीमती वैशाली कर्माले, एमटीएस	:	कार्यकारी सदस्य

उपर्युक्त समिति प्रभारी अधिकारी को आवधिक रिपोर्टें प्रस्तुत करती है।

18. भारत का विधि आयोग

विधिक सुधारों हेतु कार्य करने के लिए निर्दिष्ट विचारार्थ विषयों के साथ भारत के विधि आयोग का गठन हर तीन साल में होता है। भारत का 21वां विधि आयोग का गठन दिनांक 1 सितंबर, 2015 दिनांक 31 अगस्तै, 2018 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए गठित अंतिम विधि आयोग था। 21वें विधि आयोग में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य, एक सदस्य–सचिव, दो पदेन सदस्य और तीन अंशकालिक सदस्य हैं। विधि आयोग में भारतीय विधि सेवा के विधि अधिकारी शामिल हैं। प्रशासन की देखरेख के लिए एक छोटा सचिवीय स्टाफ है।

विचारार्थ विषय

2. 21वें विधि आयोग में निम्नलिखित विचारार्थ विषय शामिल हैं–

क. अप्रचलित विधियों का पुनर्विलोकन/निरसन :

(i) ऐसी विधियों की पहचान करना जो अब आवश्यक या प्रासंगिक नहीं रह गई हैं और जिन्हें तत्काल निरसित किया जा सकता है।

(ii) ऐसी विधियों की पहचान करना जो आर्थिक उदारीकरण के विद्यमान परिवेश के सामंजस्य में नहीं हैं और जिनमें परिवर्तन की आवश्यकता है।

(iii) ऐसी विधियों की पहचान करना जिनमें परिवर्तन या संशोधन अपेक्षित हैं और उनके संशोधन के लिए सुझाव देना।

(iv) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के विशेषज्ञ समूहों द्वारा दिए गए पुनरीक्षण/ संशोधन के सुझावों पर, उनके समन्वयन और सामंजस्यकरण की दृष्टि से व्यापक परिप्रेक्ष्य में विचार करना।

(v) एक से अधिक मंत्रालयों/ विभागों के कार्यकरण पर प्रभाव डालने वाले विधान की बाबत मंत्रालयों/विभागों द्वारा विधि कार्य विभाग, विधि और न्ध्याय मंत्रालय के माध्यम से किए गए निर्देशों पर विचार करना।

(vi) विधि के क्षेत्र में नागरिकों की शिकायतों को शीघ्र दूर करने के लिए उपयुक्त उपायों का सुझाव देना।

ख. विधि और निर्धनता :

(i) ऐसी विधियों की जांच करना जो निर्धनों पर प्रभाव डालती हैं और सामाजिक – आर्थिक विधानों के लिए पश्च–संपरीक्षा करना।

(ii) ऐसे सभी उपाय करना जो निर्धनों की सेवा में विधि और विधिक प्रक्रिया को उपयोग में लाने के लिए आवश्यक हों।

ग. यह सुनिश्चित करने के लिए न्याय प्रशासन की पद्धति का पुनर्विलोकन करते रहना कि वह समय की उचित मांगों के लिए प्रभावी बनी रहे और विशेष रूप से, निम्नलिखित को सुनिश्चित करना :–

(i) विलंब को दूर करना, बकाया मामलों का शीघ्र निपटान करना और खर्च में कमी करना ताकि इस आधारभूत सिद्धांत कि विनिश्चय न्यायपूर्ण और निष्पक्ष होने चाहिए पर प्रभाव डाले बिना, मामलों का शीघ्र और मितव्ययी निपटान सुनिश्चित किया जा सके।

(ii) विलंबकारी युक्तियों और तकनीकी जटिलताओं को दूर करने या कम करने के लिए प्रक्रिया का सरलीकरण करना, जिससे वह स्वयं में साध्य बनकर न रह जाए बल्कि न्याय की प्राप्ति में एक साधन के रूप में प्रयुक्त हो।

(iii) न्याय प्रशासन से संबद्ध सभी मानदंडों में सुधार।

घ. विद्यमान विधियों की राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के आलोक में परीक्षा करना और उनमें सुधार तथा उन्नति के तरीकों का सुझाव देना और ऐसे विधानों का सुझाव भी देना जो निदेशक सिद्धांतों के कार्यान्वयन के लिए और संविधान की उद्देशिका में वर्णित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हों।

ङ लैंगिक समानता के संवर्धन की दृष्टि से विद्यमान विधियों की परीक्षा करना और उनमें संशोधनों के लिए सुझाव देना।

च. सार्वजनिक महत्व के केन्द्रीय अधिनियमों का पुनरीक्षण करना जिससे उन्हें सरल बनाया जा सके और उनकी विसंगतियों, संदिग्धताओं तथा असमानताओं को दूर किया जा सके।

छ. अप्रचलित विधियों और ऐसी अधिनियमितियों या उनके ऐसे भागों को, जिनकी उपयोगिता नहीं रह गई है, निरसित करके कानून को अद्यतन करने के उपायों की सरकार को सिफारिश करना।

ज. विधि और न्याय प्रशासन से संबंधित ऐसे किसी भी विषय पर, जो विधि और न्याय मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) के माध्यम से सरकार द्वारा उसे निर्देशित किया जाए, विचार करना और अपने अभिमत से सरकार को अवगत कराना।

झ. अनुसंधान प्रदान करने के लिए विदेशों से प्राप्त अनुरोधों पर, जो उसे सरकार द्वारा विधि और न्याय मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) के माध्यम से भजे गए हों, पर विचार करना।

ञ. खाद्य सुरक्षा, बेरोजगारी पर वैश्वीकरण के प्रभाव की जांच करना और गरीबों के हितों की रक्षा के लिए उपायों की सिफारिश करना।

छात्रों को प्रोत्साहन

विधि आयोग स्वैच्छिाक इंटर्नशिप कार्यक्रम, ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम, शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम कार्यक्रम संचालित करता है। विधि के शासन की स्थापना और उसके लिए विधि की बेहतर समझ हेतु विधि के छात्रों में विधि के अनुसंधान और विधि में सुधार की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए विधि आयोग द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम संचालित किया जाता है।

उद्देश्य और उपलब्धियां :–

भारत के विधि आयोग ने अब तक विभिन्न विषयों पर 277 रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं। भारत के 21वें विधि आयोग ने विधि कार्य विभाग, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के निर्देश पर विभिन्न विषयों का अध्ययन किया है और राष्ट्रीयवाद नीति, 2016 के मसौदे पर रिपोर्ट सहित 15 रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं। 21वें विधि आयोग द्वारा भारत सरकार को प्रस्तुत की गई रिपोर्टें **अनुबंध–IV** पर दी गई है।

विदेशी प्रतिनिधिमंडलों का दौरा :

21वें विधि आयोग ने संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल के साथ विधिक सुधारों और विधि सम्मत शासन को सुदृढ़ करने के लिए चर्चा की।

विधि दिवस समारोह :

विधि आयोग ने नीति आयोग के साथ समन्वय से दिनांक 25–26 नवंबर, 2017 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय विधि दिवस समारोह का आयोजन किया। विधि दिवस समारोह, 2017 का केन्द्रीवय विषय 'विकासशील राष्ट्र के लिए समावेशन और सबके विकास व सबको न्यािय के आधार पर राज्य के तीनों स्कंधिों, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच तालमेल' था।

अनुवर्ती कार्रवाई :

विधि आयोग की रिपोर्ट समय–समय पर विधि कार्य विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा संसद में रखी जाती है और कार्यान्वयन के लिए संबंधित प्रशासनिक विभागों/मंत्रालयों को भेज दी जाती है। सरकार के निर्णय के आधार पर संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा उन पर कार्रवाई की जाती है। निरपवाद रूप से, रिपोर्टों को न्यायालयों, संसदीय स्थायी समितियों, शैक्षिक और सार्वजनिक लेखों में उद्धृत किया गया है।

19. व्यापार करने में आसानी–''संविदाओं के प्रवर्तन'' हेतु उठाए गए कदम

अंतरराष्ट्रीय सौजन्य में किसी देश की आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्यिक और वित्तीय बाजारों की बड़ी भूमिका होती है। ऐसी आर्थिक गतिविधियों की वृद्धि के लिए, नियमों का एक ऐसा सरल ढ़ांचा आवश्यक होता है, जो निवेशकों को प्रोत्साहित करे और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा दे। इसलिए सरकार ने व्यापार को सुकर बनाने वाले कानून और नियमों के साथ–साथ भारत को निवेश और व्यापिार के लिए पसंदीदा स्थल बनाने को उच्च प्राथमिकता दी है। इस संदर्भ में सरकार ने पहले वाणिज्यिक न्यायालय, उच्च न्यायालय वाणिज्यिक प्रभाग एवं वाणिज्यिक अपील प्रभाग अधिनियम, 2015 को अधिनियमित किया और माध्यस्थम और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 द्वारा माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 में संशोधन किया।

देश में आर्थिक सुधारों को जारी रखने के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए केन्द्रीय सरकार ने विश्व बैंक

की ''डूइंग बिजनेस रिपोर्ट'' (डीबीआर) में भारत की रैंकिंग में सुधार करने हेतु कई कदम उठाए हैं ताकि देश में निवेश और व्यापार सुकर वातावरण को बढ़ावा मिले तथा न्यायालयों के कम से कम हस्तक्षेप से विवादों का तीव्र समाधान हो सके। इस प्रयास में केन्द्रीय सरकार ने वर्ष, 2018 में वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 में संशोधन किया है। इस संशोधन ने पहले के 1 करोड़ रूपए तक के विनिर्दिष्ट मूल्य के किसी वाणिज्यिक विवाद को 3 लाख रूपए तक कम करके वाणिज्यिक विवादों का तीव्र निपटान करने और साधारण आरंभिक सिविल अधिकारिता वाले उच्च न्यायालयों की अधिकारिता में जिला न्यायाधीश स्तर के वाणिज्यिक न्यायालयों की स्थापना की सुविधा प्रदान की है और न्यायिक प्रणाली पर बोझ को कम करने के लिए एक आवश्यक प्रणाली ''दाखिल पूर्व मध्यस्थता और समाधान'' (पीआईएमएस) (एक वैकल्पिोक विवाद समाधन तंत्र) की शुरूआत की गई है जो निपटान के लिए प्रथम चरण में मध्यस्थता हेतु भेजे जा रहे कुछ मामलों के लिए प्रदान की जाती है। मध्यस्थता राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षण के अधीन संचालित किया जाना है जैसा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 में उपबंधित किया गया है। दाखिला पूर्व मध्यस्थता और समाधान तंत्र (पीआईएमएस) के माध्यम से विवाद समाधान में असफल होने पर वादी अपने वाणिज्यिक विवाद के समाधान के लिए न्यायालय जा सकता है। संशोधन अधिनियम ऐसे क्षेत्रों में जिला स्तर पर वाणिज्यिक अपील न्यायालय की स्थापना का भी उपबंध करता है जहां उच्च न्यायालयों के पास साधारण आरंभिक सिविल अधिकारिता नहीं होती है और प्रथम चरण में ही वाणिज्यिक विवाद के मामलों का निपटारा ऐसे न्यायालय द्वारा किया जाता है जो उस जिला न्यायाधीश का अधीनस्थ होता है।

20. माध्यस्थम तंत्र का सुदृढ़ बनाने के लिए उठाए गए कदम :

केन्द्र सरकार ने अन्य बातों के साथ–साथ, माध्यस्थम प्रक्रिया को प्रयोक्ता–अनुकूल, किफायती और त्वरित बनाने के लिए माध्यस्थम और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 द्वारा माध्यस्थम और वाणिज्यिक अधिनियम, 1996 को संशोधित किया है। तथापि, संशोधन अधिनियम की प्रयोज्यता में कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों को विधि कार्य विभाग के संज्ञान में लाया गया है। इसके अलावा, यह देखा गया कि देश में संस्थागत माध्यस्थम तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस संबंध में, केन्द्र सरकार ने भारत में माध्यस्थम तंत्र को संस्थागत बनाए जाने की समीक्षा करने और उसके लिए प्रस्तावित सुधारों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण की अध्यिक्षता में एक उच्च–स्तरीय समिति का गठन किया था। समिति ने दिनांक 30 जुलाई, 2017 को अपनी रिपोर्ट सौंपी और अधिनियम में कुछ संशोधनों की सिफारिश की। विधि कार्य विभाग समिति की सिफारिशों पर ठोस कदम उठाए हैं।

समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए और विश्व् बैंक की ''डूइंग बिजनेस रिपोर्ट'' जिसमें संविदाओं के प्रर्वतन में 190 देशों की सूची में भारत 163वें रैंक पर है, को और मजबूत बनाने के लिए सरकार का प्रख्यात विशेषज्ञों के नेतृत्व वाले विश्वसनीय माध्यस्थम संस्थानों द्वारा निवेशकों के भरोसे को बढ़ाते हुए ईज आफ डूइंग बिजनेस की सुविधा प्रदान करने हेतु अतिरिक्त प्रयास करने की प्रतिबद्धता के कारण एक विधेयक अर्थात ''नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थम केन्द्र विधेयक, 2018'' को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया और दिनांक 4 जनवरी, 2019 के पारित किया गया। तथापि उक्त को राज्या सभा में विचार के लिए नहीं रखा जा सका। अतः राष्ट्रलपति द्वारा दिनांक 2 मार्च, 2019 को नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थम केन्द्र अध्यादेश, 2019 को प्राख्यापित किया गया क्योंकि संसद चालू नहीं था और उपर्युक्त कारणों के अतिरिक्त, भारत में विवाद समाधन परिदृश्यन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने तथा अंतरराष्ट्रीय

वाणिज्यक माध्यस्थम और घरेलू माध्यस्थम दोनों के लिए संस्थागत माध्यस्थम में भारत को अधिमान्य स्थान प्रदान करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता थी।

अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान (आईसीएडीआर) के सभी उपक्रमों को केन्द्र सरकार में निहित किया गया है। केन्द्र सरकार में निहित अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान के उपक्रमों को नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय माध्य्स्थंम केन्द्र में स्थानांतरित किया जाएगा, जो एक राष्ट्रीय महत्व का केन्द्र होगा।

21. भारतीय विधि संस्थान (आईएलआई)

प्रस्तावना

भारतीय विधि संस्थान एक प्रमुख विधि अनुसंधान संस्थान है, जिसकी स्थापना दिनांक 27 दिसंबर, 1956 को हुई थी। संस्थान का मुख्य उद्देश्य विधि में उच्च अध्ययन और अनुसंधान को बढ़ावा देना और न्याय प्रशासन में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देना है ताकि विधि और उसके तंत्र के जरिए लोगों की सामाजिक–आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। इस संस्थान को वर्ष 2004 में मानित विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया। संस्थान ने मार्च, 2017 में राष्ट्रीय आकलन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से 4.00 अंकों के पैमाने पर 3.35 का सीजीपीए हासिल करके 'ए' ग्रेड सहित अपनी पहली मान्यता प्राप्त की। यह संस्थान विधि में मास्टर डिग्री और डॉक्टर के पाठ्यक्रमों सहित विधि के विभिन्न क्षेत्रों में, अर्थात वैकल्पिक विवाद समाधान, कारपोरेट विधि और प्रबंधन, साइबर विधि और बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार जैसे विषयों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है।

अकादमिक कार्यक्रम

वर्ष 2004 में मानित विश्ववविद्यालय घोषित किए जाने के पश्चात, इस संस्थान ने शोधपरक एलएल. एम कार्यक्रम शुरू किया। इस एलएल.एम. कार्यक्रम में दाखिला पूर्णतः योग्यता के आधार पर होता है, जो प्रत्येक वर्ष आयोजित एक सामान्य प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के जरिये होता है। वर्तमान में, संस्थान द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं:

कार्यक्रम	अकादमिक सत्र, 2018–2019 में दाखिल छात्रों की संख्या
एल.एल.एम.– 1 वर्ष (पूर्णकालिक)	38
स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (वैकल्पिक विवाद समाधान, कारपोरेट विधि और प्रबंधन, साइबर विधि और बौद्धिक सम्पकत्तिू अधिकार विधि)	303
विधि में पीएच.डी.	08
छात्रों की कुल संख्या	349

- संस्थान में एक पी.एच.डी. कार्यक्रम है, जिसमें इस समय 29 छात्र नामांकित हैं।
- यह संस्थान बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार और साइबर विधि में तीन माह की अवधि के ऑनलाइन ई–लर्निंग प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम भी चलाता है। ऑनलाइन साइबर विधि पाठ्यक्रम के बैच सं. 32 और

ऑनलाइन बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार पाठ्यक्रम के बैच सं. 43 ने अपने पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

अकादमिक सत्र 2018–19 के लिए प्रवेश प्रक्रिया अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 01.05.2018 को विवरणिका प्रकाशित होने के साथ शुरू हुआ। एल.एल.एम. पाठ्यक्रम के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा दिनांक 9 जून, 2018 को आयोजित हुई। दाखिले पूर्णतः प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार पर आधारित मेरिट के अनुसार हुए। उक्त के लिए परीक्षा परिणाम दिनांक 28 जून, 2018 को जारी हुआ। एलएलएम (1 वर्षीय) और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए कक्षाएं दिनांक 1 अगस्त, 2018 से शुरू हुई।

संगोष्ठियां / सम्मेलन / प्रशिक्षण / परिचर्चा

- **वीएएफ (मतदाता जागरूकता मंच) कार्यक्रम (24 जनवरी, 2019)**

  भारतीय विधि संस्थान ने दिनांक 24 जनवरी, 2019 को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भारतीय विधि संस्थान के अधिकारियों / छात्रों के लिए एक मतदाता जागरूकता मंच (बीएएफ) कार्यक्रम का आयोजन किया।

- **मेंडली: संदर्भ प्रबंधन उपकरण पर प्रशिक्षण सत्र**

  भारतीय विधि संस्थान ने दिनांक 29 जनवरी, 2019 को सक्रीय शोधार्थियों के लिए शोध प्रबंधन उपकरणों को समझने हेतु "मेंडली: संदर्भ प्रबंधन उपकरण" का एक प्रशिक्षण सत्र भारतीय विधि संस्थान में आयोजित किया।

- **बंदी माता–पिता के बच्चे: मुद्दे और चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन (दिनांक 27 मार्च, 2019)**

  भारतीय विधि संस्थान और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के स्वीय विधि में तुलनात्मक अध्ययन केंद्र ने संयुक्त रूप से संस्थान के प्लेनरी हॉल में दिनांक 27 मार्च, 2019 को बंदी माता–पिता के बच्चे: मुद्दे और चुनौतियां पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया।

- **दिनांक 13–14 मार्च, 2019 को "अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के 100 वर्ष तथा आगामी क्रियाकलाप: श्रम नीति एवं विधि" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन**

  राष्ट्रीय श्रम विधि संघ और भारतीय विधि संस्थान ने संयुक्त रूप से दिनांक 13 और 14 मार्च, 2019 को "अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के 100 वर्ष तथा आगामी क्रियाकलाप: श्रम नीति और विधि" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

- **दिनांक 5 मार्च, 2019 को विशिष्ट विविध और प्रजातांत्रिक "भारतीय बौद्धिक सम्पत्ति" का एक 3–डी परिप्रेक्ष्य विषय पर संगोष्ठी**

  भारतीय विधि संस्थान ने पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के लॉ स्कूल और विधिक शिक्षा तक बढ़ती पहुंच द्वारा बढ़ती विभिन्ना (आईडीआईए) नामक एक धर्मार्थ संस्था के सहयोग से दिनांक 8 दिसम्बर, 2018 को "लॉ एंड स्टोरीटेलिंग" विषय पर वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया।

- **दिनांक 22 और 23 फरवरी, 2019 को "दांडिक अन्वेषण में क्वालिटी नियंत्रण" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी**

  सेंटर फार इंटरनेशलन लॉ रिसर्च एंड पॉलिसी (सीआईएलआरएपी) और भारतीय विधि संस्थान ने

दिनांक 22 और 23 फरवरी, 2019 के दांडिक अन्वेषण में क्वालिटी नियंत्रण विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

- **15 दिसम्बर, 2018 को "बाल कल्याण समितियां" (डीसीपीसीआर) विषय पर एक दिवसीय परामर्श**

  भारतीय विधि संस्थान ने दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के सहयोग से दिनांक 15 दिसम्बर, 2018 को बाल कल्याण समितियां विषय पर एक दिवसीय परामर्श सत्र का आयोजन किया।

- **दिनांक 8 दिसम्बर, 2018 को आईडीआईए – भारतीय विधि संस्थान का वार्षिक पुरस्कार और संगोष्ठी**

  भारतीय विधि संस्थान ने विधिक शिक्षा तक बढ़ती पहुंच द्वारा बढ़ती विभिन्ना (आईडीआईए), एक धर्मार्थ संस्था के सहयोग से दिनांक 8 दिसम्बर, 2018 को "लॉ एंड स्टोरीटेलिंग" विषय पर वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया।

- **"डिजिटल रूपांतरः संरक्षण, नीति और गोपनीयता (आईसीडीटी–2018) विषय पर संगोष्ठी"**

  राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली ने भारतीय विधि संस्थान और अन्य संगठनों के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली में दिनांक 29 नवम्बर और 01 दिसम्बर, 2018 को "डिजीटल रूपांतरः संरक्षण, नीति और गोपनीयता (आईसीडीटी–2018) विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।"

- **राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के साथ नीति मंथन व्याख्यान श्रृंखला की शुरूआत की गई है।**

  नीति मंथन व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 11 अक्तूबर, 2018 को "अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए संवैधानिक आधार" विषय पर और दिनांक 7 सितम्बर, 2018 को "शासन की गतिशीलता और सुशासन में युवाओं की भूमिका" विषय पर व्याख्यान आयोजित किए गए।

  ❖ **दिनांक 15 सितम्बर, 2018 को पैनल चर्चा**

    दिनांक 15 सितम्बर, 2018 को 11.00 बजे से रत्ना कपूर की पुस्तक 'जेंडर, अल्टेरिटी एंड ह्यूमन राइट्सः फ्रीडम इन अ फिशबॉल (एल्गर स्टडीज इन लीगल थियोरी, 2018)' पर एक पैनल चर्चा की गई।

  ❖ भारतीय विधि संस्थान ने उच्चतम न्यायाल के सहयोग से दो निम्नलिखित सम्मेलन आयोजित किए

- दिनांक 1–2, सितम्बर, 2018 को विधि शिक्षा सुधारों पर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों का सम्मेलन
- दिनांक 27–28 जुलाई, 2018 को न्यायिक प्रक्रिया में विलम्ब और लंबमानता को कम करने की राष्ट्रीय पहल पर सम्मेलन

  ❖ "बौद्धिक सम्पदाः प्रक्रिया और अभ्यास" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

भारतीय विधि संस्थान ने दिनांक 20–21 अप्रैल, 2018 को आईएलआई के प्लेनरी हॉल में "बौद्धिक संपदाः प्रक्रिया और अभ्यास" पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारतीय विधि संस्थान ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कियाः

- दिनांक 30–31 मार्च, 2019 को "पुलिस और मानव अधिकारः मुद्दे और चुनौतियां" विषय पर पुलिस कार्मिकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
- दिनांक 23–24 फरवरी, 2019 को "मानव अधिकारः मुद्दे और चुनौतियां" विषय पर न्यायिक अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- दिनांक 19–20 जनवरी, 2019 को 'मानव अधिकारः मुद्दे और चुनौतियां' विषय पर जेल अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- दिनांक 22 दिसम्बर, 2018 को "मीडिया और मानव अधिकारः मुद्दे और चुनौतियां" पर मीडिया कार्मिकों एवं सरकार के जनसम्पर्क अधिकारियों के लिए एक–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
- दिनांक 17–18 नवम्बर, 2018 को 'मानव अधिकारः मुद्दे और चुनौतियां' विषय पर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेटों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
- दिनांक 6 अक्तूबर, 2018 को बाल सुधार गृह, वृद्धाश्रम और स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।

म्यांमार के विधि अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारतीय विधि संस्थान ने दिनांक 6–13 मई, 2018 को म्यांमार के विधि अधिकारियों के लिए विभिन्न विषयों जैसे कि तुलनात्मक संवैधानिक विधि, बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार, साइबर लॉ, शरणार्थी विषयक विधि और अंतरराष्ट्रीय दंड विधि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम राजस्थान गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया तथा इस कार्यक्रम में म्यांमार के 20 विधि अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रकाशन

पुस्तकें

- लॉ ऑफ सेडिशन इन इंडिया एंड फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन (प्रो. मनोज कुमार सिन्हा, डॉ. अनुराग दीप)
- आईपीआर एंड ह्यूमन राइट्स विद स्पेशल एम्फसिस ऑन इंडिया– (प्रो. मनोज कुमार सिन्हा, सुश्री जूपि गोगोई)
- टूवर्डस द रीनेसन्सः शिबली एंड मौलाना थानवी ऑन शरीया – (प्रो. फुरकान अहमद)

विशेष व्याख्यान/पैनल चर्चा

- दिनांक 25 फरवरी, 2019 को प्रो. एमिरिट्स विरेन्द्र कुमार द्वारा "संविधान के अधीन निजता के अधिकार की गतिकी" (के.एस. पुट्टास्वामी मामले में 9 जजों के बेंच के फैसले की न्यायिक आलोचना)

विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया।

- दिनांक 19 फरवरी, 2019 को प्रो. मीरा फुरतादो, विधि और सामाजिक विज्ञान प्रमुख, ससेक्स विश्वविद्यालय, आईएससी, लंदन, यूके और महासचिव, कॉमन वेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन ने "ब्रेक्सिट(Brexit) के यूरोपियन यूनियन और यूके पर प्रभाव" विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

- दिनांक 01 फरवरी, 2019 को श्री पी.के. मल्होत्रा, महासचिव, अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र, पूर्व विधि सचिव ने (भारतीय माध्यस्थम विधि) विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

- दिनांक 22 जनवरी, 2019 को प्रो. थॉमस ई. नन्ने, मिस्सोरी विश्वविद्यालय, कन्नाज सिटी ने "इस्लामिक कानून" पर विशेष व्याख्यान दिया।

- दिनांक 21 जनवरी, 2019 को भारतीय विधि संस्थान ने "अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक और परिवहन विधि" पर डॉ. तबेथा कुर्त्ज शेफार्ड, स्वानसी विश्वविद्यालय, यूके द्वारा एक वार्ता का आयोजन किया गया।

- दिनांक 28 नवम्बर, 2018 को प्रोफेसर जिरोन वार्लेट, निदेशक पीस पैलेस लाइब्रेरी, अंतरराष्ट्रीय न्याय न्यायालय ने विशेष व्याख्यान दिया।

- दिनांक 3 अक्तूबर, 2018 को माननीय न्यायमूर्ति विनीत कोठारी ने "भारतीय कर कानूनों" में समकालीन मुद्दों और चुनौतियों पर बातचीत" पर विशेष व्याख्यान दिया।

- दिनांक 15 सितम्बर, 2018 को भारतीय विधि संस्थान ने प्रो. रत्ना कपूर की पुस्तक "जेंडर, अल्टेरिटी और ह्यूमन राइट्सः फ्रीडम इन अ फिशबाउल" पर पैनल चर्चा का आयोजन किया। पैनल में प्रो. रत्ना कपूर, प्रोफेसर, क्वीन मैरी विश्वविद्यालय, लंदन और पुस्तक पर चार समीक्षक क्रमशः प्रो. उपेन्द्र बक्शी, विधि में विकास के प्रोफेसर, वार्निक विश्वविद्यालय, प्रो. शोहिनी घोष, प्रोफेसर, जामिया मिलिया इस्लामिया, प्रो. राजश्री चंद्र, एसोसिएट प्रोफेसर, जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज तथा प्रो. लक्ष्मी आर्य, एसोसिएट प्रोफेसर, ओरो विश्वविद्यालय, गुजरात शामिल थे।

- दिनांक 10 सितम्बर, 2018 को भारतीय विधि संस्थान ने एसजीटी विश्वविद्यालय गुरूग्राम के साथ "भारतीय संवैधानिकता और नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्यों" पर व्याख्यान का आयोजन किया। पैनल में सुश्री पिंकी आनंद, भारत के अपर महासॉलिसिटर, श्री पराग त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता और श्री पी.के. मल्होत्रा, महासचिव, अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र एवं पूर्व संघ विधि सचिव शामिल थे।

- दिनांक 24 अप्रैल, 2018 को प्रो. जी. मोहन गोपाल, निदेशक, राजीव गांधी इंस्टिट्यूट और कन्टेम्परोरी स्टडीज ने डॉ. सुभाष काशीनाथ महाजन बनाम महाराष्ट्र राज्य, 2018 (4) स्केल ै(ब।स्न) 661 निर्णय पर चर्चा की।

- दिनांक 4 मई, 2018 को सुश्री क्रिस्टिन हैगट फार्ले, अमेरिकन यूनिवर्सिटी वाशिंगटन कॉलेज आफ लॉ में विधि प्रोफेसर, ने "अमेरिकी कानून के तहत गैर–पारम्परिक ट्रेडमार्क" विषय पर व्याख्यान दिया।

22. भारतीय बार काउंसिल (बी.सी.आई.)

अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अधीन गठित भारतीय बार काउंसिल को अन्य बातों के साथ–साथ

अधिवक्ताओं के लिए व्यावसायिक आचरण व शिष्टाचार के मानदंड निर्धारित करने तथा देश में विधि शिक्षा के मानदंड निर्धारित करने, उन्हें बनाए रखने तथा उनमें सुधार करने की शक्ति प्रदान की गई है। जबकि राज्य बार काउंसिलें अधिवक्ताओं के तौर पर नामांकन करने के लिए प्राधिकरण हैं, राज्य बार काउंसिलें और भारतीय बार काउंसिल मिलकर अधिवक्ताओं में अनुशासन का प्रवर्तन करती हैं। अनुशासनात्मक मामलों में भारतीय बार काउंसिल अपीलीय प्राधिकरण के तौर पर कार्य करती है।

भारतीय बार काउंसिल सदस्यों को परिचालित कार्यसूची के अनुसार नियमित अंतरालों पर बैठकें करती है। इन बैठकों में, काउंसिल धारा 26(1) के अधीन उन मामलों में निष्कासन की कार्यवाहियां भी करती है, जिनमें अन्यथा कथन अथवा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर किसी व्यक्ति का नामांकन किया गया हो; और राज्य बार काउंसिलों से धारा 26(1) के अधीन प्राप्त ऐसे निर्देशों का निपटान भी करती है, जिनमें राज्य बार काउंसिल द्वारा किसी कारणवश नामांकन के आवेदन को रद्द करने का प्रस्ताव किया गया होता है तथा अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 48(क) के अधीन उन मामलों में पुनरीक्षण याचिकाओं की सुनवाई और निर्णय भी करती है, जिन मामलों में अधिवक्ताओं के विरुद्ध व्यावसायिक अथवा अन्य कदाचार की शिकायतों को राज्य बार काउंसिल द्वारा सरसरी तौर पर खारिज कर दिया गया होता है।

23. आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 252 में यह उपबंध है कि केंद्रीय सरकार, अधिनियम में प्रदत्त शक्तितयों का प्रयोग करने और कृत्यों का निर्वहन करने के लिए उतने न्यायिक सदस्यों और लेखा सदस्यों से, जितने वह ठीक समझे, एक अपीलीय अधिकरण का गठन करेगी। भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 में अंतर्विष्ट ऐसे ही उपबंध के अनुसरण में दिनांक 25 जनवरी, 1941 को आयकर अपीलीय अधिकरण की स्थापना की गई थी।

शक्तियां और कृत्यः

आयकर अधिनियम के अधीन गठित आयकर अपीलीय अधिकरण प्रत्यकक्ष कर के सभी मामलों में द्वितीय अपीलों तथा प्रशासनिक आयुक्तों के पुनरीक्षण आदेशों के विरूद्ध अपीलों के साथ–साथ आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 छ या 12क के अधीन पंजीकरण निषेध करने के आदेश का निपटान करता है।

आयकर अपीलीय अधिकरण की शक्तिययों का प्रयोग और कृत्यों का निर्वहन अधिकरण के अध्यक्ष द्वारा इसके सदस्यों में से गठित की गई न्यायपीठों द्वारा किया जाता है। सामान्यतः एक न्यायपीठ में एक न्यायिक सदस्य और एक लेखा सदस्य होता है। तथापि, उपयुक्त मामलों में अध्यक्ष के निर्णय से, पीठ में दो या उससे अधिक सदस्य शामिल हो सकते हैं। अध्यक्ष या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्तन प्राधिकृत किया गया अधिकरण का कोई अन्य सदस्य एकल रूप में बैठकर किसी मामले को निपटा सकेगा जो ऐसे न्यायपीठ को आबंटित किया गया है जिसका वह सदस्य है और जो ऐसे निर्धारिती से संबंधित है जिसकी मामले में निर्धारण अधिकारी द्वारा यथासंगणित कुल आय पचास लाख रूपये से अधिक नहीं है और अध्यक्ष, आयकर अधिनियम, 1961 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, किसी विशिष्ट मामले के निपटारे के लिए तीन या इससे अधिक सदस्यों का विशेष न्यायपीठ गठित कर सकेगा, जिसमें आवश्यक रूप से एक न्यायिक सदस्य और एक लेखा सदस्य होगा।

लंबित अपीलें

वर्ष 2017–18 के अंत तक आयकर अपीलीय अधिकरण में लंबित अपीलों की संख्या 92817 थी और

दिनांक 31 मार्च, 2019 को लंबित अपीलों की संख्या 92205 है।

निम्नलिखित सारणी से देखा जा सकता है कि नव–सृजित पीठों के चालू होने के बाद से लंबन को कम करने की वचनबद्धता के उत्साहजनक परिणाम रहे हैं :–

वर्ष	दाखिल की गई अपीलों की संख्या	निपटाई गई अपीलों की संख्या	वर्ष के अंत में लम्बित अपीलों की संख्या
2004–2005	57331	78901	137164
2005–2006	45283	73979	108468
2006–2007	43192	65524	86136
2007–2008	44356	59653	70839
2008–2009	40372	55889	55322
2009–2010	41648	49353	47617
2010–2011	44250	36293	55574
2011–2012	42346	33816	64104
2012–2013	43934	33752	74286
2013–2014	46031	31886	88643
2014–2015	45072	30494	103238
2015–2016	40087	51010	91971
2016–2017	48328	48385	92386
2017–2018	49693	49791	92817
2018–19	50735	51766	92205

लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए किए गए प्रयासः

सभी न्यामयपीठों को आवश्य क निर्देश जारी किए गए हैं कि वे आयकर अपीलीय अधिकरण, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों के अंतर्गत आने वाले मामलों की जांच करें और उनकी पहचान करें तथा प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पोस्ट करें। इनमें समूह के और छोटे मामले शामिल हैं। इसके अलावा, प्रशासनिक आयुक्तों द्वारा धारा 263 के अधीन तलाशी और जब्ती मामलों से संबंधित अपीलों तथा अपीलों के विरूद्ध निपटान को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी प्रकार, धारा 12क के अधीन धर्मार्थ संस्थाओं के पंजीकरण अस्वीकार करने और धारा 80छ के अधीन मान्यता स्वीकार न करने पर भी प्राथमिकता से कार्रवाई की गई। जब भी अधिकरण से संपर्क किया गया तब वरिष्ठ नागरिकों द्वारा की गई अपीलों पर भी प्राथमिकता से सुनवाई की गई। वित्ति अधिनियम, 2015 के अधीन आयकर अधिनियम, 1961 में यह संशोधन किया गया है कि 50 लाख तक की आय से संबंधित अपील की सुनवाई एकल–सदस्यीय पीठ द्वारा की जा सकती है। तदनुसार इसे लागू किया गया है। इस अवधि के दौरान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 255 की उपधारा (3) के उद्देश्य को पूरा करने के लिए 07 न्यायिक सदस्यों और 04 लेखा सदस्यों को एकल पीठ के लिए प्राधिकृत किया गया।

एक सदस्य वाले मामलों के लंबन के आंकड़े निम्नानुसार हैं:—

माह	कुल लम्बित मामले
जनवरी, 2018	8634
फरवरी, 2018	8831
मार्च, 2018	9122
अप्रैल, 2018	9592
मई, 2018	10155
जून, 2018	10295
जुलाई, 2018	10647
अगस्त, 2018	10968
सितम्बर, 2018	11327
अक्टूबर, 2018	11414
नवम्बर, 2018	11266
दिसम्बर, 2018	11741
जनवरी, 2019	11982
फरवरी, 2019	12459
मार्च, 2019	12657

धन कर के मामलों के लंबन के आंकड़े निम्नानुसार हैं :—

माह	कुल लम्बित मामले
जनवरी, 2018	470
फरवरी, 2018	451
मार्च, 2018	486
अप्रैल, 2018	481
मई, 2018	487
जून, 2018	526
जुलाई, 2018	576
अगस्तल, 2018	569
सितम्बर, 2018	587
अक्टूबर, 2018	588
नवम्बर, 2018	591
दिसम्बर, 2018	635
जनवरी, 2018	631
फरवरी, 2018	604
मार्च, 2018	610

कम्प्यूटरीकरणः

आयकर अपीलीय अधिकरण में कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया वर्ष 2000 के प्रारंभ में शुरू हुई थी और हाल के वर्षों में अधिकरण की दैनंदिन गतिविधियों में कई नवीन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से इसमें तेजी आई है। इन वर्षों में अधिकरण द्वारा अपने आदर्श वाक्य 'निष्पक्ष सुलभ सत्वर न्याय' को चरितार्थ करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं चलाई गई हैं।

उपलब्धियां :

(क) आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन परियोजनाः

यह पायलट परियोजना अधिकरण में न्यायिक प्रशासन की प्रक्रिया को स्वचालित बनाने की दिशा में उठाया गया पहला कदम है, जिसमें अपीलों और आवेदनों की प्राप्ति और पंजीकरण से लेकर उनका निपटान होने तक की स्थिति तथा अधिकरण के आदेशों को अपलोड किया जाता है। यह परियोजना अधिकरण के सभी पीठों में चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित की गई है। आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन एक वेब आधारित अनुप्रयोग है, जिसे कभी भी कहीं से भी प्रयोग किया जा सकता है। अब आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी पीठ आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन डाटाबेस से जोड़े जा चुके हैं तथा पंजीकरण, डाटा अपडेशन, अधिकरण के आदेश अपलोड करना आदि गतिविधियां वेब अनुप्रयोग द्वारा की जा रही हैं। इस परियोजना का वेब व डाटाबेस सर्वर इन–हाऊस स्थापित किया गया है और फाइबर ऑप्टिक केबल तकनीक पर 4 एमबीपीएस(1.1) की अति तीव्र गति की इंटरनेट लीज्ड लाइन द्वारा इसे जोड़ा गया है।

(ख) आई.टी.ए.टी. की आधिकारिक वेबसाइटः

आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन परियोजना के विस्तार के रूप में आयकर अपीलीय अधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट बनाई गई है और आम जनता को न्याायिक और सामान्यइ जानकारी देने के लिए चालू की गई है। इस आधिकारिक वेबसाइट को प्रयोक्तााओं के अधिक अनुकूल बनाने और वेबसाइटों के लिए भारत सरकार के दिशा–निर्देशों से अधिक सुग्राही और अद्यतन बनाने के लिए इसका डिजाइन फिर से तैयार किया गया है। इसमें अधिकरण में आने वाले वादकारियों की न्या यिक सूचनाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गतिशील सूचना जैसे कि वाद–सूची, संविधान, मामले की स्थिति, आदेश की खोज, निर्णयों की खोज आदि जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, वादकारियों को और आम जनता को छुट्टियों की सूची, निविदा और नीलामी, सूचनापट्ट, सूचना का अधिकार आदि स्थिर प्रकार की जानकारी भी सुलभ कराई गई है। इस वेबसाइट का व्यापक उपयोग हो रहा है और इसकी सराहना हुई है।

(ग) एन.आई.सी. ई–मेलः

आयकर अपीलीय अधिकरण के सामान्या प्रशासन में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाने और विभिन्न पीठों, सदस्यों और अधिकारियों के बीच प्रभावी संचार के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की ई–मेल सुविधाओं का उपयोग करता है। सभी पीठों, क्षेत्रों, सदस्यों, रजिस्ट्री के अधिकारियों, वरिष्ठ निजी सचिवों/ निजी सचिवों तथा कर्मचारियों की जरुरतों के अनुसार प्रधान कार्यालय के सभी अनुभागों के लिए एनआईसी ई–मेल खाते बनाए गए हैं। संचार के पारंपरिक तरीकों की तुलना में प्रयोग में आसान, तेज और आर्थिक व पारिस्थितिक दृष्टि से लाभदायक होने के कारण हाल के वर्षों में ई–मेल का प्रयोग उपयोगकर्ताओं के बीच स्वीकृति हासिल कर रहा है और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

(घ) आधारिक संरचना का उन्नतयन :

आयकर अपीलीय अधिकरण को हमेशा से लगता रहा है कि बेहतर कंप्यूटरीकरण के लिए बेहतर आधारिक संरचना होना जरूरी है। तदनुसार, आयकर अपीलीय अधिकरण चरणबद्ध तरीके से पुराने और अप्रचलित कंप्यूटरों, प्रिंटरों आदि उपकरण को बदल कर नए उपकरण लाता रहा है। आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी सदस्योंा को कार्यालय प्रयोग के लिए लैपटाप पहले ही दे दिए गए हैं।

(ङ) सीसीटीवी लगाना

भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने रिट याचिका (आपराधिक) सं. 99/2015 शीर्षक 'प्रद्युम्न बिष्ट बनाम भारत संघ और अन्य' में दिनांक 14.08.2017 के निर्णय के तहत यह निर्देश दिया कि आयकर अपीलीय अधिकरण सहित सभी अधिकरणों में ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

इस परिप्रेक्ष्य में, प्रारंभ में 17 प्रकार्यात्मक स्थान (आईटीएटी पीठ) के लिए सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध कराए गए थे। सीसीटीवी कैमरे अच्छी हालत में काम कर रहे हैं और नियमित रूप से रिकार्डिंग की गई है और 17 विभिन्न स्टेशनों पर स्थित पीठों अर्थात मुम्बई, दिल्ली, अहमदाबाद, आगरा, अमृतसर, बंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नै, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, पुणे, कोचीन, इंदौर, जयपुर, सूरत और विशाखापट्टनम से रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

(च) वेब एप्लीकेशन का पुर्नविकास और ई–फाइलिंग शुरू करना

आईटीएटी अपनी आधिकारिक वेबसाइट और वेब एप्लीकेशन को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों और मानकों के अनुरूप और अधिक सूचनाप्रद, प्रयोक्ता अनुकूल बनाने के लिए काफी समय से इसके सुधार पर विचार कर रहा है। आईटीएटी आयकर विभाग के अनुरोध पर आईटीएटी के ऑनलाइन डाटा को नेशनल जूडिशियल रेफरेंस सिस्टम (एनजेआरएस) परियोजना के साथ साझा करने पर विचार कर रहा है जिसके लिए वेब एप्लीकेशन में कुछ विशेषताएं विकसित करना आवश्यक है। तद्नुसार, उपर्युक्त जरूरतों को पूरा करने के लिए आईटीएटी ने द्विभाषी परियोजना का पुनर्विकास शुरू कर दिया है। आयकर अपीलीय अधिकरण ने इस परियोजना में एक नए माड्यूल सिटीजन टू गवर्नमेंट (सी2जी) माड्यूल अर्थात 'ई–फाइलिंग' को भी शामिल किया है जिससे वादकारी अपने घर से ही अधिकरण के समक्ष अपनी अपील और आवेदन ऑनलाइन दाखिल कर सकते हैं तथा इससे एसएमएस, ईमेल और मोबाइल एप्लिकेशन्स के द्वारा सूचना का प्रसार किया जा सकता है। इस परियोजना में, उचित समय पर न्यायालयों के कामकाज को कागज–विहीन कर देने का प्रावधान भी शामिल किया गया है। इस परियोजना के विकास का कार्य एनआईसीएसआई– पैनल विक्रेता को पहले ही सौंपा गया है। आधिकारिक वेबसाइट एंड्रायड आधारित मोबाइल एप्लीकेशन और वेब एप्लीकेशन के साथ पहले ही शुरू की गई है और ई–फाइलिंग माड्यूल संभवतः आने वाले महीनों में शुरू कर दिए जाएंगे।

(छ) ई– न्यायालय

इस अवधि के दौरान, रांची, पटना पीठों में ई–न्यायालय की स्थापना की गई। आयकर अपीलीय अधिकरण के अहमदाबाद, कोलकाता और दिल्ली पीठों को क्रमशः राजकोट, गुवाहाटी, रांची, पटना और जबलपुर पीठ से जोड़ते हुए कार्यवाहियां संचालित की गईं। ई–न्यायालय के माध्यम से इन स्थानों पर क्रमशः कुल 1005 अपीलों पर सुनवाई की गई। वर्तमान में, सूरत, अमृतसर और कटक पीठ स्थित ई–न्यायालय

के विकास के लिए तीन और पीठ प्रक्रियाधीन हैं।

आईटीएटी के विभिन्न पीठों में ई–न्यायालय के विकास की स्थिति इस प्रकार है : –

क्र.सं.	स्थिति	पीठें
1.	कार्यरत पीठ(पीठें)	अहमदाबाद क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर पीठ, राजकोट पीठ, गुवाहाटी पीठ, रांची पीठ, पटना पीठ
2.	कार्य करने हेतु तैयार पीठ(पीठें)	मुम्बई मुख्यालय, बंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर पीठ, इलाहाबाद पीठ
3.	प्रक्रियाधीन पीठ(पीठें)	अमृतसर पीठ, कटक पीठ, सूरत पीठ, नागपुर पीठ, पणजी पीठ

(ज) नई पीठों की स्थापना :–

इस अवधि के दौरान आईटीएटी, सूरत की एक पीठ की स्थापना की गई। तत्पश्चात, अधिकारिता के परिवर्तन के संबंध में आईटीएटी के स्थायी आदेश में उचित संशोधन किए गए थे।इस अवधि के दौरान आईटीएटी के वाराणसी सर्किट पीठ की स्थापना की गई और माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 14 जुलाई, 2018 को इसका उद्घाटन किया गया था। इस अवधि के दौरान, आईटीएटी की देहरादून सर्किट पीठ तैयार किया गया और इसके शीघ्र ही क्रियाशील होने की आशा है।

(झ) आयकर अपीलीय अधिकरण का अपना भवन

आयकर अपीलीय अधिकरण ने पुणे, बंगलूरू, जयपुर, लखनऊ और गुवाहाटी में कार्यालय–सह–आवासीय क्वापर्टरों के निर्माण के लिए भूमि अर्जित की है। उड़ीसा सरकार ने आयकर अपीलीय अधिकरण, कटक पीठ को कटक में कार्यालय भवन और कर्मचारियों के क्वार्टरों के निर्माण के लिए 1.601 एकड़ का भू–खंड आबंटित किया है। इसके अतिरिक्त, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली स्थित कार्यालय परिसरों के लिए स्थान अर्जित करने के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण ने एनबीसीसी लि. के साथ करार पर हस्ताक्षर किया है।

(ञ) हितकारी निधि

आयकर अपीलीय अधिकरण में एक हितकारी निधि बनाई गई है, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारिवृंद के स्वैच्छिक अभिदाय से राशि संगृहीत की गई है। अध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण इस निधि के संरक्षक हैं। अधिकारी और कर्मचारिवृंद इस निधि में स्वैच्छिक रूप से अभिदाय करते हैं तथा निधि के नियमों के अधीन बनाई गई समिति की सिफारिश पर ऐसे कर्मचारियों को, जिन्हें चिकित्सा और अन्य आपात स्थितियों में मदद की जरूरत होती है, आर्थिक सहायता दी जाती है।

(ट) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी न्यायपीठों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियां गठित की गई हैं ताकि राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित राजभाषा नीति के उचित कार्यान्वयन पर नजर रखी जा सके और मार्गदर्शन दिया जा सके।

हिंदी में पत्र व्यवहार के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में हुई प्रगति तथा इसके कार्यान्वयन को संबंधित न्यायपीठ द्वारा मॉनीटर किया जाता है और न्यायपीठों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही रिपोर्टों की मुम्बई स्थित मुख्यालय द्वारा नियमित रूप से जांच की जाती है। राजभाषा विभाग, भारत सरकार की हिंदी शिक्षण योजना के अधीन पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों को नामित करके उन्हें हिंदी/हिंदी टंकण/हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षण दिलाया जाता है।

न्यायपीठों में राजभाषा नीति के उचित रूप से कार्यान्वयन के लिए और हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा हिंदी में काम करने में अधिकारियों/कर्मचारियों की झिझक दूर करने के लिए हिंदी कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं।

राजभाषा अधिनियम, 1963 के उपबंधों के अनुसार, हिंदी में कार्य करके हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

इस वर्ष सभी न्यायपीठों में हिंदी की पुस्तकें खरीदनें के लिए पर्याप्त निधि मुहैया कराई गई है। राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों के अनुसार आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी कार्यालयों में राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी पुस्तकों (अर्थात कुल पुस्तकालय अनुदान का 50 प्रतिशत) की खरीद पर व्यय के लिए निदेश दिए गए हैं।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के संबंध में जागरूकता लाने के लिए तथा इसके उत्तरोत्तर प्रयोग की गति को बढ़ाने के लिए सभी पीठों में हिंदी दिवस तथा हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया।

आयकर अपीलीय अधिकरण, मुख्यालय, मुम्बई के लिए एक वार्षिक जर्नल 'सृजन' का प्रकाशन किया गया है। इसमें आयकर अपीलीय अधिकरण के सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लिखित लेख, कहानी, कविता और यात्रावृत इत्यादि के अतिरिक्त हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम, हिंदी कार्यशाला के चित्र भी प्रकाशित किए जाते हैं।

(ठ) अन्य महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम और क्रियाकलाप

आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी पीठों पर पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार "स्वच्छता पखवाड़ा" आयोजित किया गया था। आईटीएटी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को "स्वच्छता शपथ" दिलाई गई थी।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल ने न्याय करने में क्षमता निर्माण और उत्कृष्टता को बढ़ाने की दृष्टि से आयकर अपीलीय अधिकरण के सदस्यों के लिए दो संगोष्ठियों का आयोजन किया। ऐसी प्रथम संगोष्ठी दिनांक 21 से 23 सितम्बर, 2018 तक आयोजित की गई थी जिसमें 42 सदस्यों ने भाग लिया था। द्वितीय संगोष्ठी दिनांक 4 से 6 जनवरी, 2019 तक आयोजित की गई थी जिसमें 38 सदस्यों ने भाग लिया था।

आयकर अपीलीय अधिकरण के पर्यवेक्षी कर्मचारी–वर्ग के लिए दिनांक 15 और 16 फरवरी, 2019 को जयपुर में एक अखिल भारतीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था। आईटीएटी के कर्मचारी और अधिकारियों को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण मामलों के संचालन, प्रशासनिक मामलों और रोकड़ियों के प्रशिक्षण जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण के लिए साल भर भेजा गया है। उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं जैसे आईएसटीएम, नई दिल्ली, आईएनजीएएफ, मुम्बई और एनआईएफएम, फरीदाबाद भेजा गया है।

आयकर अपीलीय अधिकरण ने अपने सभी पीठों पर दिनांक 25 जनवरी, 2019 की 78वीं स्थापना दिवस मनाया।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिनांक 06.03.2019 को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बंगलुरू स्थित नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

सेवाओं में विकलांग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और भूतपूर्व सैनिक आदि के प्रतिनिधित्व के संबंध में निर्देशों का कार्यान्वयनः

विकलांग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों और भूतपूर्व सैनिक आदि के लिए नियुक्तियों में रियायत के संबंध में भारत सरकार के निर्देशों को वर्ष 2018–19 के दौरान भी विधिवत कार्यान्वित किया गया है और आयकर अपीलीय अधिकरण की सेवाओं में इन वर्गों के प्रतिनिधित्व के संबंध में सांख्यिकीय आंकड़े **अनुबंध–V** में दिए गए हैं।

24. सतर्कता संबंधी गतिविधियां :–

विधि और न्याय मंत्रालय का सतर्कता एकक विधि कार्य विभाग (आयकर अपीलीय अधिकरण सहित) और विधायी विभाग की सतर्कता संबंधी गतिविधियों को देखता है। सतर्कता एकक का प्रमुख संयुक्त सचिव रैंक का मुख्य सतर्कता अधिकारी होता है जिसे केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहमति से नियुक्त किया जाता है। वर्तमान में, सतर्कता एकक के प्रमुख डॉ. राजीव मणि, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार हैं। इन दोनों विभागों की सतर्कता संबंधी गतिविधियों का समग्र उत्तरदायित्व मुख्य सतर्कता अधिकारी पर होता है। मुख्य सतर्कता अधिकारी इन दोनों विभागों के सतर्कता ढांचे का केंद्र बिन्दु होता है और उसे निम्नलिखित कार्य सौंपे गए हैं:–

- कदाचार/प्रलोभन की संभावना वाले संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना तथा शासकीय कार्यकरण में सत्यनिष्ठा/कार्यकुशलता सुनिश्चित करने के लिए रोकथाम के उपाय करना;
- भ्रष्टाचार निवारण उपायों के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्तिक के लिए उचित कार्रवाई करना ;
- शिकायतों की जांच करना और जांच पड़ताल के उचित उपाय शुरू करना ;
- उक्त का निरीक्षण करना तथा अनुवर्ती कार्रवाई करना ;
- केन्द्रीय जांच ब्यूरो की अन्वेषण रिपोर्टों पर विभाग की टिप्पणियों को केंद्रीय सतर्कता आयोग को प्रस्तुत करना ;
- विभागीय कार्यवाहियों के संबंध में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सलाह पर उचित कार्रवाई करना अथवा अन्यथा;
- जहां भी आवश्यक हो, केंद्रीय सतर्कता आयोग की प्रथम और द्वितीय चरण की सलाह प्राप्त करना; और
- जहां भी आवश्यक हो, दिए जाने वाले दंड की प्रकृति और परिमाण के संबंध में संघ लोक सेवा आयोग की सलाह प्राप्त करना।

2. कदाचार और प्रलोभन की संभावना वाले संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने पर जोर देते हुए

निवारक प्रकृति की सतर्कता को उच्च प्राथमिकता देना जारी रखा गया। इस संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा समय–समय पर जारी किए गए दिशा–निर्देशों/अनुदेशों का पालन किया गया है। दिनांक 29 अक्तूबर, 2018 से 03 नवंबर, 2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

25. लिंग आधारित मुद्दे :–

इस विभाग द्वारा दोनों विभागों अर्थात विधि कार्य विभाग और विधायी विभाग के कर्मचारियों की यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतों को देखने के लिए दिनांक 07 फरवरी, 2019 के आदेश के तहत महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 4 के अधीन शिकायत समिति गठित की गई है। उक्त शिकायत समिति सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के प्रयोजन के लिए अनुशासनिक प्राधिकरण द्वारा नियुक्त जांच प्राधिकरण समझी जाएगी। शिकायत समिति की रिपोर्ट को जांच रिपोर्ट माना जाएगा। यह समिति महिला कर्मचारियों द्वारा की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच करेगी और यदि आवश्यक हुआ तो स्वसयं जांच करेगी। जांच के पूरा होने के बाद, समिति आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए संयुक्त सचिव (प्रशासन–1), विधि कार्य विभाग को निष्कर्ष प्रस्तुत करेगी। वर्तमान में इस समिति की प्रमुख डॉ. रीटा वशिष्ठ, अपर सचिव, विधायी विभाग हैं।

दिनांक 31.01.2019 की स्थिति के अनुसार, विधि कार्य विभाग तथा विधायी विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या तथा उनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों, भूतपूर्व सैनिकों तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध–VI** में दिया गया है।

विधि कार्य विभाग (विधायी विभाग सहित) में महिला कर्मचारियों की संख्या का विवरण **अनुबंध–VII** में दिया गया है।

26. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

विधि कार्य विभाग द्वारा उसके मुख्य सचिवालय में तथा सभी शाखा सचिवालयों अर्थात कोलकाता, चेन्नै, मुम्बई और बंगलुरु में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विधि कार्य विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों के लाभ हेतु प्रशिक्षित योग शिक्षकों के पर्यवेक्षण में योग प्रदर्शन किया गया। विधि सचिव सहित विधि कार्य विभाग के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया और प्रशिक्षकों द्वारा प्रदर्शित सभी योगासनों को किया।

शाखा सचिवालय, चेन्नै में दिनांक 19 और 21 जून, 2018 को कृष्णामाचारी योग मंदिरम, चेन्नै संकाय द्वारा दो घंटे का योग सत्र आयोजित किया गया और उसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। सामान्यतः उसी उत्साह के साथ दिनांक 21 जून, 2018 को शाखा सचिवालय, कोलकाता, मुम्बई और बंगलुरु में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। समारोह के चित्र **अनुबंध–VIII** पर दिए गए हैं।

27. स्वच्छ भारत अभियान

सरकार के निदेशानुसार, दिनांक 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2018 तक विधि कार्य विभाग और उसके कोलकाता, मुंबई, चेन्नै और बेंगलूरू स्थित शाखा सचिवालयों और देश में आयकर अपीलीय अधिकरण कार्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

माननीय विधि और न्याय एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने स्वच्छ भारत मिशन के एक भाग के रूप में विधि कार्य विभाग द्वारा मनाए गए इस स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर अपना संदेश

दिया। विभाग और उसके शाखा सचिवालयों द्वारा दिनांक 15 सितम्बर, 2018 से 2 अक्तूबर, 2018 की अवधि को 'स्वच्छता ही सेवा' के रूप में मनाया गया था। माननीय मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शास्त्री भवन परिसर में और उसके आस–पास स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसके लिए मुख्य सचिवालय, शाखा सचिवालयों में पोस्टर और बैनर लगाए गए ताकि स्वच्छता के संदेश का अधिकारिक प्रचार–प्रसार हो सके। इस अवधि के दौरान, स्वच्छता अभियान के तहत परिकल्पित की गई गतिविधियां जैसे कि कार्यालय रिकार्ड का डिजिटलीकरण, सामान्य रखरखाव, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आस–पास के क्षेत्रों की साफ–सफाई और सौंदर्यीकरण, स्वच्छता कार्यशाला इत्यादि शुरू की गई। विधि कार्य विभाग में स्वच्छ भारत अभियान की गतिविधियों के चित्र **अनुबंध–IX** में दिए गए हैं।

28. संविधान दिवस

दिनांक 26 नवम्बर, 2018 को 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर भारत के संविधान की 'उद्देशिका' का वाचन भी किया गया।

भारत का संविधान

उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक [1][संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य] बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की स्वतंत्रता,
प्रतिष्ठा और अवसर की समता

प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में

व्यक्ति की गरिमा और [2][राष्ट्र की एकता
और अखंडता] सुनिश्चित करने वाली बंधुता

बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ।

---

[1] संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3-1-1977 से) "प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3-1-1977 से) "राष्ट्र की एकता" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

29. 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन (मिनिमम गवर्नमेंट एंड मैक्सिमम गवर्नेंस)' के अधीन उठाए गए कदम

i. शासकीय प्रक्रिया का सरलीकरण :–

प्रशासन IV अनुभाग केंद्रीय सचिवालय सेवा की तीन सेवाओं अर्थात केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस), केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा (सीएसएसएस) और केंद्रीय सचिवालय लिपिकीय सेवा (सीएससीएस) संवर्ग में आने वाले कर्मचारियों का नियंत्रक प्राधिकरण है। प्रशासनिक मामलों का संचालन करने में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाता है।

ii. डिजिटल इंडिया : डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:–

(क) लिम्ब्स (विधिक सूचना प्रबंध और ब्रीफिंग प्रणाली)

विधिक सूचना प्रबंध और ब्रीफिंग प्रणाली (लिम्ब्स) न्यायलयी मामलों की सक्रिय निगरानी के लिए एक वेब आधारित एप्लीकेशन है। विधि कार्य विभाग द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 2016 को जारी किए गए राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और उसके विभागों, उप विभागों, संलग्न कार्यालयों को लिम्ब्स की परिधि में शामिल किया गया है।

यह एक नवीन और आसान ऑनलाइन उपकरण है जो सभी पणधारियों अर्थात सरकारी अधिकारियों, विभागों के उपयोगकर्ताओं, नोडल अधिकारियों, मंत्रालयों के उच्च अधिकारियों, अधिवक्ताओं, मध्यस्थों और 62 मंत्रालयों के दावेदारों हेतु नवीनतम सूचना अपलोड करने के लिए 24x7 उपलब्ध है जो सार्वजनिक राजकोष पर भ्रम, विलम्ब और अत्यधिक वित्तीय भार को कम करते हुए वास्तविक समय के आधार पर एक साथ एकल एकीकृत प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है।

3.5 वर्षों की अल्पकालिक अवधि में लिम्ब्स ने 4.61 लाख न्यायलयी मामलों के डाटाबेस को केंद्रीयकृत किया है, जिसके अंतर्गत भारत संघ (यूओआई) एक पक्षकार के रूप में है; 4410 माध्यस्थम मामले हैं और 16000 से अधिक अधिवक्ताओं (31.03.2009 तक) का विवरण है।

लिम्ब्स मूल विवरणों जैसे न्यायालय का नाम, मामला संख्या, दाखिल करने की तारीख, याचिकाकर्ता और प्रतिवादी का नाम, मामले का पूर्व वृत्त, प्रतिवादी और याचिकाकर्ता के अधिवक्ता का नाम और मोबाइल नम्बर, न्यायाधीश का नाम, मामले का वर्ग, मामले की स्थिति, अगली सुनवाई की तारीख, पिछली सुनवाई का विवरण आदि समाहित करता है। मानहानि और महत्वपूर्ण मामलों की उच्च प्राथमिकता है इसलिए इन्हें अलग से दर्शाया गया है। उपयोगकर्ताओं, अधिवक्ताओं, संबंधित अधिकारी, नोडल अधिकारी और मंत्रालयों/विभागों के सचिवों को आगामी महत्वपूर्ण मामलों, मानहानि मामलों, एसएलपी/अपीलों आदि से संबंधित ऑटो जेनरेटेड एसएमएस एलर्ट भेजे जाते हैं। एक पृष्ठ की सारांश रिपोर्ट और लेखाचित्र ने मंत्रालयों में विधिक प्रक्रिया के कामकाज में प्रत्यक्ष सुधार किया है। इसके अलावा, महत्वपूर्ण मामलों को अधिक सक्रिय तौर पर मॉनीटर करने के लिए लिम्ब्स में एक साधारण हस्तक्षेप को विकसित किया गया है। महत्वपूर्ण मामलों के लिए उच्च प्राथमिकता को निर्दिष्ट किया गया है। एक मंत्रालय का नोडल अधिकारी सचिव के अनुमोदन से महत्वपूर्ण मामलों को चिन्हित कर सकता है। एसएलपी/अपीलों को दाखिल करने की भौतिक कार्यविधि की समय–सीमा निर्धारित करने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस (एसडब्ल्यूसी) उपयोगिता को विकसित किया गया है। हाल ही में, लिम्ब्स को एपीआई के माध्यम से डाटा साझा करने के लिए ई–न्यायालय वेबसाइट के साथ एकीकृत किया गया है।

(ख) एनडीएसएपी (राष्ट्रीय डाटा सहभागिता और अभिगम्यता नीति)

इस नीति का उद्देश्य भारत सरकार के पास उपलब्ध बांटने योग्य डाटा और सूचना को मानव द्वारा पढ़ने योग्य तथा मशीन द्वारा पढ़ने योग्य रूप में एक नेटवर्क के माध्यम से सक्रिय तौर पर और समय–समय पर अद्यतन करने योग्य तरीके से भारत सरकार की विभिन्न संबंधित नीतियों, अधिनियमों और नियमों के ढांचे के भीतर देशभर में उपलब्ध करवाना है, ताकि यह अधिकाधिक लोगों तक पहुंच सके और सार्वजनिक डाटा और सूचना का अधिकाधिक उपयोग हो सके।

एनडीएसएपी के लाभः–

(क) अधिकतम उपयोग

(ख) दोहराव से बचाव

(ग) अधिकतम समेकन

(घ) स्वामित्व की जानकारी

(ङ) बेहतर निर्णय लेना

(ग) ई–ऑफिस

ई–ऑफिस के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैंः–

(क) सरकारी कार्रवाइयों की दक्षता, स्थिरता और प्रभावशीलता में सुधार करना।

(ख) प्रतिवर्तन समय को कम करना और नागरिक–चार्टर की मांगों को पूरा करना।

(ग) प्रशासन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रभावी संसाधन प्रबंधन उपलब्ध कराना।

(घ) प्रक्रिया में होने वाले विलम्ब को कम करना।

(ङ) पारदर्शिता और जवाबदेही लागू करना।

(च) इस प्रणाली से सरकारी कार्यालयों में फाइलों की आवाजाही स्वचालित होगी।

(i) निर्णय लेने के स्तरों को कम करना– कुछ मामलों में जैसे कि अवकाश की मंजूरी आदि के लिए शक्ति प्रत्यायोजित की गई है।

(ii) पेंशन मामलों में ऑनलाइन प्रक्रियादृ पेंशन के मामलों पर ऑनलाइन कार्रवाई की जा रही है।

30. दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान माननीय मंत्री, विधि कार्य विभाग के अधिकारियों और विधि अधिकारियों द्वारा किए गए विदेश दौरों का विवरणः

क्र.सं.	नाम और पदनाम	देश का नाम	दौरे का प्रयोजन
1.	श्री सुरेश चंद्रा, तत्कालीन सचिव, विधि कार्य विभाग	जिनेवा, स्विटजरलैंड	दिनांक 25 से 27 जनवरी, 2018 स्विस लॉ फर्म के माध्यम से भारत गणराज्य बनाम डच टेलीकॉम ऐजी जर्मनी मामलों में अंतरिम पंचाट को चुनौती देने के लिए अपील के मसौदे को तैयार करने हेतु।
		द हेग, नीदरलैंड	दिनांक 30 मार्च, 2018, एंट्रिक्स देवास मामले में न्यायालय की सुनवाई में भाग लेने हेतु।

		बिश्केक, किर्गिज़स्तान	दिनांक 3 से 4 मई, 2018 तक विधि सेवा में विशेषज्ञ समूह और न्याय मंत्रालयों के राज्यों के शंघाई सहयोग संगठन(एससीओ) के राज्य सदस्यों के फोरेंसिक विशेषज्ञों की बैठक में भाग लेने हेतु।
		लंदन, यूनाइटेड किंगडम	माननीय विधि और न्याय मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में दिनांक 6 से 10 जुलाई, 2018, भारत और यूके के बीच विधि और न्यायिक सहयोग पर समझौता–ज्ञापन को अंतिम रूप देने हेतु।
2.	श्री रामायण यादव, अपर सचिव	मॉरिशस	दिनांक 18 से 20 अगस्त, 2018 11वीं विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने हेतु।
3.	श्री जी.एस. यादव, संयुक्त सचिव और विधि सलाहकार	मिन्स्क, बेलारूस	दिनांक 3 से 7 सितम्बर, 2018, भारत गणराज्य और बेलारूस गणराज्य के बीच वाणिज्यिक और सिविल मामले में पारस्परिक विधि सहायता पर करार के मसौदे पर चर्चा करने हेतु।
4.	डॉ. राजीव मणि, संयुक्त सचिव और विधि सलाहकार	लंदन, यूनाइटेड किंगडम	माननीय विधि और न्याय मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के रूप में दिनांक 6 से 10 जुलाई, 2018, भारत और यूके के बीच विधि और न्यायिक सहयोग पर समझौता–ज्ञापन को अंतिम रूप देने हेतु।
		लंदन, यूनाइटेड किंगडम	दिनांक 1 से 3 अक्तूबर, 2018, कॉमनवेल्थ विधि मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष रूप में।
		वाशिंगटन डी सी	दिनांक 5 से 9 नवम्बर, 2018, विश्व बैंक के विधि, न्याय और विकास (एलजेडी) सप्ताह– 2018 में भाग लेने हेतु।
5.	डॉ. अंजु राठी राणा, संयुक्त सचिव और विधि सलाहकार	मास्को, रूस	दिनांक 7 जून, 2018, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य राज्य और स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल के अभियोजन सेवाओं के विशेषज्ञों की बैठक में भाग लेने हेतु।
		दुशानबे, ताजिकिस्तान	दिनांक 20 सितम्बर, 2018, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के महाभियोजक की 16वीं बैठक में भाग लेने हेतु।
		वियना, ऑस्ट्रिया	संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) द्वारा दिनांक 15 से 17 जनवरी, 2019

			"दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशिया में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले हिंसक अतिवाद के विरूद्ध आपराधिक न्याय प्रतिक्रियाओं में लिंग मुख्यधारा को मजबूत करना" परियोजना को लागू करने के लिए क्रॉस–क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लेने हेतु।
6.	श्री एम. खण्डेलवाल, अपर सरकारी अधिवक्ता	माराकेश, मोरक्को	दिनांक 2 से 4 अप्रैल, 2018, पहले अंतरराष्ट्रीय न्याय सम्मेलन में भाग लेने हेतु।
7.	श्री आर. के. श्रीवास्तव, अपर विधि सलाहकार	रबात, मोरक्को	दिनांक 3 से 4 मई, 2018, समझौता वार्ता में भाग लेने हेतु।
		मिन्स्क, बेलारूस	3 से 7 सितम्बर, 2018, सिविल और वाणिज्यिक मामले में पारस्परिक विधि सहायता संधि पर भारत गणराज्य और बेलारूस गणराज्य के बीच करार के मसौदे पर चर्चा करने हेतु।
8.	डॉ. आर. जे. आर. काशीभाटला, उप विधि सलाहकार	योग्यकर्ता, इंडोनेशिया	दिनांक 5 से 9 फरवरी, 2018, 21वीं क्षेत्रीय सहयोग आर्थिक साझेदारी और संबंधित बैठक में भाग लेने हेतु।
		ताइपे, ताइवान	दिनांक 29 से 30 मार्च, 2018 ताइपे में भारत–ताइपे एसोसिएशन और भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि के चौथे दौर में भाग लेने हेतु।
		न्यूयॉर्क, यूएसए	दिनांक 28 जून से 6 जुलाई, 2018 संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग (यूएनसीआईटीआरएएल) के 51वें वार्षिक सत्र में भाग लेने हेतु।
		बैंकाक	दिनांक 20–27 जुलाई, 2018, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) की 23वीं वार्ता में भाग लेने हेतु।
		सिंगापुर	दिनांक 12 से 14 अगस्त, 2018 क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी विषयक निवेश (आरसीईपी–डब्ल्यूजी आई) कार्यसमूह की अंतर–सत्रीय बैठक में भाग लेने हेतु।
		ऑक्लैंड, न्यूजीलैंड	दिनांक 21 से 27 अक्तूबर, 2018 क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी व्यापार–वार्ता(आरसीईपीटीएनसी 24) की 24वीं बैठक में भाग लेने हेतु।
		सिंगापुर	दिनांक 8 से 11 नवम्बर, 2018 अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थम में निसान मोटर्स लिमिटेड संबंधित न्यायिक सुनवाई में भाग लेने हेतु।

		पेरिस, फ्रांस	दिनांक 19 से 20 दिसम्बर, 2018 कार्यन एनर्जी माध्यस्थम मामले की आखिरी मौखिक सुनवाई में भाग लेने हेतु।
		द हेग, नीदरलैंड	दिनांक 11 से 14 फरवरी, 2019 वोडाफोन माध्यस्थम मामले की आखिरी सुनवाई में भाग लेने हेतु।
		बाली, इंडोनेशिया	दिनांक 21 से 28 फरवरी, 2019 क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीइपी) के 25वें दौर में निवेश विषयक कार्यसमूह में भाग लेने हेतु।
		सिंगापुर	दिनांक 29 अप्रैल से 10 मई, 2019 वेदांता माध्यस्थम मामले की आखिरी सुनवाई में भाग लेने हेतु।
		बैंकाक, थाइलैंड	दिनांक 28 से 31 मई, 2019 क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी के निवेश विषय कार्यसमूह (आरसीईपी–डब्ल्यूजीआई) की 5वीं अंतर–सत्रीय बैठक में भाग लेने हेतु।
9.	श्री ओ. वेंकटेश्वरलू, उप विधि सलाहकार	सेंट पीटर्सबर्ग	दिनांक 15 से 19 मई, 2018 सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय विधि फोरम में भाग लेने हेतु।
10.	श्रीमती पूनम सूरी, उप विधि सलाहकार	वियना	दिनांक 29 अक्तूबर से 3 नवम्बर, 2018, यूएनसीआइटीआरएएल कार्यसमूह–प्प निवेशक– राज्य विवाद समाधान सुधार के 36वें सत्र में भाग लेने हेतु।
11.	डॉ. डी.वी.राव, उप विधि सलाहकार	बैंकॉक, थाइलैंड	दिनांक 20 से 24 अगस्त, 2018, विधि प्रवर्तन अभिकरण के छह दिवसीय परिचय कार्यक्रम में भाग लेने हेतु।
12	सुश्री आरती चोपड़ा, उप विधि सलाहकार	न्यूयार्क, यूएसए	दिनांक 5 से 9 फरवरी, 2018 संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग, कार्यसमूह–II (विवाद निपटान) के 68वें सत्र में भाग लेने हेतु।
13.	श्री के.एम.आर्य, अपर विधि सलाहकार	जिनेवा, स्विटजरलैंड	दिनांक 25 से 27 जनवरी, 2018 स्विस लॉ फर्म के माध्यम से डच टेलीकॉम एजी जर्मनी बनाम भारत गणराज्य के मामले में अंतरिम पंचाट को चुनौती देने के लिए अपील का मसौदा तैयार करने हेतु।
		द हेग, नीदरलैंड	दिनांक 13 से 21 जुलाई, 2018 मॉरीशस क्वांटम माध्यस्थम मामले की सुनवाई में भाग लेने हेतु।
		जिनेवा, स्विटजरलैंड	दिनांक 11 दिसम्बर, 2018 जिनेवा के डच टेलीकॉम एजी जर्मनी बनाम भारत गणराज्य मामले में स्विस फेडरल ट्रिब्यूनल द्वारा बुलाई गई पब्लिक डेलीब्रेशन में भाग लेने हेतु।

		पेरिस, फ्रांस	दिनांक 27 अप्रैल से 3 मई, 2019 एंट्रिक्स देवास मामले में क्वांटम फेस ऑफ आर्बिट्रेशन हीयरिंग के लिए मौखिक सुनवाई में भाग लेने हेतु।
14.	श्री हेंमत कुमार, अपर विधि सलाहकार	नाडी, फिजी	दिनांक 12 से 13 फरवरी, 2019 संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग (यूएनसीआईटीआरएएल) के क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थम सम्मेलन में भाग लेने हेतु।

अध्याय–II

विधायी विभाग

जहां तक भारत सरकार के विधायी कारबार का संबंध है, विधायी विभाग मुख्य रूप से एक सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करता है। यह विभाग विभिन्न प्रशासनिक विभागों तथा मंत्रालयों के विधायी प्रस्तावों को सुगम एवं त्वरित रूप से संसाधित करने का कार्य सुनिश्चित करता है।

1. कृत्य

1.1 भारत सरकार का एक सेवा–उन्मुख विभाग होने के नाते विधायी विभाग निम्नलिखित विषयों से संबंधित है, अर्थात :–

(i) सभी विधायी प्रस्तावों के संबंध में प्रारूपण की दृष्टि से मंत्रिमंडल के लिए टिप्पणों की संवीक्षा करना ;

(ii) संविधान (संशोधन) विधेयक सहित सभी सरकारी विधेयकों को, संसद में पुरःस्थापित करने के लिए उनका प्रारूपण तैयार करना तथा उनकी विधीक्षा करना, सभी विधेयकों का हिन्दी में अनुवाद करना और विधेयकों के अंग्रेजी और हिन्दी, दोनों पाठ लोक सभा अथवा राज्य सभा सचिवालय को भेजना; विधेयकों के सरकारी संशोधनों का प्रारूप तैयार करना, गैर–सरकारी संशोधनों की संवीक्षा करना और प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को यह विनिश्चय करने में सहायता देना कि गैर–सरकारी संशोधन स्वीकार किए जाने योग्य हैं या नहीं ;

(iii) अधिनियमित किए जाने से पहले विधेयक जिन प्रक्रमों से होकर गुजरता है उन सभी प्रक्रमों पर संसद तथा संसद की संयुक्त/स्थायी समितियों की सहायता करना। इसके अंतर्गत समितियों के लिए रिपोर्टों तथा पुनरीक्षित विधेयकों की संवीक्षा करना और उन्हें तैयार करने में सहायता देना भी है ;

(iv) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किए जाने वाले अध्यादेशों का प्रारूप तैयार करना ;

(v) जिन राज्यों में राष्ट्रपति शासन हो, उनके संबंध में राष्ट्रपति के अधिनियमों के रूप में अधिनियमित किए जाने वाले विधान का प्रारूपण करना ;

(vi) राष्ट्रपति द्वारा बनाए जाने वाले विनियमों का प्रारूपण करना ;

(vii) संवैधानिक आदेशों अर्थात उन आदेशों का प्रारूप तैयार करना, जिन्हें संविधान के अधीन जारी किया जाना अपेक्षित है ;

(viii) सभी कानूनी नियमों, विनियमों, आदेशों, अधिसूचनाओं, संकल्पों और स्कीमों, आदि की संवीक्षा और विधीक्षा करना तथा हिंदी में उनका अनुवाद करना;

(ix) समवर्ती क्षेत्र के ऐसे राज्य विधान की संवीक्षा करना, जिसके लिए संविधान के अनुच्छेद 254 के अधीन राष्ट्रपति की अनुमति अपेक्षित है ;

(x) संघ राज्य क्षेत्रों के विधान–मंडलों द्वारा अधिनियमित किए जाने वाले विधानों की संवीक्षा करना;

(xi) संसद, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के विधान–मंडलों तथा राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचन ;

(xii) निर्वाचनों में हुए व्यय का संघ और राज्यों तथा विधान–मंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों के बीच प्रभाजन;

(xiii) भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाचन सुधार ;

(xiv) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950; लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951; निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा–शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1991 का प्रशासन ;

(xv) निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा–शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1991 के अधीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से संबधित विषय ;

(xvi) संसदीय एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन संबंधी मामले ;

(xvii) संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची के अंतर्गत स्वीय विधियों, संपत्ति अंतरण, संविदाओं, साक्ष्य और सिविल प्रक्रिया आदि से संबंधित विषयों पर विधान ;

(xviii) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों, आदि के अधिकारियों को विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण प्रदान करना ;

(xix) केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी और संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट अन्य भाषाओं में उनके प्राधिकृत अनुवाद का प्रकाशन करना और विधिक तथा सांविधिक दस्तावेजों का भी अनुवाद करना।

(xx) सांविधिक, सिविल तथा दांडिक विधियों से संबंधित मामलों में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के चयनित निर्णयों के हिन्दी अनुवाद का विधि पत्रिकाओं के रूप में प्रकाशन।

(2) विधायी विभाग के नियंत्रणाधीन कोई कानूनी या स्वशासी निकाय नहीं है। इसके अधीन दो अन्य खंड हैं अर्थात्, राजभाषा खंड और विधि साहित्य प्रकाशन, जो विधि के क्षेत्र में हिन्दी और अन्य राजभाषाओं के प्रसार के लिए उत्तरदायी हैं।

(क) विधायी विभाग का राजभाषा खंड मानक विधि शब्दावली तैयार करने और प्रकाशित करने और राजभाषा अधिनियम, 1963 के अधीन यथा अपेक्षित संसद में पुरःस्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों, सभी केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों, अधीनस्थ विधानों आदि का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए उत्तरदायी है। यह खंड प्राधिकृत पाठ (केन्द्रीय विधि) अधिनियम, 1973 के अधीन यथा अपेक्षित संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट राजभाषाओं में केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों आदि के अनुवाद की व्यवस्था करने के लिए भी उत्तरदायी है। राजभाषा खंड हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और प्रसार में लगे विभिन्न रजिस्ट्रीकृत स्वैच्छिक संगठनों और ऐसे संगठनों, जो सीधे विधिक साहित्य के प्रकाशन और विधि के क्षेत्र में हिन्दी तथा अन्य भाषाओं के प्रसार में लगे हैं, को सहायता अनुदान भी जारी करता है।

(ख) विधि साहित्य प्रकाशन प्रमुख रूप से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रतिवेद्य निर्णयों के प्राधिकृत हिन्दी पाठ प्रकाशित करने से संबद्ध है, जिसका उद्देश्य विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का संवर्धन करना है। इस संबंध में विधि साहित्य प्रकाशन हिन्दी में विधि साहित्य के विभिन्न प्रकाशन निकालता है। हिन्दी में उपलब्ध विधि साहित्य के व्यापक प्रचार एवं विक्रय हेतु यह विभिन्न राज्यों में प्रदर्शनियां भी लगाता है।

2 संगठनात्मक गठन

विधायी विभाग के संगठनात्मक गठन में सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी, अपर विधायी परामर्शी, उप विधायी परामर्शी, सहायक विधायी परामर्शी तथा अन्य सहायक स्टाफ सम्मिलित

हैं। प्रमुख विधान के संबंध में विधायी प्रारूपण और अधीनस्थ विधान की संवीक्षा और विधीक्षा से संबंधित कार्य विभिन्न विधायी समूहों में वितरित किए गए हैं। प्रत्येक विधायी समूह का अध्यक्ष एक संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी अथवा अपर सचिव होता है जिसकी सहायता विभिन्न स्तरों पर अनेक विधायी परामर्शी करते हैं। विधायी विभाग के सचिव मुख्य संसदीय परामर्शी के रूप में कार्य करते हैं तथा अपर सचिव सभी अधीनस्थ विधानों के प्रभारी हैं। विधायी विभाग का संगठनात्मक चार्ट **अनुबंध X** पर है।

3 विधायन

विधायन सरकार की नीति को स्पष्ट करने का एक मुख्य साधन है। इस संदर्भ में विधायी विभाग उन उद्देश्यों को पूरा करने में मुख्य भूमिका निभाता है, जिन्हें सरकार विभिन्न विधानों के माध्यम से सुनिश्चित करना चाहती है।

(2) विधायी विभाग न केवल प्रशासनिक मंत्रालयों और विभागों द्वारा आरंभ किए गए विधानों के प्रारूपण के लिए सेवाकारी विभाग के रूप में कार्य करता है अपितु यह उन विषयों की बाबत, जिनसे वह प्रशासनिक रूप से संबद्ध है, विधायी प्रस्ताव भी बनाता है।

(3) विधायी विभाग प्रतिवर्ष केंद्रीय सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाने के लिए वित्त विधेयक का प्रारूपण करता है। विधायी विभाग द्वारा यह कार्रवाई वित्त मंत्रालय द्वारा रखे गए बजट प्रस्तावों पर की जाती है। सुविधा की दृष्टि से, विभिन्न विषय, जिन पर प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों के आदेश पर विधायी विभाग में विधेयकों के प्रारूप तैयार किए जाते हैं, को व्यापक रूप से निम्नलिखित प्रवर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है: —

(क) संवैधानिक संशोधन ;

(ख) आर्थिक और कारपोरेट विधियां ;

(ग) सिविल प्रक्रिया और अन्य सामाजिक कल्याणकारी विधान ;

(घ) अप्रचलित विधियों का निरसन; और

(ङ) विविध विधियां।

4. 1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के दौरान, इस विभाग ने विधेयकों/अध्यादेशों के प्रारूपण के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से संसद के सदनों में पुरःस्थापित किए जाने हेतु 164 मंत्रिमंडल टिप्पणियों/नए विधायी प्रस्तावों की जांच की। इस अवधि के दौरान कुल 56 विधायी विधेयक पुरःस्थापित किए जाने के लिए संसद के सदनों को अग्रेषित किए गए।

इस अवधि के दौरान संसद को अग्रेषित तथा पुरःस्थापित किए गए विधेयकों की सूची निम्नलिखित अनुसार है :—

क्रम संख्या	**संक्षिप्त नाम**
1.	उपभोक्ता संरक्षण विधेयक, 2018
2.	नई दिल्ली अन्तराष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र विधेयक, 2018
3.	विनियोग विधेयक, 2018
4.	वित्त विधेयक, 2018

5.	विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2018
6.	विनियोग (सं. 3) विधेयक, 2018
7.	चिट फण्ड (संशोधन) विधेयक, 2018
8.	भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018
9.	भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2018
10.	अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी विधेयक, 2018
11.	व्यक्तियों का दुर्व्यापार (निवारण, संरक्षण और पुनर्वास) विधेयक, 2018
12.	राष्ट्रीय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहुनिःशक्तताग्रस्त व्यक्ति कल्याण न्यास विधेयक, 2018
13.	माध्यस्थम और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2018
14.	दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2018
15.	होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (संशोधन) विधेयक 2018
16.	वाणिज्यि क न्यायालय, उच्च (न्यायालय वाणिज्यिक प्रभाग और वाणिज्यिक अपील प्रभाग (संशोधन), विधेयक, 2018
17.	दण्ड विधि (संशोधन) विधेयक 2018
18.	राष्ट्रीय खेलकूद विश्वविद्यालय विधेयक 2018
19.	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक 2018
20.	अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) संशोधन विधेयक 2018
21.	किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन विधेयक 2018
22.	विनियोग (सं. 4) विधेयक 2018
23	विनियोग (सं. 5) विधेयक 2018
24	वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2018
25	एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018
26	संघ राज्यक्षेत्र वस्तु एवं सेवा कर विधेयक, 2018
27	वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) विधेयक, 2018
28	डी.एन.ए. प्रौद्योगिकी (प्रयोग और लागू होना) विनियमन विधेयक, 2018
29	मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2018
30	स्वीय विधियां (संशोधन) विधेयक, 2018
31	बांध सुरक्षा विधेयक, 2018
32	भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) विधेयक, 2018
33	केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018
34	मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2018
35	राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2018

36	कंपनी (संशोधन) विधेयक, 2018
37	जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक (संशोधन) विधेयक, 2018
38	सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति विधेयक, 2018
39	विनियोग (सं. 6) विधेयक 2018
40	आधार और अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक, 2018
41	राष्ट्रीय भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग विधेयक, 2019
42	राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2019
43	लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2019
44	व्यसाय संघ (संशोधन) विधेयक, 2019
45	संविधान (एक सौ चौबीसवां संशोधन) विधेयक, 2019
46	संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2019
47	संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2019
48	वित्त विधेयक, 2019
49	संविधान (एक सौ पच्चीसवां संशोधन) विधेयक, 2019
50	संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2019
51	अनिवासी भारतीय विवाह रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2018
52	विनियोग विधेयक, 2019
53	विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2019
54	अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण विधेयक, 2019
55	चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2019
56	राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंध संस्थान विधेयक, 2019

5. 01.01.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान प्रस्तुत किए गए और संसद के समक्ष लंबित विधेयकों में से 44 विधेयक, अधिनियमों में अधिनियमित किए गए हैं जिसमें 2 संवैधानिक संशोधन अधिनियम शामिल हैं। इस अवधि के दौरान, अधिनियमित किए गए अधिनियमों की सूची निम्नानुसार है :

अधिनियम संख्या	अधिनियम का संक्षिप्त नाम
1.	कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2017 (2018 का 1)
2.	निरसन और संशोधन अधिनियम, 2017 (2018 का 2)
3.	भारतीय पैट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान अधिनियम, 2017 (2018 का 3)
4.	निरसन और संशोधन (द्वितीय) अधिनियम, 2017 (2018 का 4)
5.	भारतीय वन (संशोधन) अधिनियम, 2017 (2018 का 5)
6.	विनियोग (सं. 5) अधिनियम, 2017 (2018 का 6)
7.	राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 7)

8.	दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 8)
9.	वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) अधिनियम, 2017 (2018 का 9)
10.	उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा और शर्तें) संशोधन अधिनियम, 2018 (2018 का 10)
11.	विनियोग अधिनियम, 2018 (2018 का 11)
12.	उपदान संदाय (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 12)
13.	वित्तो अधिनियम, 2018 (2018 का 13)
14.	विनियोग (सं. 2) अधिनियम, 2018 (2018 का 14)
15.	विनियोग (सं. 3) अधिनियम, 2018 (2018 का 15)
16.	भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम,2018 (2018 का 16)
17.	भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (2018 का 17)
18.	विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) अधिनियम,2018 (2018 का 18)
19.	स्टेट बैंक (निरसन और संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 19)
20.	परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 20)
21.	स्थावर संपत्ति अधिग्रहण और अर्जन (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 21)
22.	संविधान (एक सौ दोवां संशोधन) अधिनियम, 2018
23	दण्ड विधि (संशोधन) (2018 का 22)
24	होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 23)
25	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (निरसन) अधिनियम, 2018 (2018 का 24)
26	राष्ट्रीय खेलकूद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2018 (2018 का 25)
27	दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 26)
28	अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम, 2018 (2018 का 27)
29	वाणिज्यिक न्यायालय, उच्च न्यायालय वाणिज्यिक प्रभाग और वाणिज्यिक अपील प्रभाग (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 28)
30	विनियोग (सं. 4) अधिनियम, 2018 (2018 का 29)
31	विनियोग (सं. 5) अधिनियम, 2018 (2018 का 30)
32	वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2018 (2018 का 31)
33	एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 32)
34	संघ राज्य–क्षेत्र वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 33)
35	वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) संशोधन अधिनियम, 2018 (2018 का 34)

36	राष्ट्रीय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहुनिःशक्तताग्रस्त व्यक्ति कल्याण न्यास (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 35)
37	निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 (2019 का 1)
38	राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2019 (2019 का 2)
39	संविधान (एक सौ तीनवां संशोधन) अधिनियम, 2019
40	विनियोग (सं. 6) अधिनियम, 2019 (2019 का 3)
41	विनियोग अधिनियम, 2019 (2019 का 4)
42	विनियोग (लेखानुदान) अधिनियम, 2019 (2019 का 5)
43	स्वीय विधियां (संशोधन) अधिनियम, 2019 (2019 का 6)
44	वित्त अधिनियम, 2019 (2019 का 7)

6. अध्यादेश

1 जनवरी 2018 से 31 मार्च 2019 तक की अवधि के दौरान राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 123 के अंतर्गत विधायी विभाग द्वारा प्रारूपित 22 अध्याादेश प्रख्यापित किए गए हैं–

सं.	अध्यादेश का संक्षिप्त शीर्षक
1.	भगोड़ा आर्थिक अपराधी अध्यादेश, 2018 (2018 का 1)
2.	दण्ड विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 2)
3.	वाणिज्यिक न्यायालय, उच्च न्यायालय वाणिज्यिक प्रभाग और वाणिज्यिक अपील प्रभाग (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 3)
4.	होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 4)
5.	राष्ट्रीय खेलकूद विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2018 (2018 का 5)
6.	दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 6)
7.	मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2018 (2018 का 7)
8	भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 8)
9	कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 9)
10	मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2019 (2019 का 1)
11	भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 2)
12	कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 3)
13	मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) द्वितीय अध्यादेश, 2019 (2019 का 4)
14	भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) द्वितीय अध्यादेश, 2019 (2019 का 5)
15	कंपनी (संशोधन) द्वितीय अध्यादेश, 2019 (2019 का 6)
16	अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अध्यादेश, 2019 (2019 का 7)
17	जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 8)

18	आधार और अन्य विधियां (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 9)
19	नई दिल्ली अन्तर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र अध्यादेश, 2019 (2019 का 10)
20	होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 11)
21	विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 12)
22	केंद्रीय शैक्षणिक संस्थाा (शिक्षकों के काडर में आरक्षण) अध्यादेश, 2019 (2019 का 13)

7. विनियम

संविधान के अनुच्छेद 240 के अधीन पांच विनियम जारी किए गए हैं:

क्रम सं.	विनियम का संक्षिप्त नाम
1.	दमन और दीव नगर पालिका (संशोधन) विनियम, 2018
2.	दादरा और नागर हवेली नगर पालिका परिषद (संशोधन) विनियम, 2018
3.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह (नगर पालिका) संशोधन विनियम, 2018
4.	दमन और दीव सिविल न्यायालय (संशोधन) विनियम, 2019
5.	दादरा और नागर हवेली (सिविल न्यायालय और प्रकीर्ण उपबंध) संशोधन विनियम, 2019

8. संवैधानिक आदेश

संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन 2 संवैधानिक आदेश जारी किए गए हैं:

क्रम सं.	जारी किए गए संवैधानिक आदेश
1.	अनुसूचित क्षेत्र (राजस्थान राज्य) आदेश, 2018
2	संविधान (जम्मू एवं कश्मीर हेतु प्रयोज्य) संशोधन आदेश, 2019

9. अधीनस्थ विधान

1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के दौरान इस विभाग द्वारा 3559 कानूनी नियमों, विनियमों, आदेशों और अधिसूचनाओं की संवीक्षा और विधीक्षा की गई है।

10. निर्वाचन आयोग के कार्य

स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक भारत के संविधान, निर्वाचन विधियों एवं तंत्र के सिद्धांतों के अनुसार हमारे देश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जा रहे हैं। संसद, राज्य विधान मंडलों तथा भारत के राष्ट्रपति तथा उप–राष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन कराने की पूरी प्रक्रिया का संचालन, निर्देशन तथा नियंत्रण संविधान द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपा गया है।

(2) निर्वाचन आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय है। प्रारंभ में निर्वाचन आयोग में केवल एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे। वर्तमान में यहां एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा दो निर्वाचन आयुक्त हैं। पहली बार, दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति 16 अक्टूबर, 1989 को की गयी थी लेकिन उनका कार्यकाल

संक्षिप्त – 01 जनवरी, 1990 तक रहा। बाद में, 1 अक्टूबर, 1993 को दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए गए। तब से बहुसदस्यीय निर्वाचन आयोग प्रचलन में है।

(3) मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा निर्वाचन आयुक्त भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों (सेवा–शर्तें) अधिनियम, 1991 (1991 का 11) के अनुसार उनका कार्यकाल छह वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, है। उनका दर्जा व वेतन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के बराबर होते हैं। उन्हें पद से हटाना भी केवल उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की भांति और उन्हीं आधारों पर संभव है।

(4) राजनीतिक दलों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 29 ए के अनुसार निर्वाचन आयोग में पंजीकृत किया जाता है। आवधिक अंतरालों पर संगठनात्मक चुनाव कराने पर बल देकर निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों में आंतरिक दल लोकतंत्र सुनिश्चित करता है। निर्वाचन आयोग के साथ पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार आम चुनावों में उनके कार्यनिष्पादन के आधार पर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की जाती है।

(5) संसद तथा राज्य विधान मंडलों के निर्वाचन सुचारू रूप से कराने के लिए निर्वाचन आयोग का अपना स्वतंत्र सचिवालय है। विधायी विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय को इसका नोडल मंत्रालय बनाया गया है तथा इसे निर्वाचन आयोग के लिए भारत सरकार की स्वीकृतियां जारी करने का कार्य सौंपा गया है।

(6) वर्ष 1950 में निर्वाचन व्यय के मामले में भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके यह निर्णय लिया गया था कि विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन नामावलियां तैयार करने में होने वाला व्यय केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा 50:50 के अनुपात में वहन किया जाएगा। और, लोक सभा तथा राज्य विधान सभा निर्वाचन कराने का व्यय क्रमशः केन्द्र सरकार तथा संबंधित राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा और यदि लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के निर्वाचन साथ–साथ होते हैं तो व्यय केन्द्र सरकार तथा संबंधित राज्य सरकार द्वारा 50 : 50 के अनुपात में वहन किया जाएगा। इस संबंध में प्रक्रिया यह है कि प्रारंभिक व्यय संबंधित राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा तथा लेखा–परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने पर केंद्र सरकार के हिस्से की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

11. निर्वाचन विधि और निर्वाचन संबंधी सुधार

विधायी विभाग संसद, राज्य विधानमंडलों के निर्वाचन कराने और राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचनों के संचालन से संबंधित निम्नलिखित अधिनियमों, इन अधिनियमों तथा इनके अधीन बनाए गए नियमों में संशोधन तथा उनसे संबंधित/प्रासंगिक मामलों से प्रशासनिक रूप से संबद्ध है :–

(i) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950

(ii) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951

(iii) राष्ट्रपतीय और उपराष्ट्रपतीय निर्वाचन अधिनियम, 1952

(iv) परिसीमन अधिनियम, 2002

(v) आंध्र प्रदेश विधान परिषद अधिनियम, 2005

(vi) तमिलनाडु विधान परिषद अधिनियम, 2010

2. हमारे देश का निर्वाचन तंत्र, जिसे चुनावों का सर्वाधिक मत निर्णायक प्रणाली (फर्स्ट–पास्ट–दी–पोस्ट) भी कहा जाता है, ने उनहत्तर वर्ष पूरे कर लिए हैं। हमने इन उनहत्तर वर्षों की यात्रा (भारत गणराज्य की स्थापना के बाद) को अत्यंत गौरव एवं सभी क्षेत्रों में अपार सफलता के साथ पूरा किया है। यह लाखों लोगों के निरंतर कठिन परिश्रम तथा निरन्तर संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने इस देश के वर्तमान तथा भविष्य को अपने खून–पसीने से सींचा है। निःसंदेह यह यात्रा इतनी सुगम नहीं थी तथा हमने इस अवधि में काफी अस्तव्यस्तता एवं हलचल देखी है। इस अवधि में हमारे देश का राजनीतिक परिदृश्य तथा निवार्चन प्रक्रिया, युगान्तरकारी बदलावों से गुजरे हैं। प्रत्येक चुनाव के साथ निर्वाचन प्रक्रिया तथा चुनाव प्रबंधन की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं। प्रत्येक मत अत्यधिक मूल्यवान है। ऐसे परिवेश में आरोप–प्रत्यारोप लगाए जाते हैं। कुछ बेईमान और आपराधिक तत्वों के कारण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है।

3. ऐसे परिवेश में, जोकि निरंतर बदल रहा है, अनेक बार निर्वाचन विधि में सुधार की आवश्यकता प्रतीत हुई है। चुनावों से प्राप्त अनुभवों, चुनाव आयोग की सिफारिशों, राजनीतिक पार्टियों सहित विभिन्न स्रोतों तथा सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रस्तावों द्वारा तथा विधान मंडलों एवं विभिन्न सार्वजनिक निकायों के विचार–विमर्श से उत्तरोत्तर सरकारों ने समय–समय पर निर्वाचन संबंधी सुधार हेतु अनेक कदम उठाए हैं, फिर भी निर्वाचन संबंधी सुधारों हेतु एक व्यापक पैकेज को लागू करने की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता।

4. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 में दिनांक 10 अक्टूबर, 2018 की अधिसूचना द्वारा संशोधन कर दिया गया है। इस संशोधन का उद्देश्य तेलंगाना राज्य के संबंध में संसदीय एवं राज्य विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव के खर्च की सीमा विनिर्दिष्ट करने के लिए नियम 90 में संशोधन करना तथा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के संबंध में लम्बित आपराधिक मामलों तथा इन उम्मीदवारों के आश्रितों की आय स्त्रोत आदि के संबंध में सूचना को प्रकट करने से संबंधित प्रपत्र संख्या 26 को संशोधित करना है।

5. पूर्व की विभिन्न समितियों की रिपोर्टों, निर्वाचन आयोग तथा अन्य हितधारकों के तर्कों को ध्यान में रखते हुए और विधि में अविलम्ब परिवर्तन करने के लिए, प्राथमिक रूप से तीन माह की अवधि के भीतर, व्यापक उपाय सुझाने हेतु 16 जनवरी, 2013 को माननीय विधि एवं न्याय मंत्री ने निर्वाचन संबंधी सुधारों का मामला विचार करने हेतु पूर्ण रूप से विधि आयोग को सौंप दिया। इन सभी बातों पर विचार करने के पश्चात, भारत के विधि आयोग ने वर्ष 2014 में 'निर्वाचन निरर्हता' विषय पर अपनी 244वीं रिपोर्ट तथा वर्ष 2015 में 'निर्वाचन सुधारों'के संबंध में अपनी 255वीं रिपोर्ट पेश की। विधायी विभाग ने 244वीं तथा निर्वाचन सुधारों से संबंधित 255वीं रिपोर्ट की जाँच हेतु एक कार्य दल का गठन किया था। कार्यदल ने कतिपय सुझावों के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

12. इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन

एक संक्षिप्त इतिहास

इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन (ई.वी.एम.), बैलेट बॉक्स का प्रतिस्थापन निर्वाचन प्रक्रिया का मुख्य आधार है। पहली बार वर्ष 1977 में निर्वाचन आयोग द्वारा कल्पना की गई, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (ईसीआईएल) को इसे डिज़ाइन तथा विकसित करने का कार्य सौंपा गया। वर्ष 1979 में एक प्रोटोटाइप तैयार किया गया, जिसका प्रदर्शन निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के

समक्ष किया गया। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलूर (बीईएल), एक अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, को, ईवीएम की शुरूआत पर आम सहमति बनने के पश्चात ईसीआईएल के साथ संयुक्त रूप से ईवीएम के निर्माण के लिए चुना गया।

(2) ईवीएम का पहली बार प्रयोग केरल में मई, 1982 के उप चुनावों में हुआ था, हालांकि, इसके प्रयोग संबंधी कोई विधि विशेष न होने के कारण उच्चतम न्यायालय ने यह चुनाव खारिज कर दिए थे। तत्पश्चात्, वर्ष 1989 में संसद ने चुनावों में ईवीएम के प्रयोग के लिए प्रावधान बनाने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन किए थे। इसकी शुरूआत से संबंधित आम सहमति 1998 में ही बनी तथा तीन राज्यों, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के 25 विधानसभा क्षेत्रों में इनका प्रयोग हुआ। वर्ष 1999 में इसका प्रयोग बढ़ाकर 45 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में तथा इसके पश्चात, फरवरी, 2000 में हरियाणा विधानसभा चुनावों में 45 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों किया गया। मई, 2001 में राज्य विधानसभा चुनावों में तमिलनाडू, केरल, पुद्दुचेरी तथा पश्चिम बंगाल राज्यों में ईवीएम का प्रयोग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में किया गया। तब से, सभी राज्य विधानसभा के लिए आयोग ने ईवीएम का प्रयोग किया है। वर्ष 2004 में, लोक सभा के आम चुनावों में देश के 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम (दस लाख से अधिक) का प्रयोग किया गया। वर्ष 2004 से सभी चुनावों में ईवीएम का प्रयोग हुआ है।

(3) चुनावों में ईवीएम के डिज़ाइन तथा प्रयोग को वैश्विक लोकतंत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि माना जाता है। इससे प्रणाली में अधिक पारदर्शिता, तेजी तथा ग्राहयता आयेगी। इससे ईवीएम के प्रयोग में प्रवीण निर्वाचन अधिकारियों का व्यापक दल तैयार करने में भी सहायता मिली है। इसके विकास क्रम में आयोग ने निर्देशों की श्रृंखला, अधिक पूछे जाने वाले प्रश्न तथा तकनीकी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि के दौरान, अनेक न्यायिक निर्णयों से भी ईवीएम को हमारी निर्वाचन प्रणाली का अभिन्न अंग बनाने में सहायता मिली है।

13 ईवीएम का विस्तार तथा निपटान–तकनीकी विशेषज्ञ समिति का गठन

ईसीआई–ईवीएम का अनुमोदन 1990 में निर्वाचन सुधारों पर गोस्वामी समिति की पहल पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक तकनीकी विशेषज्ञ उपसमिति द्वारा किया गया था। इस समिति की अध्यक्षता प्रो. एस.सम्पत, तत्कालीन अध्यक्ष आर.ए.सी., रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने अन्य सदस्यों, प्रो. पी.वी. इंदीरसेन, जोकि तब दिल्ली आई.आई.टी. में थे तथा डॉ सी.राव कसारबाडा, तत्कालीन निदेशक, इलेक्ट्रॉनिकी अनुसंधान एवं विकास केंद्र, त्रिवेंद्रम के साथ की थी। इसके बाद से आयोग ईवीएम से संबंधित सभी तकनीकी मामलों पर तकनीकी विशेषज्ञों के दल से विमर्श करता आ रहा है। नवंबर, 2010 में, आयोग ने दो अन्य विशेषज्ञों को शामिल करके अपनी तकनीकी विशेषज्ञ समिति का विस्तार किया है।

(2) ईवीएम के उन्नयन तथा निपटान संबंधी सभी मामलों में तकनीकी विशेषज्ञ समिति (टीईसी) से परामर्श किया जाता है। तत्पश्चात, इस मामले में कोई भी निर्णय लिया जाता है। वर्तमान समय में आयोग में प्रयोग हेतु ईवीएम के तीन प्रकार उपलब्ध हैं– पूर्व 2006, उत्तर 2006 तथा उन्नत उत्तर 2006। उन्नत उत्तर 2006 (उत्तर 2013) ईवीएम का प्रयोग लोक सभा, 2014 के आम चुनाव में किया गया था।

अभी तक ईवीएम का जो प्रापण किया गया है, उसका ब्यौरा निम्नानुसार है–

क्रम सं0	वित्तीय वर्ष	बैलेट यूनिट की कुल सं.	कंट्रोल यूनिट की कुल सं.	कुल धनराशि प्रदत्त/स्वीकृत (रुपयों में)	कुल धनराशि प्रदत्त/स्वीकृत (करोड़ रुपयों में)
1.	2000—01	142631	142631	1499880443	149.99
2.	2001—02	135481	135481	1422900000	142.29
3.	2002—03	190592	190592	2006100000	200.61
4.	2003—04	336045	336045	3530000000	353.00
5.	2004—05	125681	125681	1315400000	131.54
6.	2006—2007	250000	250000	2893742332	289.38
7.	2008—2009	180000	180000	1900000000	190.00
8.	2009—2010	127000	100000	1150000000	115.00
9.	2013—14	382876	251650	2159435745	215.94
	कुल	**1870306**	**1712080**	**17877458520**	**1787.75**

(4) इसके अतिरिक्त, तीन वित्तीय वर्षों में ईवीएम/वीवीपीएटी यूनिटों के प्रापण के लिए हाल ही में अनुमोदन प्राप्त किया गया है जोकि निम्नानुसार है—

क्रम संण	वित्तीय वर्ष	ईवीएम				वीवीपीएटी		ईवीएम (बी.यू. एवं सी.यू.) एवं वीवीपीएटी
		बी.यू. की सं.	रू7700/- की दर से मूल लागत	सी.यू. की सं.	रू 9300/- की दर से मूल अनंतिम लागत	वीवीपीएटी की सं.	रू16200/- की दर से मूल लागत	कुल मूल लागत
1	2	3	4=(3X7700)	5	6=(5X9300)	7	8=(7x16200)	9=(4+6+8)
1.	2016—17	1395306	10743856200	930716	8655658800	—	—	19399515000
2.	2017—18	—	—	—	—	1615000	26163000000	26163000000
3.	2018—19	—	—	125000	1162500000	130830	2119446000	3281946000
	2016—19	1395306	10743856200	1055716	9818158800	1745830	28282446000	48844461000

14. मतदान फोटो पहचान—पत्रों की प्रगति की प्रास्थिति (ई पी आई सी)

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता फोटो पहचान—पत्रों का उपयोग धीरे—धीरे और निश्चित रूप से निर्वाचन प्रक्रिया को सरल, सहज और तीव्र बना रहा है। निर्वाचन आयोग ने 1993 में निर्वाचनों में जाली मतदान और निर्वाचनों में मतदाताओं के प्रतिरूपण को रोकने के लिए पूरे देश में मतदाताओं को फोटो पहचान—पत्र जारी करने का विनिश्चय किया था। निर्वाचक नामावली, रजिस्ट्रीकृत मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान—पत्र जारी करने का आधार है। निर्वाचक नामावलियों को सामान्यतः प्रत्येक वर्ष अर्हक तारीख के रूप में 1

जनवरी को पुनरीक्षित किया जाता है। ऐसे सभी व्यक्ति, जो उस तारीख को 18 वर्ष या अधिक की आयु प्राप्त कर चुके हैं, निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने के पात्र हैं और उसके लिए आवेदन कर सकते हैं। एक बार नामावली में रजिस्ट्रीकृत होने पर, वे मतदाता फोटो पहचान–पत्र प्राप्त करने के हकदार हो जाएंगे। अतः मतदाता फोटो पहचान–पत्र जारी करने की स्कीम एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसके पूरा होने के लिए कोई समय–सीमा नियत नहीं की जा सकती, क्योंकि और अधिक संख्या में व्यक्तियों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर मताधिकार के लिए पात्र हो जाने के कारण निर्वाचकों का रजिस्ट्रीकरण (नामांकन फाइल करने और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने की अंतिम तारीख के बीच की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर) एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। साथ ही, आयोग का निरंतर यह प्रयास रहा है कि ऐसे निर्वाचकों को, जो पूर्व के अभियानों में छूट गए हैं उन्हें और नए निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान–पत्र प्रदान किए जाएं। निर्वाचन आयोग, जो निर्वाचकों को फोटो पहचान–पत्र जारी किए जाने की स्कीम के कार्यान्वयन का संपूर्ण भारसाधक है, नियमित रूप से उसकी प्रगति की मॉनिटरिंग करता है।

(2) निर्वाचन आयोग का प्रयास यह है कि जहां तक व्यवहार्य हो, मतदाता फोटो पहचान–पत्र योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जाए। मतदाता फोटो पहचान–पत्र को जारी करने के लिए आयोग ने कोई नियत समय सीमा नहीं निर्धारित की है। हालांकि उन सभी व्यक्तियों को जल्द से जल्द मतदाता फोटो पहचान–पत्र जारी करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है जो निर्वाचक नामावली में पहले ही नामांकित हैं, इनमें से कुछ प्रयास निम्नानुसार हैं –

(i) सभी मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए विशेष फोटोग्राफी अभियान चलाये जाते हैं।

(ii) मतदाता डाटाबेस में मतदाताओं की फोटो उपलब्ध न होने की स्थिति में समय–समय पर विशेष अभियान चला कर फोटो एकत्र की/ली जाती हैं।

(iii) सभी मतदाताओं की फोटो एकत्र करने तथा मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए आयोग द्वारा बूथ लेवल अफसरों की नियुक्ति की गई है।

(iv) बिना रूकावट नामांकन करने तथा सभी नए रजिस्टर्ड मतदाताओं को ईपीआईसी जारी करने के लिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया है।

(3) इस संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में देश में मतदाताओं को फोटो पहचान–पत्र जारी करने की प्रगति दर्शाने वाला विवरण आयोग में उपलब्ध अद्यतित डाटा (2019) के अनुसार निम्नानुसार है।

क्रम सं.	राज्य का नाम	ईपीआईसी%
1	आन्ध्र प्रदेश	100.00
2	अरूणाचल प्रदेश	99.97
3	असम	94.07
4	बिहार	100.00
5	छत्तीसगढ़	100.00
6	गोवा	97.98

7	गुजरात	99.99
8	हरियाणा	100.00
9	हिमाचल प्रदेश	100.00
10	जम्मू और कश्मीर	93.00
11	झारखण्ड	100.00
12	कर्नाटक	100.00
13	केरल	100.00
14	मध्य प्रदेश	100.00
15	महाराष्ट्र	96.68
16	मणिपुर	100.00
17	मेघालय	100.00
18	मिजोरम	100.00
19	नागालैण्ड	98.36
20	ओडिशा	98.38
21	पंजाब	100.00
22	राजस्थान	100.00
23	सिक्किम	100.00
24	तमिलनाडु	100.00
25	तेलंगाना	100.00
26	त्रिपुरा	100.00
27	उत्तराखण्ड	100.00
28	उत्तर प्रदेश	99.99
29	पश्चिम बंगाल	100.00
30	अंडमान निकोबार द्वीपसमूह	97.36
31	चण्डीगढ़	100.00
32	दादरा एवं नागर हवेली	100.00
33	दमन एवं दीव	100.00
34	दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	100.00
35	लक्षद्वीप	100.00
36	पुडुचेरी	99.98
	समस्त भारत	**99.36**

15. मतदाता सत्यापनीय पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी):

4 अक्तूबर, 2010 को हुई सभी राजनीतिक दलों की बैठक में दलों ने ईवीएम से संतुष्टि जाहिर की परंतु कुछ दलों ने आयोग से मतदान प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और सत्यापनीयता के लिए मतदाता सत्यापनीय पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) की शुरूआत करने पर विचार करने का अनुरोध किया। आयोग ने इस संबंध में जांच करने तथा संस्तुति देने के लिए ईवीएम संबंधी तकनीकी विशेषज्ञ समिति से मामले का उल्लेख किया। विशेषज्ञ समिति ने इस विषय पर ईवीएम के निर्माताओं, बीईएल और ईसीआईएल के साथ कई बैठकें कीं तथा उसके पश्चात उन्होंने ईवीएम के साथ वीवीपीएटी प्रणाली के डिज़ाइन संबंधी आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए राजनीतिक दलों और अन्य सामाजिक सदस्यों से मुलाकात की। निर्वाचन आयोग ने 26 दिसंबर, 2016 के पत्र द्वारा सूचित किया कि विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के पश्चात, भारत निर्वाचन आयोग ने वीवीपीएटी के निर्माण के लिए बीईएल और ईसीआईएल के अतिरिक्त दो अन्य के.सा.क्षे.उ., आई.टी.आई. लिमिटेड, बंगलौर तथा सी.ई.एल., गाजियाबाद का चुनाव किया है।

(2) भारत सरकार ने 14 अगस्त, 2013 को संशोधित निर्वाचनों का संचालन नियमावली, 1961 को अधिसूचित किया जिसमें आयोग को ईवीएम के साथ वीवीपीएटी के प्रयोग का अधिकार दिया गया। आयोग ने ईवीएम के साथ वीवीपीएटी का प्रयोग सर्वप्रथम नागालैण्ड के 51–नोकसेन (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप–चुनावों में किया। तत्पश्चात, वीवीपीएटी का प्रयोग विधानसभा के सभी चुनावों में चुनिंदा निर्वाचन क्षेत्रों तथा लोक सभा, 2014 के आम चुनावों में 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में किया गया। निर्वाचन आयोग ने नवंबर–दिसंबर 2017 में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में वीवीपीएटी यूनिटों का प्रयोग किया।

(3) आयोग ने 2019 के आम चुनाव में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में प्रयोग में लाए जाने हेतु निर्माताओं अर्थात मैसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलूरू तथा मैसर्स इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद से 17.45 लाख वीवीपीएटी यूनिटों का प्रापण किया है।

16. वीवीपीएटी से संबंधित तथ्य

वीवीपीएटी एक स्वतंत्र यंत्र है जो कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के साथ लगा होता है जिससे मतदाता जांच सकता है कि मत उनके द्वारा चुने गए प्रत्याशी को ही गया है। जब मत डाला जाएगा, प्रिंटर द्वारा उम्मीदवार की क्रम संख्या, उम्मीदवार के नाम तथा उम्मीदवार के चुनाव चिह्न को दर्शाते हुए एक स्लिप मुद्रित होगी तथा 7 सेकंड के लिए पारदर्शी विंडो में दिखाई देगी। इसके पश्चात यह प्रिंटिड स्लिप अपने आप कट जाएगी तथा वीवीपीएटी के ड्रॉप बक्से में गिर जाएगी।

17. निर्वाचन विधियों को अन्तर्वलित करने वाले न्यायालय मामले

विधायी विभाग, विभिन्न निर्वाचन संबंधी विधियों का प्रशासनिक भारसाधक होने के नाते निर्वाचनों की वैधता तथा निर्वाचन विधियों संबंधी विभिन्न न्यायालय मामलों को भी देखता है। वर्ष 2018 के आरम्भ में निर्वाचन संबंधी विषयों पर उच्चतम न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों में 267 मामले लम्बित थे। उक्त वर्ष के दौरान 21 नए मामले प्राप्त हुए थे, दिनांक 01.01.2019 से 31.03.2019 की अवधि के दौरान 7 और नये मामले प्राप्त हुए जिनके संबंध में पैरावार टिप्पणियां, प्रति शपथ–पत्र और समुचित अनुदेश, संबंधित सरकारी काउंसेल को संप्रेषित किए गए थे। दिनांक 01.01.2018 से 31.03.2019 की अवधि तक 15 मामलों का निपटारा कर दिया गया है। दिनांक 01.04.2019 की स्थिति के अनुसार इस समय उच्चतम न्यायालय

और विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लगभग 280 मामले लम्बित हैं। सभी मामलों की प्रभावी रूप से मानिटरिंग की जा रही है।

18. संसदीय कार्य का संचालन

वर्ष 2018–19 के दौरान, विधायी विभाग, जिसे विधि एवं न्याय मंत्रालय के संसदीय कार्य के समन्वयन/संचालन का कार्य दिया गया है, ने निम्नानुसार कार्य का निपटान किया है :

क्र. सं.	कारबार की मद	विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़े
1.	लोक सभा प्रश्न	257
2.	राज्य सभा प्रश्न	219
3.	लोक सभा में प्राइवेट सदस्यों के विधेयक	33
4.	राज्य सभा में प्राइवेट सदस्यों के विधेयक	3
5.	प्राइवेट सदस्यों के संकल्प	1
6.	लोक सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव	–
7.	राज्य सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव	–
8.	लोक सभा में अल्पावधि चर्चा	–
9.	शून्यकाल के दौरान उठाए गए मामले	9
10.	लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत उठाए गए मामले	19
11.	राज्य सभा में विशेष उल्लेख	3

19. परामर्श समिति

विधि और न्याय मंत्रालय से संबद्ध संसद सदस्यों की परामर्श समिति को दिनांक 16 सितम्बर, 2009 को 15 सदस्यों के साथ माननीय विधि और न्याय मंत्री की अध्यक्षता में गठित किया गया था।

20. लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, 2017

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20ए के वर्तमान प्रावधान तथा उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार, अनिवासी भारतीय (एन.आर.आई.) जो मतदान करने का इच्छुक हो, को चुनाव के समय अपने निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित होना आवश्यक है तथा उक्त प्रावधान बाहरी मतदान के माध्यम की अनुमति नहीं देता जोकि कुछ अन्य देशों में प्रचलित है। बाहरी मतदाताओं के लिए परोक्ष मतदान की शुरूआत करने के लिए रखे गए प्रस्ताव को मंत्रिमण्डल द्वारा 2 अगस्त, 2017 को हुई बैठक में स्वीकृत कर लिया गया है। प्रवासी मतदाताओं द्वारा परोक्ष मतदान को प्रकल्पित करते हुए लोक प्रतिनिधित्व विधेयक, 2017 लोकसभा द्वारा 09.08.2018 को पारित कर दिया गया तथा यह विधेयक राज्यभा के विचारार्थ लंबित था। तथापि 16वीं लोकसभा के भंग हो जाने पर उक्त विधेयक व्यगत हो गया। इस विधेयक को फिर से पुरःस्थापित करने के लिए सामग्री तैयार की जा रही है।

21. समवर्ती सूची के अंतर्गत विधान

भारत सरकार (कार्य–आबंटन) नियम, 1961 के अनुसार संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची–III–

समवर्ती सूची के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित विषयों के बाबत विधायी प्रस्तावों पर कार्रवाई करने से संबंधित कार्य इस विभाग को आबंटित किए गए हैं :—

(क) विवाह और विवाह—विच्छेद; शिशु और अवयस्क; दत्तकग्रहण, वसीयत; निर्वसीयत और उत्तराधिकार; अविभक्त कुटुंब और विभाजन;

(ख) कृषि भूमि से भिन्न संपत्ति अंतरण (बेनामी संव्यवहारों को छोड़कर, विलेखों और दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण);

(ग) संविदाएं, किन्तु कृषि भूमि से संबंधित संविदाओं को छोड़कर;

(घ) अनुयोज्य दोष;

(ङ) न्यास और न्यासी, महाप्रशासक और शासकीय न्यासी;

(च) साक्ष्य और शपथ;

(छ) सिविल प्रक्रिया जिसमें परिसीमा और माध्यस्थम शामिल है;

(ज) पूर्त एवं धार्मिक विन्यास तथा धार्मिक संस्थान।

22. भारत के विधि आयोग की रिपोर्टें

स्वीय विधियों और संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची III (समवर्ती सूची) में वर्णित अन्य विषयों, जिनसे यह विभाग प्रशासनिक रूप से संबद्ध है, के संबंध में भारत के विधि आयोग की रिपोर्टों की केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों/संघ क्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श करके जांच की जा रही है।

23. लाभ के पद संबंधी संसद की संयुक्त समिति

लाभ के पद संबंधी संसद की संयुक्त समिति, जिसका गठन प्रत्येक लोक सभा (द्वितीय लोक सभा से) के कार्यकाल के दौरान होता है, संसद (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की अनुसूची में संशोधन करने के लिए भारत सरकार को सिफारिश करने की दृष्टि से भारत सरकार अथवा अन्य किसी राज्य सरकार के अधीन लाभ के पद, सांविधिक और गैर सांविधिक की प्रकृति, स्वरूप और संयोजन के संबंध में निरंतर समीक्षा का दायित्व का निर्वहन करती है।

24. विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) विधेयक, 2018

विनिर्दिष्ट अनुतोष विधेयक, 1963 (1963 का 47), निश्चित प्रकार के विर्निदिष्ट अनुतोषों से संबंधित विधि की व्याख्यान और संशोधन करने हेतु एक अधिनियम है। 'व्यवसाय में आसानी' को प्रोत्साहित करने तथा उसमें सुधार करने के सरकार के प्रयासों के भाग के रूप में, उक्त अधिनियम को विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 18) द्वारा संशोधित किया गया है।

25. स्वीय विधियां (संशोधन) अधिनियम, 2018

स्वीय विधियां (संशोधन) अधिनियम, 2019 (2019 का 6) द्वारा विवाह—विच्छेद अधिनियम, 1869 (1869 का 4), मुस्लिम विवाह—विघटन अधिनियम, 1939 (1939 का 8), विशेष विवाह अधिनियम, 1954 (1954 का 43), हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 (1955 का 25) तथा हिंदू दत्तक और भरण—पोषण अधिनियम,

1956 (1956 का 78) में निहित ऐसे प्रावधानों, जो कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति के प्रति पक्षपाती हैं, को हटाने के लिए इनमें संशोधन किए गए।

26. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2017

उच्चतम न्यायालय द्वारा *तलाक–ए–बिद्दत* को हटाए जाने के बावजूद, देश के अनेक भागों से *तलाक–ए–बिद्दत* द्वारा तलाक दिए जाने के कई मामले सामने आए हैं। अतः ऐसी मुस्लिम महिलाओं, जिन्हें तीन तलाक द्वारा तलाक दिया गया है, के अधिकारों के संरक्षण हेतु एक विधेयक जिसका नाम मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2017 है, विधेयक लोक सभा में प्रस्तावित किया गया तथा 28 दिसंबर, 2017 को पारित हुआ तथा राज्य सभा में विचाराधीन है।

(2) इस विधेयक में प्रस्तावित है कि तीन तलाक को निरर्थक और अवैध घोषित किया जाए तथा इसे अपराध माना जाए जिसमें तीन वर्षों का कारावास और जुर्माना हो, और प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय हो। विवाहित मुस्लिम महिलाओं तथा आश्रित बच्चों को जीवन निर्वाह भत्ता देने और साथ ही नाबालिग बच्चों के संरक्षण का भी प्रस्ताव है। तथापि, विधेयक के जिन प्रावधानों के आधार पर कोई व्यक्ति अपराध के संबंध में संज्ञान लेने और अपराध को गैर जमानती घोषित कराने के लिए किसी पुलिस थाने के प्रभारी को सूचना दे सकता है, उनके संबंध में संसद के भीतर और बाहर भी लंबित विधेयक के ऐसे प्रावधानों को लेकर आशंका व्यक्त की गई हैं।

(3) उपरोक्त समस्याओं के निवारण हेतु, यह निर्णय लिया गया कि मामले का संज्ञान तभी लिया जाएगा यदि अपराध होने के संबंध में विवाहित मुस्लिम महिला जिसे तलाक दिया गया हो अथवा उसके रक्त संबंधी या विवाह संबंधी किसी भी रिश्तेदार द्वारा किसी पुलिस थाना प्रभारी को सूचना दी जाए। विवाहित मुस्लिम महिला के अनुरोध पर मजिस्ट्रेट की सहमति से उसके द्वारा निर्धारित किए गए दिशा निर्देशों के आधार पर अपराध को गैर जमानती और शमनीय बनाए जाने का निर्णय भी लिया गया। तदनुसार, आधिकारिक संशोधन राज्य सभा में रखे गए।

27. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2018

चूंकि, विधेयक विचारार्थ राज्य सभा में लंबित था और तीन तलाक (तलाक–ए–बिद्दत) द्वारा तलाक दिए जाने के मामले बढ़ रहे थे, अतः इसे रोकने के लिए कानून में कठोर प्रावधान कर अविलम्ब कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता थी। चूंकि, संसद के दोनों सदन सत्र में नहीं थे तथा विद्यमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति द्वारा इस मामले में तात्कालिक कार्रवाई किया जाना आवश्यक था, अतः मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2018 (2018 का अध्यादेश 7) 19 सितंबर, 2018 को प्रख्यापित किया गया।

28. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2018

मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2018 को बदलने के लिए मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2018, 17 दिसंबर, 2018 को लोक सभा में पुरःस्थापित किया गया और 27 दिसंबर, 2018 के सदन द्वारा पारित कर दिया गया।

29. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2019

जब मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2018 राज्य सभा में विचारार्थ लंबित था, दोनों सदन स्थगित थे। चूंकि, संसद के दोनों सदन सत्र में नहीं थे तथा तीन तलाक (तलाक–ए–बिद्दत)

द्वारा तलाक दिए जाने की प्रथा अनवरत चल रही थी, इस प्रथा को रोकने और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2018 के प्रावधानों को लागू करने के लिए, मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2019 (2019 का अध्यादेश 1) 12 जनवरी, 2019 को प्रख्यापित किया गया।

30. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) द्वितीय अध्याादेश, 2019

मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2019 को बदलने के लिए, महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2018 को आवश्यक शासकीय संशोधनों के साथ राज्य सभा के समक्ष रखा गया। हालांकि, राज्यो सभा में विधेयक पर विचार नहीं किया जा सका तथा दोनों सदन स्थगित थे। चूंकि, संसद के दोनों सदन सत्र में नहीं थे और तीन तलाक (तलाक–ए–बिद्दत) द्वारा तलाक दिए जाने की प्रथा अनवरत चल रही थी, अतः इस प्रथा को रोकने और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2019 के प्रावधानों को नियमित रूप से प्रभावी बनाने के लिए, मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) द्वितीय अध्यादेश, 2019 (2019 का अध्यादेश 4) 21 फरवरी, 2019 को प्रख्यापित किया गया।

31. स्वीय विधियों और अन्य विषयों से संबंधित याचिकाएं और अन्य न्यायालय मामले

विधायी विभाग, स्वीय विधियों और संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची।।। से संबंधित मामलों, जैसे भारतीय संविदा अधिनियम 1872, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872, भारतीय न्यास अधिनियम 1882, संपत्ति अंतरण अधिनियम 1882, विभाजन अधिनियम 1893, सिविल प्रक्रिया संहिता 1908, परिसीमा अधिनियम 1963 आदि के साथ लाभ का पद सहित, का प्रशासनिक प्रभारी होने के नाते उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में विभिन्न याचिकाओं और अन्य अदालती मामले देखता है। 1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 के दौरान 38 नए मामले प्राप्त हुए हैं। पैरावार टिप्पणियां, प्रति शपथपत्र और उचित अनुदेश, जैसा भी मामला हो, तैयार करके सरकारी वकील को दिए गए।

32. राज्य विधायी प्रस्ताव

संविधान की समवर्ती सूची के अंतर्गत स्थित जो विषय विधायी विभाग को सौंपे गए हैं उनके संबंध में प्राप्त ऐसे विधायी प्रस्तावों जिनके लिए संविधान के अनुच्छेद 254 के खंड (2) के उपबंधों के आधार पर, राष्ट्रपति की अनुमति अपेक्षित है, की इस विभाग के द्वारा संवीक्षा की गई है। 1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के दौरान, राज्य विधेयकों/अध्यादेशों से संबंधित 94 संदर्भों का परीक्षण किया गया था।

33. विधायी प्रारूपण और अनुसंधान संस्थान (आई.एल.डी.आर.)

विधायी प्रारूपण एक विशिष्ट कार्य है जिसमें प्रारूपण कौशल एवं विशेषज्ञता शामिल है। विधियों की गहन जानकारी तथा उनके नियमित अद्यतनीकरण के अतिरिक्त, विधि प्रारूपण में कौशल को बढ़ाने के लिए सतत एवं निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होती है। केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के विधि प्रारूपण करने वाले अधिकारियों तथा विधि के छात्रों के लिए विधायी प्रारूपण में अभिरूचि और कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण और अभिमुखीकरण की आवश्यकता है।

(2) देश में विधायी प्रस्तावों से संबंधित कार्य करने वाले प्रशिक्षित अधिकारियों तथा साथ ही प्रशिक्षित विधायी परामर्शियों की उपलब्धता में वृद्धि करने की दृष्टि से जनवरी, 1989 में विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के एक खंड के रूप में विधायी प्रारूपण और अनुसंधान संस्थान (आई.एल.डी.आर.) की स्थापना की गई। अब तक आईएलडीआर ने विधायी प्रारूपण पर 22 मूल्यांकन पाठ्यक्रम तथा 30 बुनियादी पाठ्यक्रम संचालित किए हैं। राज्य सरकारों के विधायी प्रस्तावों पर कार्य कर रहे कुल 322 अधिकारियों

को बुनियादी पाठ्यक्रम द्वारा प्रशिक्षित किया गया तथा केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों के विधायी प्रारूपण से जुड़े 353 अधिकारी आई.एल.डी.आर. द्वारा चलाए गए मूल्यांकन पाठ्यक्रम से लाभान्वित हुए हैं।

(3) आईएलडीआर प्रत्येक वर्ष विधायी प्रारूपण से संबंधित निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का संचालन करता है:

(i) बुनियादी पाठ्यक्रम की अवधि तीन माह है तथा राज्य सरकारों/ संघ राज्य प्रशासनों के मध्यम श्रेणी के विधि अधिकारियों के लिए है;

(ii) 15 दिन की अवधि का मूल्यांकन पाठ्यक्रम केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/समयबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के मध्यम श्रेणी के अधिकारियों के लिए है;

(iii) कानून के विद्यार्थियों के लिए स्वैच्छिक इंटर्नशिप स्कीम। इस स्कीम का उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों के मन में विधायी प्रारूपण के कौशल के बारे में रूचि पैदा हो सके तथा वे विधायी विभाग की प्रकृति एवं कार्यप्रणाली के बारे में तथ्यपरक जानकारी प्राप्त कर सकें।

(4) 2018–19 की अवधि के दौरान आईएलडीआर द्वारा निम्नलिखित क्रियाकलाप किए गए:

(i) 2 जुलाई, 2018 से 28 सितंबर, 2018 तक विधायी प्रारूपण में तीसवां बुनियादी पाठ्यक्रम। उक्त पाठ्यक्रम द्वारा उन्नीस प्रशिक्षु अधिकारी लाभान्वित हुए।

(ii) 4 फरवरी, 2019 से 18 फरवरी, 2019 तक विधायी प्रारूपण में बाईसवां मूल्यांकन पाठ्यक्रम। बुनियादी पाठ्यक्रम द्वारा छत्तीस प्रशिक्षु अधिकारी लाभान्वित हुए।

(iii) ब्यूरो ऑफ पार्लियामेंट्री स्टडीज़ एंड ट्रेनिंग, लोक सभा सचिवालय द्वारा 17 जनवरी, 2019 से 15 फरवरी, 2019 तक संचालित किए गए विधायी प्रारूपण पाठ्यक्रम में चौंतीसवें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें चालीस विदेशी प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

(iv) स्वैच्छिक इंटर्नशिप कार्यक्रम वर्ष 2013 से शुरू किया गया तथा वर्ष भर चलता है।

(5) आई.एल.डी.आर. के क्रियाकलापों को क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम मैनुअल (क्युआएमएसएम) के दिशा निर्देशों के अनुरूप पाए जाने के संबंध में किए गए मूल्यांकन के आधार पर इसे आईएसओ 9001 : 2008 सर्टिफिकेट से आईएसओ 9001:2015 में अपग्रेड किया गया है।

34. ई–शासन हेतु की गई पहलें

(i) कन्टेंट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क (सीएमएफ आधारित आधिकारिक वेबसाइट): विधायी विभाग ने कन्टेंट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क (सीएमएफ) पर आधारित आधिकारिक वेबसाइट शुरू की है। विभाग की उक्त सीएमएफ आधारित वेबसाइट को मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन निदेशालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा उपयुक्त रूप में सत्यापन के पश्चात 'सर्टिफाइड क्वॉलिटी वेबसाइट' (सीक्यूडब्ल्यू) प्रमाण पत्र जारी किया गया।

(ii) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित ओपन सोर्स कन्टेंट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क, गाइडलाइन्स फॉर इंडियन गवर्नमेंट वेबसाइट्स (जीआईजीडब्ल्यू) के अनुकूल है तथा यह पूर्व निर्धारित सामग्रियों से युक्त स्टैटिक साइटों को आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तशील पोर्टल में स्वतः परिवर्तित होने के लिए सक्षम बनाता है जिसमें कुछ विशेषताएं जैसे मोबाईल फ्रेंडलीनेस (एंड्रायड,

आईओएस और विंडोज में प्रयोग किए जाने हेतु अनुकूलनीय स्क्रीन साइज); टेक्स्ट स्पीच इनेबलमेंट (दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए वेबपेज की सामग्री पढ़ने हेतु विकल्प); भाषा अनुवाद/लिप्यंतरण (अंग्रेज़ी विषय वस्तु का स्थानीय भाषा में अनुवाद); तथा विज़िटर एनेलेटिक डैशबोर्ड उपलब्ध हैं। प्रयोगकर्ता सरलता से अपेक्षित सामग्री देख और खोज सकते हैं।

(iii) ई–ऑफिस लाइट का क्रियान्वयनः सुशासन के एक हिस्से के रूप में तथा सरकार की मिशन मोड परियोजनाओं के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में ई–ऑफिस लाइट का कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है। इस परियोजना का कार्यान्वयन, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के समन्वय से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा संस्थान (एनआईसीएसआई) द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार चरणबद्ध रूप में शुरू किया गया है।

(iv) विधायी विभाग में किसी भी संभावित साइबर हमले को विफल करने के लिए साइबर सुरक्षा निर्देशः विभाग द्वारा साइबर हमलों से बचने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के समन्वय से सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित ई–शासन नीति का अनुपालन किया जाता है। सरकार द्वारा समय समय पर उपलब्ध कराए जाने वाले साइबर सुरक्षा संबंधी अनुदेश, विधायी विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा डाटा चोरी, हैकिंग और इस प्रकार के अन्य साइबर हमलों के प्रति जागरूक बनाने के लिए परिचालित किए जाते हैं ताकि उन अनुदेशों का कड़ाई से अनुपालन करके विभाग की वेबसाइट को किसी भी संभावित साइबर हमले से बचाया जा सके तथा इसे सुरक्षित बनाया जा सके।

35. सूचना का अधिकार संबंधी आवेदन

आर.टी.आई. अधिनियम, 2005 (2005 का 22) के अधिनियमन के परिणामस्वरूप, विधायी विभाग में 12 अगस्त, 2005 से आर.टी.आई. प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसमें एक अपीलीय प्राधिकारी, एक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी और एक केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी हैं। वर्तमान में श्री उदय कुमारा, संयुक्त सचिव; श्री एस.के.चिटकारा, निदेशक तथा सुश्री विद्यावती, अवर सचिव, क्रमशः अपीलीय प्राधिकारी, केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस विभाग ने, विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर "सूचना का अधिकार" शीर्षक के अधीन एक पृथक वेबपेज आरंभ किया है और इस विभाग से संबंधित अधिकतम सूचना को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपबंधों के अनुरूप उसमें प्रसारित किया है जिससे कि उक्त अधिनियम के अधीन प्रकल्पित सूचना के स्वतः प्रकटन का उद्देश्य पूरा किया जा सके। इसके अतिरिक्त, इस विभाग के अपीलीय प्राधिकारी और केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के ई–मेल संपर्क पते राष्ट्रीय सूचना केंद्र प्रकोष्ठ के साथ समन्वय से सृजित किए गए हैं ताकि इस विभाग की वेबसाइट का उपयोग उक्त अधिनियम के उपबंधों का उपयोग करने में जनता के लिए और अधिक अनुकूल बनाया जा सके। अपीलीय प्राधिकारी का ई–मेल संपर्क पता aa-rti-legis@nic-in है और केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी का संपर्क पता cpio-rti-legis@nic.in है।

(2) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए आवेदकों से प्राप्त आवेदनों की समुचित जांच की जाती है तथा विधायी विभाग की संबंधित प्रशासनिक यूनिट से उपलब्ध सूचना प्राप्त कर इसे आवेदक को प्रदान किया जाता है। साथ ही, जिन आवेदनों की विषय–वस्तु केंद्र सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों से संबंधित होती है उन्हें उक्त अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार संबंधित मंत्रालय/विभाग में शीघ्र ही हस्तांतरित कर दिया जाता है। इसके अलावा, प्रथम अपील

के मामले में इसकी अपीलीय प्राधिकारी द्वारा निष्पक्षता से जांच की जाती है तथा विहित समय–सीमा के भीतर इसका निपटान कर दिया जाता है। 1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 की अवधि के दौरान उक्त अधिनियम के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने के लिए एक हजार आठ सौ सत्ताईस (1827) आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों तथा इसके अंतर्गत बने नियमों के अनुसार आवेदकों को उचित उत्तर देते हुए उनका शीघ्र निपटान किया गया था। इसी अवधि (1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक) के दौरान अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष दायर एक सौ बाईस (122) प्रथम अपीलों में से सभी एक सौ बाईस (122) प्रथम अपीलों का उनके गुण–दोषों के आधार पर निपटान कर दिया गया है। आरटीआई मामलों के निपटान से इस विभाग को इसी अवधि (1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक) के दौरान आवेदन शुल्क तथा फोटोकॉपी शुल्क के रूप में चार हजार चार सौ रूपए (4,400/– रू.) की प्राप्ति हुई हैं।

36. शुद्धि अनुभाग

(1) केंद्र तथा राज्यों की संहिताओं का रख–रखाव

शुद्धि अनुभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारियों के प्रयोग हेतु भारत का संविधान और उसके अधीन जारी किए गए आदेशों, निर्वाचन विधि निर्देशिका, केंद्रीय अध्यादेशों, विनियमों, राष्ट्रपति के अधिनियमों और राज्यों के अधिनियमों का रख–रखाव करता है। इस विभाग का शुद्धि अनुभाग इंडिया कोड की मास्टर कॉपी का रख–रखाव करता है, जिसमें प्रभारी मंत्री, विधि एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारियों (विधि कार्य विभाग तथा विधायी विभाग) तथा भारत सरकार के विधि अधिकारियों द्वारा संदर्भ हेतु अखिल भारतीय अनुप्रयोग के लिए अनिरसित केंद्रीय अधिनियम शामिल होते हैं। ये महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ हैं तथा इनका प्रयोग केंद्र सरकार द्वारा अधिनियमों के संशोधित संस्करणों को प्रकाशित करने के लिए भी किया जाता है। 2018 तक के केंद्रीय अधिनियमों का इंडिया कोड की मास्टर कॉपी में अद्यतन कर दिया गया है। केंद्रीय अधिनियमों का अद्यतनीकरण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है तथा वर्ष 2019 के लिए कार्य प्रक्रियाधीन है।

(2) इस अनुभाग को वर्ष 2017 से अनिरसित केंद्रीय अधिनियमों, विनियमों, अध्यीदेशों आदि को हमारे विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.legislative.gov.in पर 'Legislative Reference' के नाम से अद्यतन करने का कार्य दिया गया है तथा इसे इंडिया कोड पोर्टल पर http://indiacode.nic.in पर अपलोड करने का निदेश भी दिया गया है। इस कार्य की निगरानी मंत्रिमण्डल सचिवालय तथा दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, अनुभाग द्वारा वर्ष 1938 से 1892 तक के अनिरसित केंद्रीय अधिनियमों को इस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। केंद्रीय अधिनियमों की सूची, वर्णक्रमानुसार तथा कालक्रमानुसार दोनों में, विधायी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.legislative.gov.in पर 'दस्तावेज' शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

(3) वर्ष 2018–19 के दौरान, अनुभाग द्वारा इस विभाग की वेबसाइट तथा साथ ही साथ इंडिया कोड पोर्टल पर 6 मुख्य अधिनियम अपलोड किए गए हैं तथा 42 केंद्रीय अधिनियम और उनके वर्तमान संशोधन (जिसमें एकल संशोधन अधिनियम द्वारा अनेक अधिनियमों में किए गए संशोधन शामिल हैं), 22 केंद्रीय अध्यादेश तथा 3 केंद्रीय विनियम अद्यतन तथा अपलोड किए गए।

(4) वर्ष 2018–19 के दौरान, अनुभाग द्वारा संसद के 42 अधिनियमों की गजट प्रतियां (2 वित्त अधिनियमों तथा 9 विनियोग अधिनियमों सहित) तथा 2 संविधान संशोधन अधिनियमों, 22 केंद्रीय अध्यादेशों और 3

केंद्रीय विनियमों को मुद्रण निदेशालय, प्रकाशन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट http://www.egazette.nic.in से डाउनलोड किया गया।

क. वर्ष 2018–19 (विनियोग अधिनियम और वित्त अधिनियम के अतिरिक्त) में डाउनलोड तथा अपलोड किए गए मुख्य अधिनियम

2018

1. निरसन और संशोधन अधिनियम, 2017 (2018 का 2)
2. भारतीय पैट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान अधिनियम, 2017 (2018 का 3)
3. निरसन और संशोधन (द्वितीय) अधिनियम, 2018 (2018 का 4)
4. भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018 (2018 का 17)
5. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (निरसन) अधिनियम, 2018 (2018 का 24)
6. राष्ट्रीय खेलकूद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2018 (2018 का 25)

ख. वर्ष 2018–19 के दौरान एक संविधान संशोधन अधिनियम सहित डाउनलोड किए गए संशोधन अधिनियम

2018

1. कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2017 (2018 का 1)
2. भारतीय वन (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 5)
3. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 7)
4. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 8)
5. वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) संशोधन अधिनियम, 2017 (2018 का 9)
6. उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा और शर्तें) संशोधन अधिनियम, 2018 (2018 का 10)
7. उपदान संदाय (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 12)
8. भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम,2018 (2018 का 16)
9. विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) अधिनियम,2018 (2018 का 18)
10. स्टेट बैंक (निरसन और संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 19)
11. परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 20)
12. स्थावर संपत्ति अधिग्रहण और अर्जन (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 21)
13. दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 22)
14. संविधान (एक सौ दोवां संशोधन) अधिनियम, 2018
15. होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 23)
16. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 26)
17. अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम, 2018 (2018 का 27)

18. वाणिज्यिक न्यायालय, उच्च न्यायालय, वाणिज्यिक प्रभाग और वाणिज्यिक अपील प्रभाग (संशोधन) अधिनियम 2018 (2018 का 28)
19. केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 31)
20. एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 32)
21. संघ राज्य क्षेत्र वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 33)
22. वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 34)
23. राष्ट्रीय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहुनिःशक्तताग्रस्त व्यक्ति कल्याण न्यास (संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 35)

2019

1. निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम 2019 (2019 का 1)
2. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2019 (2019 का 2)
3. संविधान (एक सौ तीनवां संशोधन) अधिनियम, 2019
4. स्वीय विधियां (संशोधन) अधिनियम, 2019 (2019 का 6)

ग. वर्ष 2018–19 के दौरान डाउनलोड तथा अपलोड किए गए अध्यादेश–

2018

1. भगोड़ा आर्थिक अपराधी अध्यादेश, 2018 (2018 का 1)
2. दण्ड विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 2)
3. वाणिज्यिक न्यायालय, उच्च न्यायालय, वाणिज्यिक प्रभाग और वाणिज्यिक अपील प्रभाग (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 3)
4. होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 4)
5. राष्ट्रीय खेलकूद विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2018 (2018 का 5)
6. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 6)
7. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2018 (2018 का 7)
8. भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 8)
9. कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (2018 का 9)

2019 (31–03–2019 तक)

1. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश, 2019 (2019 का 1)
2. भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 2)
3. कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 3)
4. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) द्वितीय अध्यादेश, 2019 (2019 का 4)
5. भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) द्वितीय अध्यादेश, 2019 (2019 का 5)
6. कंपनी (संशोधन) द्वितीय अध्यादेश, 2019 (2019 का 6)

7. अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अध्यादेश, 2019 (2019 का 7)
8. जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 8)
9. आधार और अन्यम विधियां (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 9)
10. नई दिल्ली अन्तर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र अध्यादेश, 2019 (2019 का 10)
11. होम्योपैथी केंद्रीय परीषद (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 11)
12. विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का 12)
13. केंद्रीय शिक्षा संस्थाएं (अध्यापकों के संवर्ग में आरक्षण) अध्यादेश, 2019 (2019 का 13)

घ. वर्ष 2018–19 के दौरान डाउनलोड तथा अपलोड किए गए केंद्रीय विनियम हैं–

2018

1. दमन और दीव नगर पालिका (संशोधन) विनियम, 2018 (2018 का 1)
2. दादरा और नागर हवेली नगर पालिका परिषद (संशोधन) विनियम, 2018 (2018 का 2)
3. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह (नगर पालिका) (संशोधन) विनियम, 2018 (2018 का 3)

(5) संसद के अधिनियमों के आधार पर, प्रधान अधिनियमों की मास्टर प्रतियों में संशोधन दर्ज कर दिए गए हैं। वर्ष 2018–19 के दौरान, जिन अधिनियमों को संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा लागू कर दिया गया है उनके लागू होने की तारीख और उनकी अधिसूचना संख्या संबंधित अधिनियमों की मास्टर प्रतियों में यथास्थान दर्ज कर दी गई है और विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा साथ ही साथ इंडिया कोड पोर्टल पर भी अपलोड कर दिए गए हैं।

37. राज्य अधिनियम

वर्ष 2018–19 के दौरान, अनुभाग द्वारा 12 राज्यों, जिनके नाम हैं, आंध्र प्रदेश, असम, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडू, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल हैं, से कुल 189 राज्य अधिनियम और 65 अध्यादेश प्राप्त हुए। सभी अधिनियमों और अध्यादेशों को संबंधित रजिस्टरों और फोल्डरों में दर्ज कर लिया गया है।

38. भारत संहिता अद्यतनीकरण यूनिट

प्रत्येक वर्ष विधान मंडल द्वारा अनेक विधान (मुख्य अधिनियम तथा संशोधन अधिनियम दोनों) पारित किए जाते हैं तथा न्यायपालिका, अधिवक्ताओं और साथ–ही–साथ नागरिकों के लिए यह कठिन हो जाता है कि वे आवश्यकता होने पर किसी एक ही स्थंल पर सभी प्रासंगिक एवं अद्यतन अधिनियमों का संदर्भ ले सकें। इस समस्या का समाधान यह हो सकता है कि एक वृहत्तक रिपोजिटरी का निर्माण किया जाए जहां एक ही स्थान पर सभी अधिनियमों एवं संशोधनों को इकट्ठा रखा जाए जो सबके लिए अभिगम्य हो। एक केंद्रीय रिपोजिटरी बनाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती रही है जहां एक ही स्थान पर सभी अधिनियमों एवं समय–समय पर बनाए गए उनके अधीनस्थ विधायनों को रखा जाए जो समस्त हितधारकों के लिए आसानी से उपलब्ध हो। उन कानूनों को जनता, अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों आदि को आवश्यकता पड़ने पर अद्यतन रूप में उपलब्ध कराने तथा निजी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित अद्यतन कानूनों पर अपनी कॉपीराइट का दावा करते हुए जनता से भारी कीमत वसूल करके उनका शोषण करने पर रोक लगाने को ध्यान में रखते हुए इस विभाग में इंडिया कोड अद्यतनीकरण यूनिट का गठन किया गया है। वस्तुतः, भारत संहिता उपलब्ध कराने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण यही है। इन सभी पहलुओं को ध्यान

में रखते हुए विधि और न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से भारत संहिता सूचना प्रणाली (आईसीआईएस) का निर्माण किया गया है जो कि एक वन स्टॉप डिजीटल रिपोजिटरी है जहां केंद्र व राज्यों के सभी विधायनों के साथ–साथ उनके संबंधित अधीनस्थ विधायनों को इकट्ठा रखा गया है। सभी नागरिकों का कानूनी रूप से सशक्तिकरण सुनिश्चित करने तथा साथ–ही–साथ एक राष्ट्र–एक मंच के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्य विशेषताएं:

इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य यह है कि आम जनता, अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों तथा अन्य सभी इच्छुक पक्षकारों के आवश्यकतानुसार भारत के सभी अधिनियमों तथा विधायनों को वन स्टॉप रिपोजिटरी पर उपलब्ध कराया जा सके। इस प्रणाली से न केवल संबद्ध पूर्व दृष्टांतों तथा संशोधनों को ढूंढ़ने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी बल्कि अपनी रूचि के अनुसार किसी भी केंद्रीय या राज्य के अधिनियम को अद्यतन रूप में पुनःप्राप्त करना प्रयोक्ता् अनुकूल हो जाएगा, वह भी एक बटन दबाते ही। एक मोबाइल एप्लीकेशन भी तैयार किया गया है जिसके द्वारा कहीं से भी मोबाइल पर ऐसी सूचना प्राप्त की जा सकेगी। इस प्रणाली से भारत में बने कानूनों के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी। इससे प्रभावी सूचना प्रबंध के रूप में भी मदद मिलेगी जिससे प्रशासनिक प्राधिकारियों के कार्य में सहायता मिलेगी तथा लोग डीजिटल फॉर्म में इसे आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

इस रिपोजिटरी में केंद्र तथा राज्य के सभी अधिनियम शामिल होंगे। यह एक केंद्रीय डाटाबेस रिपोजिटरी है जिसमें भारत में बने सभी कानून शामिल होंगे। जब भी कोई नया अधिनियम या संशोधन अधिनियम पारित किया जाता है तथा अधीनस्थ विधायन बनाए जाते हैं, संबंधित प्राधिकारी को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वे केंद्रीय रिपोजिटरी पर उसे अपलोड कर सकें।

भारत संहिता सूचना प्रणाली (आईसीआईएस) के अंतर्गत indiacode.nic.in वेबसाइट तैयार किया गया है जिस पर केंद्र तथा राज्य के सभी अधिनियमों के साथ–साथ उनके अधीनस्थ विधायन भी उपलब्ध हैं। केंद्र तथा राज्य के सभी अधिनियम धाराओं, अनुसूचियों, लघु शीर्षकों, अधिनियमन की तिथियों, आदि के संबंध में ब्योरे उपलब्ध कराएंगे तथा साथ–ही–साथ प्रत्येक अधिनियम में अति महत्वपूर्ण पाद टिप्पणियां उपलब्ध कराएंगे। खोजने की सुविधा निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध कराई गई है:

1. अधिनियम का वर्ष
2. अधिनियम सं.
3. अधिनियमन की तिथि
4. लघु शीर्षक
5. मंत्रालय
6. विभाग

फ्री पाठ खोज भी उपलब्ध है।

ई–शासन के रूप में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम

इस प्रणाली से कोई भी व्यक्ति विद्यमान अधिनियमनों को देख सकता है। साथ ही, केंद्र और राज्यो के किसी भी अधिनियम तथा उनके अंतर्गत बनाए गए अधीनस्थ विधायनों को पुनःप्राप्त करने के लिए संबद्ध

पूर्व दृष्टांतों और संशोधनों को ढूंढ़ने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया जा रहा है। अद्यतन विधायी दस्तावेजों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को अत्यधिक प्रयोक्ता अनुकूल बनाया गया है तथा यह मात्र एक बटन दबाकर प्राप्त किया जा सकेगा।

भारत संहिता की नई वेबसाइट पर केंद्रीय अधिनियमों को अद्यतन करने और अपलोड करने की प्रक्रिया के रूप में 1838 से 2018 के केंद्रीय अधिनियमों को अद्यतन और अपलोड कर दिया गया है। अधिनियमों का हिंदी पाठ www.legislative.gov.in पर उपलब्ध है। जहां तक अधीनस्थ विधायनों को अद्यतन और अपलोड करने का संबंध है, भारत सरकार के सभी प्रशासनिक मंत्रालयों और विभागों से अद्यतन पाठ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है तथा कई मंत्रालयों और विभागों ने अपने अधीनस्थ विधायनों को अपलोड कर दिया है।

भारत संहिता सूचना प्रणाली (आईसीआईएस) ई—शासन के रूप में की गई एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें हमारे इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में विद्यमान सभी केंद्रीय और राज्य अधिनियम एक स्थान पर उपलब्ध कराए गए हैं। अतः, उपलब्ध अधिनियमों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर कानून निर्माताओं, न्यायपालिका, विद्वानों, विधि के छात्रों आदि द्वारा देखा जाता है। इस प्रकार, यह वेब पोर्टल दुनिया भर में देखा जाता है। भारत संहिता सूचना प्रणाली (आईसीआईएस) उन निजी प्रकाशकों के एकाधिकार को समाप्त करती है जो अपने प्रकाशनों पर कॉपीराइट का दावा करते हैं।

39. मुद्रण अनुभाग

विधायी विभाग का मुद्रण अनुभाग (मुद्रण—। और मुद्रण—।।) विधायन की प्रक्रिया के विभिन्न प्रक्रमों पर मुद्रण के कार्य से संबंधित हैं। इन दोनों अनुभागों के कार्यों में विधेयकों की पांडुलिपियों (जिसमें विषय—वस्तु और उपाबंध, जहां—जहां अपेक्षित हैं, को तैयार करना सम्मिलित है), अध्यादेशों, विनियमों, अनुकूलन आदेशों, भारत के संविधान के अधीन जारी किए गए आदेशों, परिसीमन आदेशों और अन्य कानूनी विलेखों को मुद्रणालय भेजने से पहले उनका संपादन करना शामिल है। विधेयकों के प्रूफ आदि की बहुल प्रक्रमों पर जांच की जाती है तत्पश्चात उसे अनुमोदन के पश्चात् विधायी—। अनुभाग को भेज दिया जाता है जो उन्हें लोक सभा/राज्य सभा सचिवालयों को "लोक सभा/राज्य सभा में पुरःस्थापित किए जाने के लिए" प्रक्रम हेतु मुद्रण के लिए अग्रेषित करता है। ऐसे विधेयकों को, जिन्हें अल्प—सूचना पर पुरःस्थापित किया जाना अपेक्षित होता है, मुद्रण अनुभागों द्वारा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय की ओर से मुद्रित किया जाता है। तत्पश्चात, विधेयकों की मुद्रित प्रतियां, विभिन्न प्रक्रमों पर जांची जाती हैं जैसे यथा पुरःस्थापित "पुरःस्थापित किए जाने वाले' प्रक्रम, "लोक सभा/राज्य सभा द्वारा यथा पारित' प्रक्रम, "दोनों सदनों से यथा पारित' प्रक्रम, "अनुमति प्रति' प्रक्रम, "हस्ताक्षर प्रति' प्रक्रम और अंत में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पश्चात्, अधिनियम को तैयार किया जाता है और उसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित करने की कार्रवाई की जाती है। उसके ठीक पश्चात् जनता में विक्रय करने के लिए ए—4 प्रक्रम की प्रति उसी रूप में पुनः प्रकाशन करने के लिए तैयार और संपादित की जाती है। ए—4 आकार के अधिनियमों के प्रूफों को पुनःसंवीक्षित किया जाता है और अंतिम मुद्रण के लिए मुद्रणालय को लौटाने से पूर्व अनुमोदित किया जाता है और अधिनियम की मुद्रित प्रति की अशुद्धियों के लिए जांच की जाती है और विक्रय के लिए जारी की जाती है।

(2) भारत के संविधान, भारत संहिता, संसद के अधिनियमों जैसे विभिन्न अन्य प्रकाशनों के संपादन और प्रूफ की जांच करने के अलावा मुद्रण अनुभागों ने विभाग की आवश्यकता के अनुसार केन्द्रीय अधिनियमों के संशोधित संस्करण को अद्यतन करने का भी कार्य किया है।

(3) 1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 की अवधि के दौरान विधायी विभाग के मुद्रण–। तथा मुद्रण–।। अनुभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किये गये :–

(क) 141 विधेयकों, सरकार के राजपत्र में प्रकाशित 42 अधिनियमों, 22 अध्यादेशों तथा 3 विनियमों की पांडुलिपियों का संपादन किया गया तथा इनके प्रूफों की जांच और समीक्षा की गई ;

(ख) इंडिया कोड (कुल 576 पृष्ठ) के कम्प्यूटर प्रिंट आउट की जांच की गई।

(ग) संसद के केंद्रीय अधिनियमों के 9 डिग्लॉट संशोधित संस्करणों के प्रूफों तथा मुद्रित प्रतियों की जांच की गई।

(घ) एक संवैधानिक आदेश का संपादन किया गया तथा इसके प्रूफ की जांच की गई।

(4) इसके अलावा, मुद्रण अनुभागों ने निरसन करने के उद्देश्य से 245 अधिनियमों की जांच की है।

40. साधारण कानूनी नियम एवं आदेश (जी.एस.आर.ओ.) अनुभाग

1. केन्द्रीय अधिनियमों के संशोधित संस्करण विधायी विभाग द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं और अधिनियम के अन्तर्गत अधीनस्थ विधायन सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय या विभाग द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं।

2. किसी अधिनियमन के अधीन अधीनस्थ विधायन जिन सांविधिक नियम और आदेश, अधिसूचना आदि शामिल होते हैं, विधायी विभाग से विधीक्षा करवाने के उपरान्त उस मंत्रालय या विभाग के द्वारा जारी किया जाता है जो उस अधिनियम से प्रशासनिक रूप से सम्बन्धित होता है। अधीनस्थ विधायन पर संसदीय समिति की संस्तुतियों के अनुपालन में अधीनस्थ विधायन को अद्यतन रखने और जनता को उसे त्वरित गति से उपलब्ध करवाने की एक योजना बनाई गई थी। उक्त योजना के अन्तर्गत, प्रशासनिक मंत्रालयों से यह अपेक्षित है कि वे उनके द्वारा जारी किए गए नियमों, आदेशों और अधिसूचनाओं की अद्यतन प्रतियों वाले फोल्डरों का रख–रखाव करें।

3. अधीनस्थ विधायन पर राज्य सभा समिति ने अपनी 135वीं रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से यह संस्तुति की थी कि मंत्रालय, अपनी ई – गवर्नेन्स पहल के हिस्से के रूप में, सभी अधीनस्थ विधायन अधिमानतः द्विभाषी रूप में अपनी बेबसाइट पर रखें। समिति ने यह भी संस्तुति की थी कि संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सभी मंत्रालयों के प्रयोग हेतु इन्टरनेट इंटरफेस से युक्त एक मानक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर विकसित करेगा जो सम्बन्धित मंत्रालय द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले प्रधान अधिनियमों से संबद्ध अधीनस्थ विधायन का तलाशने योग्य डेटाबेस उपलब्ध कराएगा।

(4) विधायी विभाग का साधारण कानूनी नियम एवं आदेश अनुभाग (सा.का.नि.आ.अनुभाग) भारत के गजट में प्रकाशित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा जारी किए गए साधारण कानूनी नियमों एवं आदेशों का शासकीय प्रयोजन हेतु वर्णानुक्रम रजिस्टर तैयार करता है।

(5) साधारण कानूनी नियम एवं आदेश अनुभाग (सा.का.नि.आ.अनुभाग) द्वारा वर्ष 2018–19 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा भाग–।।, खण्ड 3, उप खण्ड (i) तथा (ii) के अधीन जारी अधीनस्थ विधायनों से संबंधित गजट अधिसूचनाओं, जोकि साधारण और असाधारण से संबंधित हैं, की गजट प्रतियां छांटी गईं। विभिन्न साधारण और असाधारण अधिसूचनाओं के भाग–।।, खण्ड 3, उप खण्ड (i) तथा (ii) से संबंधित शुद्धियों सहित विभिन्न अधिसूचनाओं की प्रविष्टि वर्णानुक्रम रजिस्टार में की गई।

41. एकल वित्त और बजट एवं लेखा अनुभाग

एकल वित्त और बजट एवं लेखा अनुभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय के तीनों विभागों नामतः विधि कार्य विभाग, विधायी विभाग तथा न्याय विभाग और विभिन्न स्वायत्त निकायों– आई टी ए टी, नालसा, उच्चतम न्यायालय विधिक संघ इत्यादि के बजट अनुमान और संशोधित अनुमान तैयार करने से संबंधित कार्य करने के लिए उत्तरदायी है। इसके अतिरिक्त, बजट को अंतिम रूप देने, बजट–पूर्व विचार–विमर्श और अनुपूरक/अतिरिक्त निधियों की मांगों को प्राप्त किए जाने संबंधी कार्य भी इस अनुभाग द्वारा किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय सहित सम्पूर्ण मंत्रालय के लिए विस्तृत अनुदान मांगों को तैयार करने से संबंधित कार्य भी बजट तथा लेखा अनुभाग द्वारा निष्पादित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, यह अनुभाग उन प्रस्तावों जिनमें वित्तीय पहलू अन्तर्वलित है और जहां वित्त मंत्रालय की विशिष्ट राय लेना अपेक्षित है, से संबंधित कार्य भी करता है। विधि और न्याय मंत्रालय के लिए अनुदान मांगों पर संसदीय स्थायी समिति से संबंधित कार्य का समन्वय भी इसी अनुभाग द्वारा किया जाता है।

(2) एकल वित्त और बजट एवं लेखा अनुभाग राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (विधान मण्डल वाले) के निर्वाचन संबंधी व्यय के संबंध में निधियों को अनंतिम रूप से निर्गत करने से संबंधित कार्य के लिए भी उत्तरदायी है।

42. प्रकाशन अनुभाग

प्रकाशन अनुभाग समय–समय पर केन्द्रीय अधिनियमों और अन्य महत्वपूर्ण प्रकाशनों जैसे कि भारत के संविधान, निर्वाचन विधि संबंधी निर्देशिका, भारत के संविधान के अधीन जारी किए गए आदेशों, केंद्रीय अधिनयमों की वर्णक्रमानुसार तथा कालक्रमानुसार सूची, सांविधिक परिभाषाओं की सूची आदि के संशोधित संस्करण प्रकाशित करता है।

2. इस विभाग द्वारा संविधान (एक सौ तीनवां संशोधन) अधिनियम, 2019 सहित नवीनतम संशोधनों को शामिल करते हुए भारत के संविधान (अंग्रेजी संस्करण) तथा फुटनोट का डिग्लॉट संस्करण में पॉकेट साइज में प्रकाशन किया गया है। इसके अलावा, भारत के संविधान (अंग्रेजी संस्करण) का अद्यतन संस्करण तथा फुटनोट विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कराया गया है।

3. वर्ष 2018–19 में निर्वाचन विधि संबंधी निर्देशिका के अंग्रेजी संस्करण की पांडुलिपि (खंड। तथा खंड।।) तैयार कर प्रकाशित (डिग्लॉट संस्करण में) की गई है।

लोक सभा द्वारा प्रकाशित भारत के संविधान के प्रूफ का संवीक्षण तथा पुनरीक्षण किया गया ताकि इसके डीलक्स तथा पॉकेट साइज, डिग्लॉट संस्करण का प्रकाशन किया जा सके।

43. राजभाषा अनुभाग

विधायी विभाग का राजभाषा अनुभाग, भारत संघ की राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम, 1976 के कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक रूप से उत्तरदायी है। यह अनुभाग अंग्रेजी से हिंदी तथा व्युत्क्रमतः अनुवाद कार्य करने सहित भारत संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए भी उत्तरदायी है।

(2) राजभाषा नीति के संवैधानिक और अन्य उपबंधों का कार्यान्वयन

(i) विधायी विभाग ने 01 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के दौरान राजभाषा नीति के समस्त पक्षों के कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित प्रयास किए हैं :–

राजभाषा नियम 1976 के उपबंधों के अनुसार वर्तमान में 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों को क्रमशः 88. 34%, 81.32 % तथा 64.05% पत्र हिंदी में भेजे जा रहे हैं। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में अनुबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हिंदी में प्राप्त पत्रों, आवेदनों, अभ्यावेदनों आदि के उत्तर हिंदी में ही भेजे जाते हैं। भारत संघ की राजभाषा नीति के अनुसार, अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों, आवेदनों, अभ्यावेदनों आदि के भी उत्तर हिंदी में ही भेजे जा रहे हैं। सभी संकल्प, सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक रिपोर्टें, संविदाएं, नोटिस और संसद के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले सभी दस्तावेज राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 की उप धारा (3) के अनुसार द्विभाषी रूप में तैयार एवं जारी किए जाते हैं।

(ii) राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10 के उप नियम (4) के अनुसरण में 29 अप्रैल, 1979 को विधायी विभाग को सरकारी कार्य हिंदी में करने हेतु अधिसूचित किया गया था। हिंदी में प्रवीण अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रारूप आदि हिंदी में ही प्रस्तुत करने के निदेश दिए गए हैं। इस प्रयोजन के लिए राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8 के उप– नियम (4) के अधीन अपना अधिकतम कार्य केवल हिंदी में करने के लिए 31 अनुभागों में से 17 अनुभागों को विनिर्दिष्ट किया गया है।

(3) राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु तिमाही प्रगति रिपोर्ट

हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टें नियमित रूप से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भेजी जाती हैं। इन रिपोर्टों के माध्यम से हिंदी प्रशिक्षण के संबंध में कर्मचारियों की स्थिति और हिंदी में उनके संपूर्ण कार्य को परिलक्षित किया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिंदी में पत्राचार, टिप्पण और प्रारूपण करने में वृद्धि हो।

(4) राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें

इस विभाग में संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी (राजभाषा खंड) सह राजभाषा प्रभारी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति गठित की गई है। शासकीय प्रयोजनों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग के निर्धारण के लिए इस समिति की बैठकें नियमित रूप से तीन मास में एक बार आयोजित की जाती हैं। इन बैठकों की कार्यसूची और कार्यवृत्त राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भेजे जाते हैं। कार्यवृत्त को विभाग के सभी अधिकारियों और अनुभागों में भी अनुपालन के लिए परिचालित किया जाता है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें क्रमशः 27 मार्च, 2018 (पहली), 20 जून, 2018 (दूसरी), 25 सितंबर, 2018 (तीसरी) और 28 दिसंबर, 2018 (चौथी) को आयोजित की गई थी। वर्ष 2019 की पहली बैठक दिनांक 29 मार्च, 2019 को आयोजित की जा चुकी है। यह समिति हिंदी के प्रयोग के संबंध में समस्याओं की पहचान करने और उनका समाधान ढूंढने के लिए प्रभावी उपाय प्रस्तुत करती है। समिति की बैठकों में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम पर भी विचार–विमर्श किया जाता है और उसमें विहित लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास किए जाते हैं। समिति की इन बैठकों में भारत संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित आदेशों, परिपत्रों, निदेशों, अधिसूचनाओं, संकल्पों, संस्तुतियों आदि पर भी चर्चा की जाती है।

(5) मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा – निर्देशों के अनुसार माननीय विधि और न्याय मंत्री महोदय की अध्यक्षता में हिंदी सलाहकार समिति का 4 अगस्त 1967 को गठन किया गया था। यह समिति विधायी विभाग और विधि कार्य विभाग के लिए संयुक्त रूप से गठित की गई है। इस समिति में

संसदीय कार्य मंत्रालय और संसदीय राजभाषा समिति द्वारा मनोनित माननीय संसद सदस्य, केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद के मनोनित सदस्य, प्रमुख अखिल भारतीय हिंदी स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा विधि और न्याय मंत्रालय एवं राजभाषा विभाग के मनोनित गैर सरकारी सदस्य होते हैं। विधि कार्य विभाग, विधायी विभाग और राजभाषा विभाग के सचिव, अपर सचिव तथा ऊपर वर्णित विभागों के संबंधित संयुक्त सचिव समिति के शासकीय सदस्यों के रूप में सम्मिलित होते हैं।

16वीं लोकसभा के गठन के बाद समिति का पुनर्गठन किया गया था जिसकी पहली बैठक दिनांक 7 जुलाई, 2015 को उदयपुर, राजस्थान में आयोजित की गई थी।

(6) हिंदी प्रशिक्षण

यह विभाग हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हिंदी के विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए अपने अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करता है। हिंदी भाषा के ये पाठ्यक्रम प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ हैं। हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि के लिए भी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हैं। हिंदी के इन पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन एक निरंतर प्रक्रिया है क्योंकि अधिकारियों/कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति तथा स्थानांतरण होता रहता है।

(7) हिंदी पखवाड़े का आयोजन

इस विभाग में 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2018 के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया था। इस अवधि के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं और अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में इन कार्यक्रमों में भाग लिया था। इनमें से दो प्रतियोगिताएं हिंदीतर कार्मिकों के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई थीं। इन प्रतियोगिताओं के लिए क्रमशः रू 4000, रू 3000, रू 2000 और रू 750 की राशि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और प्रोत्साहन पुरस्कार निर्धारित किए गए थे। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने हेतु कुल रू 79,500 की राशि स्वीकृत की गई थी।

(8) हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं

इस विभाग में हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए राजभाषा विभाग द्वारा यथा निर्देशित तीन प्रोत्साहन योजनाएं विभाग में लागू की गई हैं। वर्ष 2018–19 के दौरान मूल रूप से हिंदी में टिप्पण / प्रारूपण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दस कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में टंकण करने हेतु प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत एक कर्मचारी को पुरस्कृत किया गया। हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए दो अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा हिंदी शिक्षण योजना के अधीन आयोजित हिंदी भाषा, हिंदी आशुलिपि और हिंदी टंकण के हिंदी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात अधिकारियों / कर्मचारियों को नकद पुरस्कार और अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जाती है।

(9) संसदीय राजभाषा समिति

संसदीय राजभाषा समिति का गठन सन् 1976 में केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों व उनके कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में निगरानी करने व सुझाव देने के लिए किया गया था। जहां तक विधायी विभाग का संबंध है, इस समिति की सिफारिशों के आधार पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों को विभाग में कार्यान्वित किया जा रहा है।

44. राजभाषा खंड

(1) कृत्य

राजभाषा खंड, विधायी विभाग के अधीन राजभाषा (विधायी) आयोग का उत्तरवर्ती संगठन है। इसे निम्नलिखित कृत्य सौंपे गए हैं :–

(i) सभी राजभाषाओं में, यथासंभव उपयोग के लिए मानक विधि शब्दावली की तैयारी और उनका प्रकाशन ;

(ii) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित सभी केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ की तैयारी ;

(iii) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किसी केन्द्रीय अधिनियम या किसी अध्यादेश या विनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए सभी नियमों, विनियमों और आदेशों के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ की तैयारी ;

(iv) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित सभी केन्द्रीय अधिनियमों और अध्यादेशों और विनियमों का राज्यों की संबंधित राजभाषा में प्राधिकृत पाठ की तैयारी तथा किसी राज्य में यदि ऐसे अधिनियमों या अध्यादेशों का पाठ हिन्दी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में है, तो पारित किए गए सभी अधिनियमों और प्रख्यापित अध्यादेशों के हिन्दी में अनुवाद की व्यवस्था;

(v) विभिन्न विभागों के विलेखों, विधि दस्तावेजों जैसे संविदा, करार, पट्टों, बंधपत्र, गिरवी आदि का हिन्दी अनुवाद ;

(vi) राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अधीन यथा अपेक्षित सभी कानूनी अधिसूचनाओं का हिन्दी अनुवाद ;

(vii) राष्ट्रपति शासन के अधीन स्थिात राज्यों की सरकारों द्वारा जारी किए गए कानूनी नियमों का हिन्दी अनुवाद ;

(viii) संसद के सभी प्रश्न/उत्तर, आश्वासन आदि का हिन्दी अनुवाद जो विधि और न्याय मंत्रालय से संबंधित हैं;

(i) हिन्दी भाषी राज्यों के अधिकारियों को हिन्दी में विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण

(x) हिंदी में एकसमान विधिक शैली और मानक वाक्यांशों के मॉडल को क्रमिक रूप से विकसित करने तथा उन्हें प्रकाशित करने के कार्य में प्रभावकारी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए हिन्दी भाषी राज्यों की समन्वय समिति से संबंधित कार्य करना ;

(xi) विधि और न्याय मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति से संबंधित कार्य;

(xii) विधि के क्षेत्र में राजभाषा के संवर्धन के लिए स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान देने से संबंधित कार्य;

(xiii) केन्द्रीय अधिनियमों (विधायी इतिहास सहित) के द्विभाषी (डिग्लॉट) संस्करणों का प्रकाशन और उनका प्रचार;

(xiv) हिन्दी और द्विभाषी (डिग्लॉट) प्रारूप में इंडिया कोड (भारत संहिता) की तैयारी और अनुरक्षण; तथा

(xv) भारत के संविधान का क्षेत्रीय भाषाओं के संस्करणों का प्रकाशन और उनका विमोचन।

(2) विधि शब्दावली

वर्ष 1961 में राजभाषा (विधायी) आयोग के गठन के बाद से अब तक विधि शब्दावली के सात संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं तथा प्रत्येक क्रमवर्ती संस्करण आकार में बड़ा है। विधि शब्दावली के प्रथम संस्करण (1970) में 20,000 प्रविष्टियां थीं, जबकि नवीनतम छठे संस्करण (2001) में, जो आठ भागों में विस्तृत है, में लगभग 63,000 प्रविष्टियां हैं। विधि शब्दावली का नवीनतम 7वां संस्करण वर्ष 2015 में प्रकाशित किया गया है तथा इसमें 7 भागों में 65,000 प्रविष्टियां हैं। राजभाषा खंड द्वारा प्रकाशित विधि शब्दावली को, जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवशाली प्रकाशन है, विधि क्षेत्र के सभी व्यक्तियों और विद्वानों से व्यापक प्रशंसा प्राप्त हुई है।

(3) भारत का संविधान

हिन्दी (संघ की राजभाषा) में भारत के संविधान के प्राधिकृत पाठ के अतिरिक्त, 15 अन्य प्रादेशिक भाषाओं अर्थात् असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, उर्दू, सिंधी, नेपाली और कोंकणी में संविधान के प्राधिकृत पाठ प्रकाशित किए गए हैं। हाल ही में सक्षम प्राधिकारी ने भारत के संविधान को मणिपुरी भाषा में डिग्लॉट रूप में प्रकाशन करने (अंग्रेज़ी–मणिपुरी) और डोगरी भाषा डिग्लॉट रूप में (अंग्रेजी–डोगरी) की मंजूरी दी है।

(4) भारत संहिता

सभी केन्द्रीय अधिनियमों का संकलन कर लिया गया है और उपयोगी खण्डों के रूप में भारत संहिता के नाम से प्रकाशित कर दी गई हैं। भारत संहिता का अंतिम संस्करण 1959 में आठ जिल्दों में प्रकाशित करवाया गया था। भारत संहिता (इंडिया कोड का संशोधित संस्करण) को कालक्रमानुसार द्विभाषी रूप (डिग्लॉट) में प्रकाशित करने हेतु कार्रवाई पहले ही आरम्भ की जा चुकी है।

संहिता की प्रमुख विशेषताओं में से एक विशेषता यह है कि प्रमुख विधेयकों के संलग्नक में दिए गए उद्देश्यों और कारणों का विवरण प्रत्येक अधिनियम के अन्त में भी जोड़ा गया है और भारत संहिता के संशोधित संस्करण में भी समाविष्ट किया गया है। भारत संहिता के संशोधित संस्करण के खण्ड I से XXXI तक प्रकाशित किए जा चुके हैं और भारत संहिता के खण्ड XXXII और XXXIII की पांडुलिपि मुद्रण हेतु प्रेस में भेज दी गई हैं।

(5) केंद्रीय अधिनियमों के प्राधिकृत पाठों को तैयार करना और उनका प्रकाशन

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5(1)(क) के अधीन 31 अधिनियमों का हिंदी में प्राधिकृत पाठ राजपत्र में प्रकाशित किया जा चुका है। ऐसे अधिनियमों की 1963 से लेकर अब तक कुल संख्या 2448 हो गई है।

(6) केंद्रीय अधिनियमों के डिग्लॉट संस्करणों का प्रकाशन

ऐसे केंद्रीय अधिनियम, जिनकी जनता में मांग बढ़ने की संभावना है, राजभाषा खंड द्वारा द्विभाषी (डिग्लॉट) रूप में प्रकाशित किए जाते हैं। जब किसी अधिनियम विशेष की जनता में मांग होती है तो उसे जनसाधारण में बिक्री के लिए द्विभाषी (हिन्दी एवं अंग्रेज़ी) रूप में प्रकाशित किया जाता है। ऐसे अधिनियमों की कुल संख्या अब 401 हो गई है।

(7) विधेयकों, अध्यादेशों आदि के प्राधिकृत हिंदी अनुवाद

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 की उपधारा (2) यह अपेक्षा करती है कि संसद के किसी भी सदन में पुरःस्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों या उनके संबंध में लाए जाने वाले संशोधनों के साथ उनका हिंदी अनुवाद भी संलग्न होगा। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, 85 विधेयकों के हिंदी अनुवाद, अंग्रेजी पाठ के साथ संसद के सदनों को भेजे गए थे। इसके अतिरिक्त, 22 अध्यादेशों, 9 मंत्रिमंडल टिप्पणों तथा 38 अधिनियमों के हिंदी अनुवाद भी तैयार किए गए थे।

(8) साधारण कानूनी नियम और आदेश (सा.का.नि.आ.)

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 की उपधारा (3) केंद्रीय सरकार में द्विभाषी कार्य के लिए अधिकृत करती है। उस उपधारा के खंड (1) के अधीन, केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए या बनाए गए सभी संकल्प, साधारण आदेश, नियम, अधिसूचनाएं आदि हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होनी चाहिए। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, 9596 पृष्ठों के ऐसे कानूनी नियम/अधिसूचनाएं, आदि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के लिए तैयार की गई।

(9) नियमों, विनियमों, आदेशों, आदि के प्राधिकृत पाठों को तैयार करना और उनका प्रकाशन

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 की उपधारा (1) का खंड (ख) यह अपेक्षा करता है कि संविधान के अधीन या किसी केंद्रीय अधिनियम के अधीन जारी किए गए किसी आदेश, नियम, विनियम या उपविधि का राजपत्र में राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित हिंदी अनुवाद, हिंदी में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा। कुछ नियम, विनियम, आदेश आदि अनुवाद के विभिन्न प्रक्रमों पर हैं। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, भर्ती नियमों के 3568 पृष्ठों का हिन्दी अनुवाद किया गया है,

(10) केंद्रीय अधिनियमों आदि का रख–रखाव

राजभाषा खण्ड का संशोधन अनुभाग, इंडिया कोड के साथ ही इंडिया कोड (डिग्लॉट) और भारत संहिता के रूप में रखी गई केंद्रीय विधानों की मूल प्रतियों के अनुरक्षण और अद्यतन रखने का कार्य करता है। यह अनुभाग भारत का संविधान, निर्वाचन विधि निर्देशिका और अन्य महत्वपूर्ण मैनुअलों को राजभाषा खंड के अधिकारियों के संदर्भ के लिए अद्यतन रखता है। यह अनुभाग, केन्द्रीय अधिनियमों की पूर्वोक्त मुख्य प्रतियों में, संसद द्वारा पारित संशोधन अधिनियम द्वारा किए गए संशोधनों को करने के लिए उत्तरदायी है।

इसके अतिरिक्त राजभाषा खण्ड द्वारा डिग्लॉट रूप में प्रकाशित कराए जाने के लिए केंद्रीय अधिनियमों की हिंदी पांडुलिपियों तथा डिग्लॉट संस्करणों की प्रतियां एवं भारत के संविधान की पांडुलिपियां (ए 4 साइज) और राजभाषा खण्ड द्वारा प्रकाशित की गईं ई–गजट प्रतियों से संबंधित सूचना राज्य सरकार और उच्च न्यायालय को भेजी गई है। उपर्युक्त अवधि के दौरान इस अनुभाग द्वारा उक्त अधिनियमों का पॉकेट संस्करण भी तैयार किया गया।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, इस अनुभाग ने :

(क) केंद्रीय अधिनियमों की ई–गजट प्रतियों (डिग्लॉट संस्करण) के प्रकाशन से संबंधित सूचना उन अधिनियमों के विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को भेजी गईं; तथा

(ख) हिंदी भाषी राज्यों को केंद्रीय अधिनियमों के हिंदी पाठ वाली गजट प्रतियां, अपने–अपने राज्य के राजपत्रों में पुनः प्रकाशन के लिए भेजीं

(ग) प्रकाशन संबंधी कार्य मुख्य रूप से इस अनुभाग द्वारा किया जाता है।

(घ) यह अनुभाग क्षेत्रीय भाषाओं में केंद्रीय अधिनियमों के अनुवाद के संबंध में राजभाषा खण्ड की क्षेत्रीय भाषा इकाई का भी सहयोग करता है। इस वर्ष क्षेत्रीय भाषा इकाई (विधायी–।। अनुभाग) से विभिन्न मामलों से संबंधित 43 प्रस्ताव प्राप्त किए गए हैं।

(ड़) इंडिया कोड (हिंदी) के अद्यतनीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और वर्ष 1947 से 2018 तक के संसद के अधिनियमों को राजभाषा खण्ड की वेबसाइट पर पहले ही अपलोड कर दिया गया है।

(11) विधेयकों, अधिनियमों, अध्यादेशों, द्विभाषी (डिग्लॉट) संस्करणों, आदि की पांडुलिपियों का संपादन और उनका प्रकाशन

राजभाषा खंड का मुद्रण अनुभाग मुख्यतः भारत के संविधान के अधीन जारी विधेयकों, अध्यादेशों, विनियमों, राष्ट्रपति अधिनियमों आदि, और परिषद निर्वाचन–क्षेत्रों का परिसीमन आदेश, आदि की पांडुलिपियों के संपादन और प्रूफों की जांच का कार्य करता है। ऐसे विधेयकों को भी, जिन्हें अल्पावधिक सूचना पर पुरःस्थापित किया जाना अपेक्षित होता है, संसद या राज्य परिषद की ओर से मुद्रित किया जाता है। भारत के संविधान, निर्वाचन विधि निर्देशिका, इंडिया कोड के संशोधित संस्करण, केंद्रीय अधिनियमों, कानूनी नियमों और आदेशों के आशोधित द्विभाषी (डिगलॉट) संस्करण, वार्षिक रिपोर्टों, आदि के प्रकाशनों के संपादन और प्रूफों की जांच का कार्य भी इस अनुभाग में किया जाता है। यह अनुभाग केंद्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों, विनियमों, राष्ट्रपति के अधिनियमों आदि के मुद्रण तथा प्रकाशन और विक्रय के लिए उनके पश्चात्वर्ती द्विभाषी (डिगलॉट) रूप में पुनः मुद्रणों के लिए भी उत्तरदायी है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस अनुभाग ने सौंपे गए सभी उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

राजभाषा खंड का मुद्रण अनुभाग प्रकाशन अनुभाग के कर्तव्यों का भी निर्वहन कर रहा है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, इस अनुभाग द्वारा 31 अधिनियम प्राधिकृत किए गए और 22 अध्यादेशों का प्रकाशन कराया गया। इसके अतिरिक्त, समीक्षाधीन अवधि के दौरान छह अधिनियमों के डिग्लॉट संस्करण मुद्रित कराए गए तथा साथ ही विधि शब्दावली के 7वें संस्करण और निर्वाचन विधि निर्देशिका का वॉल्यूम I और II से संबंधित कार्य भी किए गए।

(12) मानक विधिक दस्तावेजों को तैयार करना और उनका प्रकाशन

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3)(iii) यह अपेक्षा करती है कि केन्द्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या उसकी ओर से किए गए या जारी किए गए करारों, संविदाओं, पट्टों, बंधपत्रों, निविदाओं आदि के लिए हिंदी–अंग्रेजी दोनों भाषाएं प्रयोग की जाएं। उक्त अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुपालन के क्रम में राजभाषा खंड केंद्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए आठ जिल्दों में उनके अनुवाद में एकरूपता प्राप्त करने की दृष्टि से ऐसे दस्तावेजों के हिंदी पाठ तैयार कर चुका है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, इस मंत्रालय के 3298 पृष्ठों के संसदीय प्रश्नोत्तरों/आश्वासनों का हिंदी पाठ भी तैयार किया गया।

(13) विधि क्षेत्र में भारतीय भाषाओं को स्थापित करना

राजभाषा खंड का क्षेत्रीय भाषा यूनिट भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में प्रतिष्ठापित किए

गए अनुसार केंद्रीय अधिनियमों के हिंदी अनुवाद तैयार करने का कार्य कर रहा है। जहां तक क्षेत्रीय भाषाओं का संबंध है यह कार्य संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से किया जा रहा है।

राजभाषा खंड, प्राधिकृत पाठ (केंद्रीय विधि) अधिनियम, 1973 (1973 का 50) की धारा 2 के अधीन यथापरिकल्पित प्रादेशिक भाषाओं में केंद्रीय अधिनियमों के प्राधिकृत पाठ भी प्रकाशित करता है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, कार्य समूह (क्षेत्रीय भाषा) द्वारा 71 केंद्रीय अधिनियमों के अनुवाद का अनुमोदन किया गया और 87 केंद्रीय अधिनियमों को राष्ट्रपति के प्राधिकार के अधीन हिंदी सहित इन क्षेत्रीय भाषाओं में प्राधिकृत पाठ के रूप में अधिप्रमाणित किया गया। साथ ही, हिंदी के अतिरिक्त, 15 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भारत का संविधान का प्राधिकृत पाठ निकाला गया है,ये हैं, असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, उर्दू, सिंधी, नेपाली तथा कोंकणीं।

(14) केंद्रीय अधिनियमों, विधि शब्दावली, आदि का व्यापक वितरण

केंद्रीय अधिनियमों के हिंदी पाठों की राजपत्रित प्रतियां, उनके अधिप्रमाणित किए जाने और भारत के राजपत्र में प्रकाशित किए जाने के पश्चात सभी हिंदी भाषी राज्यों को भेज दी गई हैं साथ ही इन्हें गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों की सरकारों तथा इन राज्यों के उच्च न्यायालयों को भी भेजा गया था। इसके अतिरिक्त, ये प्रतियां भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों और विभागों, अंडमान और निकोबार द्वीप प्रशासन, नागरी प्रचारिणी सभा, संसद पुस्तकालय और अन्य पुस्तकालयों को भी भेज दी गई थीं। केंद्रीय अधिनियमों की द्विभाषी रूप में प्रतियां सभी राज्यों (हिंदी और हिंदीतर भाषी राज्य दोनों), भारत के उच्चतम न्यायालय, संसद पुस्तकालय और सभी उच्च न्यायालयों को नियमित रूप से भेजी जाती हैं। भारत का संविधान तथा विधि शब्दावली लोक सभा/राज्य सभा तथा केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भी वितरित की गई है।

(15) हिंदी सलाहकार समिति से संबंधित कार्य

इस मंत्रालय की बारहवीं हिन्दी सलाहकार समिति का पुनर्गठन 14 मई, 2015 के संकल्प संख्या ई. 4(1)/2014–रा.भा.(वि.वि.) द्वारा तीन वर्षों के लिए किया गया तथा इसके पश्चात इसका कार्यकाल 14 मई, 2018 से एक वर्ष के लिए अथवा लोकसभा के शेष कार्यकाल तक के लिए विस्तारित किया गया। इस समिति में लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य तथा लगभग ग्यारह सरकारी सदस्य और आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए थे। समिति का कार्य केन्द्र सरकार को सामान्यतः निम्नलिखित विषयों पर सलाह देना है :–

(i) केन्द्रीय अधिनियमों और सांविधिक नियमों का हिन्दी पाठ तैयार करना ;

(ii) सामान्य विधि शब्दावली का विकास ;

(iii) विधि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विधि की शिक्षा हिन्दी में देने के लिए मानक विधि पुस्तकों को हिन्दी में तैयार करना ;

(iv) विधि जर्नलों और प्रतिवेदनों का हिन्दी में प्रकाशन ;

(v) उपर्युक्त मदों में से किसी भी विषय से आनुषांगिक और सम्बन्धित विषय;

(vi) शासकीय प्रयोजन के लिए विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रचार और प्रसार के लिए तरीके सुझाना

(16) स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान

विधि के क्षेत्र में हिंदी और अन्य प्रादेशिक भाषाओं के प्रसार और विकास के लिए संघ और राज्यों की राजभाषाओं के संवर्धन के लिए एक स्कीम है। इस स्कीम के अधीन स्वैच्छिक संगठनों और संस्थानों

को वित्तीय सहायता दी जाती है। वर्ष 1985 से, राजभाषा खंड उन स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता देने के लिए इस स्कीम को लागू कर रहा है, जो विधि और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य, जोकि प्रस्तावित टिप्पणियों, आलेखों, विधिक विषयों पर पुस्तकों, विधि जर्नलों, विधि संग्रह तथा अन्य प्रकाशन जो हिंदी तथा राज्यों की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की समृद्धि, प्रचार तथा विकास में सहायक के रूप में हों, के विकास तथा प्रचार की गतिविधियों में शामिल हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डा० सतीश चन्द्र (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में 25 अप्रैल, 2019 से तीन वर्षों की अवधि हेतु एक उच्चाधिकार समिति गठित की गई है। इस समिति में श्रीमती कुमुद एल.दास, अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली; प्रोफेसर (डॉ) सुभाष चंद्र गुप्ता, प्राध्यापक एवं विभागाध्यीक्ष, विधि विभाग, एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय, डॉ बी.जी.आर. कैम्पस, पौड़ी गढ़वाल राजभाषा खण्ड के संयुक्त सचिव एवं विधायी परामर्शी सदस्य–सचिव के रूप में शामिल हैं।

(17) राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के लिए किए गए विशेष उपाय

राजभाषा खंड की वेबसाइट 3.12.2001 को तैयार की गई थी तथा इसका यूनिवर्सल रिसोर्स लोकेटर http://lawmin.nic.in/olwing है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में अनुदित संसद के महत्वपूर्ण अधिनियम विभिन्न भाषाओं में राजभाषा खण्ड के होम पेज पर संबंधित भाषाओं के अंतर्गत डाले गए हैं। विभिन्न विधेयकों, अधिसूचनाओं, आदेशों, भर्ती नियमों आदि के प्रिंटआउट लेने को सुविधाजनक बनाने के लिए राजभाषा खण्ड ने यूनिकोड फॉन्ट का प्रयोग प्रारम्भ किया है तथा हिंदी पाठ की साफ्ट कॉपी उपलब्ध कराता है।

भारत का संविधान, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता तथा निर्वाचन विधि निर्देशिका को पहले ही नेट पर उपलब्ध कराया जा चुका है। इस वेबसाइट को, अधिनियमों की एक सूची तथा नियमों और विनियमों की सूची रखकर और समृद्ध बनाया गया है। विधिक क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों तथा आम जनता और साथ ही साथ विधि के छात्रों के लाभ के लिए 1947 से 2018 तक के अद्यतित केंद्रीय अधिनियम भी पीडीएफ फार्म में वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, राजभाषा खंड के विधेयक अनुभाग, अनुवाद 1 अनुभाग, अनुवाद 2 अनुभाग, विधायी 1 अनुभाग, विधायी 2 अनुभाग, मुद्रण अनुभाग, संशोधन अनुभाग, प्रशासन अनुभाग, रोकड़ अनुभाग और पुस्तकालय को पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों की कैमरा रैडी प्रतियां तैयार की गई थीं। सुगमतापूर्वक कार्य करने के लिए राजभाषा खण्ड ने मंगल फॉन्ट का इस्तेमाल शुरू किया है।

राजभाषा खंड के सभी समूह "क" अधिकारियों के नामों, पतों, ई–मेल आईडी और संपर्क नम्बरों की अंग्रजी और हिंदी में एक सूची भी राजभाषा खण्ड के होमपेज पर डाली गई है।

विधि के क्षेत्र में राजभाषाओं के विकास में लगे हुए स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना का ब्यौरा हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इंटरनेट पर उपलब्ध कराया गया है।

45. विधि साहित्य प्रकाशन

वर्ष 1958 में, संसदीय राजभाषा समिति ने सिफारिश की थी कि भारत के उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णयों के प्राधिकृत अनुवाद को प्रकाशित करने के लिए व्यवस्था की जाए और यह कार्य विधि विभाग के पर्यवेक्षणाधीन एक केन्द्रीय कार्यालय को सौंपा जाए। तत्पश्चात् हिन्दी सलाहकार

समिति की सिफारिशों पर वर्ष 1968 में विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायी विभाग में एक पत्रिका खंड स्थापित किया गया था। इस खंड को बाद में "विधि साहित्य प्रकाशन" नाम दिया गया था।

(2) आरंभ में भारत के उच्चतम न्यायालय के सभी उल्लेखनीय निर्णयों, जो रिपोर्ट किए जाने योग्य के रूप में चिह्नित किए गए थे, का मासिक प्रकाशन अप्रैल, 1968 में आरंभ किया गया था और इसे "उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका" नाम दिया गया था। उच्च न्यायालयों के निर्णयों को समाविष्ट करने वाला दूसरा मासिक प्रकाशन, जनवरी, 1969 में आरंभ किया गया था और इसे "उच्च न्यायालय निर्णय पत्रिका" नाम दिया गया था। वर्ष 1987 में, "उच्च न्यायालय निर्णय पत्रिका" को दो निर्णय पत्रिकाओं, अर्थात् "उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका" और "उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका" में विभाजित कर दिया गया था। 1990 से उच्चतम न्यायालय के रिपोर्ट किए जाने योग्य निर्णयों में लगातार वृद्धि होने और विधि साहित्य प्रकाशन में अपेक्षित संपादकीय कर्मचारीवृन्द की कमी होने के कारण, 'उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका' में केवल उच्चतम न्यायालय के रिपोर्ट किए जाने योग्य चयनित निर्णय होते हैं। 'उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका' तथा 'उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका' में भी सिविल और दांडिक मामलों के केवल महत्वपूर्ण और चयनित निर्णय होते हैं।

(3) उपर्युक्त तीन पत्रिकाओं के अतिरिक्त, विधि साहित्य प्रकाशन निम्नलिखित कार्य भी करता है :–

(क) शैक्षणिक और अन्य क्षेत्रों में तथा निर्देश पुस्तकों के रूप में उपयोग के लिए विधि के क्षेत्र में हिन्दी में पाठ्य पुस्तकों का प्रकाशन;

(ख) हिन्दी में विधिक उच्च साहित्य का अनुवाद और प्रकाशन ;

(ग) विधि के क्षेत्र में हिन्दी में सर्वोत्तम प्रकाशनों के लिए विभिन्न पुरस्कारों का दिया जाना ;

(घ) विधि साहित्य प्रकाशन के हिन्दी प्रकाशनों और विधायी विभाग के एक दूसरे खंड अर्थात् राजभाषा खंड, विधि और न्याय मंत्रालय के द्विभाषी संस्करणों आदि का विक्रय; और

(ङ) भारत के विभिन्न स्थानों में, विशिष्टतया हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी में विधिक साहित्य को लोकप्रिय बनाने और उनमें सुधार करने के लिए सम्मेलन, संगोष्ठियां और पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित करना।

(4) इसके अतिरिक्त, विधि के विद्यार्थियों, विधि के प्राध्यापकों, अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों के उपयोग के लिए हिन्दी में सुविख्यात विधि विशेषज्ञों द्वारा लिखित विधि की मानक पुस्तकें भी प्रकाशित की जा रही हैं। प्राइवेट सेक्टर में मूल रूप से हिन्दी में विधि पुस्तकें लिखने वाले लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए विधि के क्षेत्र में हिन्दी में लिखी गई सर्वोत्तम पुस्तकों पर प्रतिवर्ष पुरस्कार भी दिए जाते हैं।

(5) विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रचार और प्रसार के लिए समय–समय पर हिन्दी भाषी और साथ ही गैर–हिन्दी भाषी राज्यों के विधि महाविद्यालयों, उच्च न्यायालय, जिला न्यायालयों आदि में संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। विधि साहित्य प्रकाशन अपने और राजभाषा खंड के प्रकाशनों की, जिनमें केन्द्रीय अधिनियमों के द्विभाषी (हिन्दी–अंग्रेजी) संस्करण भी हैं, विभिन्न हिन्दी भाषी/ हिन्दीतर भाषी राज्यों में प्रदर्शनियां लगाता है और इन प्रकाशनों के विक्रय का कार्य भी करता है।

(6) "विधि साहित्य समाचार" नामक एक त्रैमासिक जर्नल भी प्रकाशित किया जा रहा है, जिसमें विधि के क्षेत्र में विभिन्न कार्यकलापों और विधि साहित्य प्रकाशन के प्रकाशनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी

जाती है। एक "प्रकाशन सूची" भी, जिसमें विधि साहित्य प्रकाशन के पास विक्रय के लिए उपलब्ध प्रकाशनों की जानकारी होती है, ग्राहकों को समय–समय पर उपलब्ध करवाई जाती है।

वर्ष 2018 के दौरान हुई प्रगति का विवरण इस प्रकार है:

(7) निर्णय पत्रिकाओं का प्रकाशन : रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, संपादन/अनुवाद के स्तर पर "उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका" अप्रैल, 2019 तक अद्यतन कर दी गई है और "उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका" फरवरी, 2019 तक अद्यतन कर दी गई है तथा "उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका" नवंबर, 2018 तक अद्यतन कर दी गई है। पत्रिकाओं को विधि एवं न्याय मंत्रालय की वेबसाइट http://lawmin.nic.in/vsp/vsp.htm पर अपलोड किया गया है तथा ये ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

वर्ष 2018 के दौरान पत्रिकाओं के ग्राहकों की स्थिति :

पत्रिका का नाम	ग्राहकों की संख्या
उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका	37
उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका	36
उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका	36

(8) पुरस्कार प्रदान करना: उपर्युक्त तीन विधि पत्रिकाओं तथा विधि पुस्तकों के प्रकाशन के अतिरिक्त, विधि साहित्यः प्रकाशन द्वारा हिन्दी भाषा में विधि पुस्तकों के लेखन, अनुवाद और प्रकाशन तथा हिन्दी में लिखी गई और प्रकाशित ऐसी पुस्तकों, जिनका उपयोग विधि की पाठय् पुस्तकों के रूप में या निर्देश पुस्तकों के रूप में किया जाता है, पर पुरस्कार देने की स्कीम के अंतर्गत, प्रतिवर्ष 5,00,000/– रु. (पांच लाख रुपए) के पुरस्कार दिए जाते हैं। इस स्कीम में, प्रथम पुरस्कार 50,000/– रुपए (पचास हज़ार रुपए), द्वितीय पुरस्कार 30,000/– रुपए (तीस हज़ार रुपए) तथा तृतीय पुरस्कार 20,000/– रुपए (बीस हज़ार रुपए) दिए जाते हैं। ये पुरस्कार गैर सरकारी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित की गई सर्वोत्कृष्ट पुस्तकों के लेखकों को प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2017 के दौरान इस योजना के अंतर्गत हिंदी में विधि की पांच सर्वोत्कृष्ट पुस्तकों पर रू 1,20,000/– की राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया।

(9) विधि पुस्तकों का प्रकाशन: संदर्भ पुस्तकों के रूप में प्रयोग में लाए जाने के लिए विधि साहित्य प्रकाशन द्वारा हिंदी में अब तक विधि की चौंतीस मानक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। 'भारतीय संविधान के प्रमुख तत्व,' 'निर्णय लेखन', 'अपकृत्यक विधि के प्रमुख निर्णय' और 'भारत का संविधानिक इतिहास' नामक पुस्तकें संशोधन और पुनःमुद्रण हेतु प्रक्रिया में है।

(10) संगोष्ठियां/प्रदर्शनियों का आयोजन और विधि पुस्तकों, केंद्रीय अधिनियमों के द्विभाषी पाठ (हिंदी–अंग्रेज़ी), विधि शब्दावली, निर्वाचन विधि निर्देशिका, भारत संहिता इत्यादि का विक्रय : संगोष्ठियों तथा पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित करने के क्रम में वर्ष 2018 में सिटी सिविल कोर्ट बम्बई, बम्बई उच्च न्यायालय गोवा बेंच, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय (शिमला), शिमला जिला न्यायालय तथा मद्रास उच्च न्यायालय चेन्नई बेंच में पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित की गईं। इन प्रदर्शनियों में अधिवक्ताओं और आम जनता ने अपनी गहरी रूचि दिखाई तथा प्रदर्शनी की अत्यंत सराहना की। सभी प्रकाशन https://bharatkosh.gov.in पर ऑनलाइन विक्रय हेतु उपलब्ध हैं।

1 जनवरी, 2018 से 31 दिसंबर, 2018 की अवधि के दौरान विधि साहित्य प्रकाशन का 14,08,440/– रुपए (चौदह लाख आठ हजार चार सौ चालीस रुपए) का सकल विक्रय हुआ।

46. अधिकारियों/प्रतिनिधिमण्डल के विदेश दौरे : विधायी विभाग

डॉ जी. नारायण राजू, सचिव, विधायी विभाग ने आठवें सेंट पीट्र्सबर्ग इंटरनेशनल लीगल फोरम में भाग लेने के लिए 15 मई, 2018 से 19 मई, 2018 के दौरान सेंट पीट्र्सबर्ग, रूस का दौरा किया। डॉ रीटा वशिष्ट, अपर सचिव, विधायी विभाग ने यूएनसीआईटीआरएएल के छत्तीसवें अधिवेशन में वर्किंग ग्रुप III इन्वेस्टिर स्टेट डिस्यूलट सेटलमेंट रिफॉर्म में भाग लेने के लिए 29 अक्तूबर, 2018 से 2 नवंबर, 2018 के दौरान ऑस्ट्रिया का दौरा किया। श्री कोंडारी विजया कुमार, अपर विधायी परामर्शी ने युनाइटिड नेशंस कमीशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ (यूएनसीआईटीआरएएल) के इक्यानवें अधिवेशन में भाग लेने के लिए 25 जून, 2018 से 3 जुलाई, 2018 के दौरान न्यूयॉर्क, यू.एस.ए. का दौरा किया।

47. सरकारी सेवा/पदों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों तथा दिव्यांग जनों हेतु आरक्षण

विधायी विभाग के तीन प्रशासनिक खण्डों अर्थात विधायी विभाग (मुख्य), राजभाषा खण्ड तथा विधि साहित्य प्रकाशन की संबंधित इकाइयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों तथा दिव्यांगजनों के लिए सरकारी पदों में आरक्षण संबंधी सरकार के आदेशों/अनुदेशों के कार्यान्वयन पर नज़र रखने के लिए उप सचिव/निदेशक स्तर का एक अधिकारी संपर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत है।

विधायी विभाग (मुख्य), राजभाषा खण्ड तथा विधि साहित्य प्रकाशन में 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या तथा उनमें से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों, दिव्यांगजनों तथा उनमें महिला कर्मचारियों की संख्या को दर्शाने वाली विवरणी संलग्न है। (**अनुबंध–XI** तथा **अनुबंध–XII**)

48. स्वच्छता कार्य योजना:

स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत विधायी विभाग ने दिव्यांग महिलाओं के लिए चतुर्थ तल, ए विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली पर के.लो.नि.वि. द्वारा एक महिला शौचालय का निर्माण कराया। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलाप किए गए **(अनुबंध 13)**

49. लोक शिकायत:

1 जनवरी, 2018 से 31 मार्च, 2019 की अवधि के दौरान, विधायी विभाग में सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर 907 लोक शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त, 1 जनवरी, 2018 से पहले 162 लोक शिकायतें लंबित थीं। उक्त अवधि के दौरान, 879 लोक शिकायतों का निपटान किया गया तथा शेष शिकायतों के निपटान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

50. विभाग का लेखाकरण

विधि और न्याय मंत्रालय में सचिव मुख्य लेखा प्राधिकारी हैं। वे अपर सचिव (वित्तीय सलाहकार) और मुख्य लेखा नियंत्रक की सहायता से अपना कार्य करते हैं।

(2) सामान्य वित्तीय नियम, 2017 के नियम 70 के अनुसार, किसी मंत्रालय/ विभाग के सचिव, जो मंत्रालय/विभाग के मुख्य लेखा प्राधिकारी होते हैं, वे:–

(i) अपने मंत्रालय या विभाग के वितीय प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होंगे।

(ii) यह सुनिश्चित करेंगे कि मंत्रालय को विनियोजित सार्वजनिक निधि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए हो, जिसके लिए वह निर्धारित की गई है।

(iii) निष्पादन के मानकों का अनुपालन करते हुए मंत्रालय के लिए बताए गए परियोजना –लक्ष्यों को प्राप्त करने में मंत्रालय के संसाधनों के प्रभावी, कुशल, किफायती और पारदर्शी उपयोग के लिए उतरदायी होंगे।

(iv) लोक–लेखा समिति और किसी अन्य संसदीय समिति के समक्ष जांच के लिए उपस्थित होंगे।

(v) उनके मंत्रालय को सौपे गए कार्यक्रमों और परियोजनाओं के कार्य निष्पादन की नियमित रूप से समीक्षा करेंगे और यह देखेंगे कि मंत्रालय के घोषित लक्ष्य प्राप्त कर लिए जाएं।

(vi) वित्त मंत्रालय द्वारा जारी विनियमों, दिशा –निर्देशों या निदेशो के अनुसार अपने मंत्रालय के व्यय–संबंधी और अन्य विवरण तैयार करने के लिए उतरदायी होंगे।

(vii) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके मंत्रालय के वितीय संव्यवहारों का पूर्ण और उचित रिकार्ड रखा जाए तथा इसके लिए ऐसी प्रणालियां व प्रक्रियाएं अपनाई जाएं जिनसे हर समय आंतरिक नियंत्रण बना रहे।

(viii) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका मंत्रालय कार्य–पालन के लिए और साथ ही सेवाओं और आपूर्तियों की प्राप्ति के लिए सरकारी खरीद प्रक्रिया का पालन करे और उसे निष्पक्ष, न्यायोचित, पारदर्शी, प्रतिस्पर्धात्मक और लागत–प्रभावी तरीके से लागू करे।

(ix) यह सुनिश्चित करने के लिए उचित और प्रभावी कदम उठाएंगे कि उनका मंत्रालयः

(क) सरकार को शोध्य सभी धन एकत्रित करे।

(ख) अप्राधिकृत, अनियमित और व्यर्थ के व्यय से बचे।

(3) सिविल लेखा मैनुअल के पैरा 1.2.2 के अनुसार, मुख्य लेखा नियंत्रक मुख्य लेखा प्राधिकारी के लिए और उसकी ओर से निम्नलिखित के लिए उतरदायी होगाः –

(क) समस्त भुगतान वेतन और लेखा कार्यालयों/प्रधान लेखा कार्यालय के माध्यम से करने की व्यवस्था करना, केवल उन कुछ विशेष प्रकार के मामलों को छोड़कर जिनके लिए आहरण और संवितरण अधिकारी भुगतान करने के लिए प्राधिकृत किए गए हैं।

(ख) मंत्रालय/ विभाग के लेखों का संकलन और समेकन करना और उन्हें निर्धारित प्रपत्र में मुख्य लेखा नियंत्रक को प्रस्तुत करना, अपने मंत्रालय/विभाग की अनुदान मांगों के लिए वार्षिक विनियोजन लेखा को तैयार करना, उनकी विधिवत लेखा–परीक्षा करवाकर और मुख्य लेखा प्राधिकारी से हस्ताक्षर करवाकर उसे महालेखा–नियंत्रक को प्रस्तुत कराना।

(ग) विभाग की विभिन्न अधीनस्थ इकाइयों और वेतन और लेखा कार्यालयों द्वारा रखे गए भुगतान और लेखा के रिकॉर्ड के आंतरिक निरीक्षण की व्यवस्था करना और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में रखे जा रहे सरकार के मंत्रालयों/विभागों के लेनदेन के रिकॉर्ड के निरीक्षण की व्यवस्था करना।

4. मुख्या लेखा नियंत्रक, विधि और न्याय मंत्रालय, भारत का उच्चतम न्यायालय दो प्रधान लेखा अधिकारियों, चार वेतन और लेखा अधिकारियों और अन्य, कर्मचारियों की सहायता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

5. विधि और न्याय मंत्रालय, उच्चतम न्यायालय में 33 सीडीडीओ और 20 एनसीडीडीओ सहित 53 डीडीओ हैं। गैर–चेक वाले आहरण और संवितरण अधिकारी बिलों को भुगतान की "प्री–चैक" प्रणाली के अर्न्तगत वेतन और लेखा अधिकारी को प्रस्तुत करते हैं। सीडीडीओ और एनसीडीडीओ का वेतन और लेखा कार्यालय–वार विवरण नीचे दिया गया है–

क्र.सं.	वेतन और लेखा कार्यालय	आहरण और संवितरण अधिकारी	
		CDDOs	NCDDOs
1	वेतन और लेखा कार्यालय (ईओ)	4	3
2.	वेतन और लेखा कार्यालय (वि.का.)	29	12
3.	वेतन और लेखा कार्यालय (एससीआई)	0	1
4.	वेतन और लेखा कार्यालय (वि.वि.)	0	4

(6) सिविल लेखा मैनुअल के पैरा 1.2.3 के अनुसार, नई दिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय एक प्रधान लेखा अधिकारी के अधीन कार्य करता है, जो निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी है.–

(क) मंत्रालय/विभाग के लेखों का महालेखा नियंत्रक द्वारा निर्धारित की गई रीति से समेकित करना।

(ख) मंत्रालय/विभाग द्वारा नियंत्रित अनुदानों की मांगों के वार्षिक विनियोजन लेखा को तैयार करना, संघ सरकार (सिविल) के वित्त लेखे के लिए केन्द्रीय लेन–देन के विवरण और सामग्री को महालेखा नियंत्रक को प्रस्तुत करना।

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से राज्य सरकार को ऋण और अनुदानों की अदायगी करना, और जहां भी इस कार्यालय का आहरण लेखा हो, उसमें से संघ राज्य क्षेत्र सरकार/प्रशासन को भुगतान करना।

(घ) प्रबंध लेखा प्रणाली, यदि कोई हो, के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तथा वेतन और लेखा कार्यालयों को तकनीकी सलाह देने के लिए नियम–पुस्तिकाएं (मैनुअल) तैयार करना, महालेखा नियंत्रक कार्यालय के साथ आवश्यक सम्पर्क बनाए रखना और लेखा संबंधी मामलों में समग्र समन्वय और नियंत्रण रखना।

(ड.) मंत्रालय/विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अनुदान–कार्यक्रमों के अधीन व्यय की प्रगति पर नजर रखने के लिए पूरे मंत्रालय/विभाग के लिए विनियोग लेखा–परीक्षा रजिस्टरों का रखरखाव करना।

प्रधान लेखा कार्यालय/अधिकारी लेखा संगठन के सभी प्रशासनिक और समन्वय कर्तव्यों को निभाता है और स्थानीय वेतन ओर लेखा कार्यालयों सहित विभाग को आवश्यक वित्तीय, तकनीकी, लेखा सबंधी सलाह भी देता है।

(7) सिविल लेखा नियम–पुस्तिका (मैनुअल) में निहित प्रावधानों के अनुसार, वेतन और लेखा कार्यालय संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भुगतान करते हैं और कुछ मामलों मे भुगतान निधियां आहरित करने के लिए प्राधिकृत किए गए विभागीय आहरण और संवितरण अधिकारियों द्वारा किए जाते हैं। यह भुगतान प्रत्यायित बैंक के उन कार्यालयों/शाखाओं के चेक के जरिए किया जाएगा जिन्हें उस मंत्रालय/ विभाग की प्राप्तियों और भुगतान के लिए प्राधिकृत किया गया हो। इन भुगतानों का अलग सूचियों में संबंधित

मंत्रालय/विभाग के वेतन और लेखा कार्यालयों में दिए जाने के लिए लेखा–जोखा दिया जाना होगा। चेक से भुगतान के लिए प्राधिकृत प्रत्येक वेतन और लेखा कार्यालय अथवा आहरण और संवितरण अधिकारी प्रत्यायित बैंक की केवल उसी विशेष शाखा/शाखाओं, जिसके साथ वेतन और लेखा कार्यालय अथवा आहरण और संवितरण अधिकारी, जैसा भी मामला हो, लेखा में रखा गया है, से ही आरहण करेगा। मंत्रालय/विभाग की सभी प्राप्तियों का लेखा–जोखा अंतिम रुप से वेतन और लेखा कार्यालय की बहियों में भी रखा जाएगा। वेतन और लेखा कार्यालय विभागीकृत लेखा संगठन की एक मूल इकाई है। इसके मुख्य कार्य निम्नलिखित हैः–

- एनसीडीडीओ द्वारा प्रस्तुत ऋणों और सहायता अनुदानों सहित सभी बिलों की पहले जांच करना और भुगतान।
- निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुरूप सही और समय पर भुगतान।
- प्राप्तियों की समय पर वसूली।
- चैक आहरित करने वाले आहरण और संवितरण अधिकारियों को त्रैमासिक "लेटर ऑफ क्रेडिट" जारी करना और उनके वाउचर/बिलों की जांच–पड़ताल करना
- चैक आहरित करने वाले आहरण और संवितरण अधिकारियों के लेखों को शामिल करते हुए प्राप्तियों और व्यय के मासिक लेखों का संकलन।
- सम्मिलित डीडीओ को छोड़कर जी.पी.एफ. लेखों का रख–रखाव और सेवानिवृत्ति लाभों को प्राधिकृत करना।
- सभी डीडीआर शीर्षों का रखरखाव।
- बैंकिंग प्रणाली द्वारा ई–भुगतान के जरिये मंत्रालय/विभाग को कुशल सेवा प्रदान करना।
- निर्धारित लेखा मानकों, नियमों और सिद्धांतों का पालन करना।
- समय पर सही, व्यापक, संगत और उपयोग वित्तीय सूचना देना।

(8) किसी नए वेतन और लेखा कार्यालय का सृजन (अथवा पुनर्गठन) करने के लिए अथवा मंत्रालय/विभाग की लेखा की विभागीकरण योजना में शामिल चेक आहरित करने वाले आहरण व संवितरण अधिकारियों की सूची में नाम जोड़ने के लिए मुख्य लेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय का विशेष अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

(9) विधि और न्याय मंत्रालय, उच्चतम न्यायालय के संबंध में विभागीय लेखा संगठन के समग्र उत्तरदायित्व निम्नलिखित हैः–

- मंत्रालय के मासिक लेखा को समेकित करना और उसे मुख्य लेखा नियंत्रक को प्रस्तुत करना।
- वार्षिक विनियोग लेखा।
- केन्द्रीय लेन–देन का विवरण।
- "लेखा एक नजर में" तैयार करना।
- मुख्य लेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय और प्रधान लेखा–परीक्षा निदेशक को प्रस्तुत किए जाने के लिए संघीय वित्तीय लेखा।

- राज्य सरकार/अनुदानग्राही संस्थानों/ स्वायत्त निकायों आदि को सहायता अनुदान का भुगतान।
- मंत्रालय और वेतन व लेखा अधिकारियों को तकनीकी सलाह देना, यदि इसके लिए आवश्यकता हो, तो कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, वित्त मंत्रालय और मुख्यक लेखा नियंत्रक आदि अन्य संगठनों से परामर्श करना।
- प्राप्ति बजट तैयार करना।
- पेंशन बजट तैयार करना।
- पीएओ/चेक आहरण कर्ता डीडीओ एवं वैयक्तिक जमा खाता धारकों के लिए और उनकी ओर से चेक बुक प्राप्त करना और प्रदान करना।
- मुख्य लेखा नियंत्रक के कार्यालय के साथ आवश्यक संपर्क बनाए रखना और लेखा मामलों और प्रत्यायित बैंक के साथ समग्र समन्वय व नियंत्रण रखना।
- विधि और न्याय मंत्रालय की ओर से अधिकृत बैंक के माध्यम से किए गए समस्त भुगतान और प्राप्तियों का समाधान व सत्यापन करना।
- भारतीय रिजर्व बैंक में विधि और न्याय मंत्रालय, उच्चतम न्यायालय के खाते रखना और नकद शेष का मिलान करना।
- शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करना।
- पेंशन/भविष्य निधि और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का शीघ्र निपटान।
- विधि और न्याय मंत्रालय के अधीन मंत्रालय, अधीनस्थ और संबद्ध कार्यालयों तथा उनके अनुदानग्राही संस्थानों आदि की आंतरिक लेखा परीक्षा।
- सभी संबधित प्राधिकारियों को लेखा संबंधी सूचना उलब्ध कराना।
- विधि और न्याय मंत्रालय, भारत के उच्चतम न्यायालय के बजट का समन्वय का कार्य।
- नई पेंशन योजना और 2006 से पूर्व के और 1990 के पूर्व के सेवानिवृत्त व्यक्तियों के पेंशन संबंधी मामलों की मानिटरिंग करना।
- लेखा और ई–भुगतान का कम्प्यूटरीकरण।
- लेखा संगठन के कार्य का समन्वय और प्रशासन।
- केन्द्रीय क्षेत्र योजना के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) को सार्वभौमिक रूप से लागू करना।
- वित्त मंत्रालय के मार्ग–निर्देशों के अनुसार, नॉन–टैक्स रिसीट पोर्टल (एनटीआरपी) को सार्वभौमिक रूप से लागू करना।

(10) प्रभावी बजटीय और वित्तीय नियंत्रण की सुविधा के लिए मंत्रालय को लेखा सूचना और डाटा भी उपलब्ध कराया जाता है। विधि और न्याय मंत्रालय, भारत के उच्चतम न्यायालय के अनुदान के विभिन्न उप–शीर्षकों के अधीन मासिक और किए जा रहे व्यय के आंकड़े बजट अनुभाग को प्रस्तुत किए जाते हैं। बजट प्रावधानों के बजट व्यय की मासिक प्रगति रिपोर्ट सचिव, अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार के

साथ–साथ मंत्रालय के प्रभागों के प्रमुखों को प्रस्तुत की जाती है ताकि अनुदानों पर नियंत्रण रहे और व्यय की बेहतर मानीटरिंग हो।

(11) लेखा संगठन मंत्रालय के कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से लिए जाने वाले अग्रिम और मोटर कार अग्रिम व गृह निर्माण अग्रिम जैसे दीर्घकालीन अग्रिमों का भी लेखा रखता है।

(12) मुख्य लेखा नियंत्रक का कार्यालय, कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा प्रस्तुत किए गए सेवा के ब्यौरों और पेंशन कागजात के आधार पर अधिकारियों और स्टाफ के सदस्यों की पेंशन की हकदारियों का सत्यापन करता है और उन्हें प्राधिकृत करता है। सभी सेवानिवृत्ति लाभों और भुगतान जैसे कि ग्रेच्युटी, छुट्टी अवकाश के बराबर नकद राशि तथा केंद्रीय सरकार कर्मचारी समूह बीमा योजना, सामान्य भविष्य निधि के अधीन भुगतान आदि डीडीओ कार्यालय से बिल/आवश्यक सूचना की प्राप्ति पर मुख्य लेखा–नियंत्रक के कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है।

(13) **आंतरिक लेखा–परीक्षा खंडः** आंतरिक लेखा परीक्षा खंड मंत्रालय के विभिन्न कार्यालयों के लेखा की जांच करके यह सुनिश्चित करता है कि इन कार्यालयों द्वारा अपने दैनिक कार्यों में सरकार द्वारा निर्धारित नियमों–विनियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया गया है।

(i) आंतरिक लेखा परीक्षा एक संगठन के संचालन को बेहतर बनाने और सुधार करने के लिए बनाई गई एक स्वतंत्र, वस्तुनिष्ठ जांच और परामर्श की गतिविधि है। इसका मूल उद्देश्य जोखिम प्रबंधन, नियंत्रण और शासन प्रक्रियाओं की कारगरता का मूल्यांकन करके उनमें सुधार लाने के लिए एक व्यवस्थित, अनुशासित दृष्टिकोण पेश करके संगठन को सहायता प्रदान करना है। यह वस्तुनिष्ठ जांच और सलाह प्रदान करने का एक प्रभावी उपकरण भी है, जिससे शासन की गुणवत्ता बढ़ती है, परिवर्तन को बल मिलता है, जोखिम प्रबंधन और नियंत्रण प्रक्रिया में सहायता मिलती है और परिणामों के लिए जवाबदेही में सुधार होता है। यह प्रक्रियागत त्रुटियों और कमियों को दूर करने के लिए बहुमूल्य सूचना भी प्रदान करता है और इस प्रकार प्रबंधन के लिए एक सहायक के रूप में कार्य करता है। एक इकाई की लेखा परीक्षा की आवर्तिता उसकी प्रकृति और काम और धन की मात्रा से विनियमित होती है।

(ii) मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकायों और अनुदानग्राही संस्थाओं तथा विशिष्ट योजनाओं को छोड़कर, विधि और न्याय मंत्रालय के विभिन्न विभागों और भारत के उच्चतम न्यायालय के अधीन 51 ऑडिट–यूनिटें/आहरण एवं संवितरण अधिकारी हैं। वित्तीय वर्ष 2018–19 में विधि और न्याय मंत्रालय की केवल **बारह (12) यूनिटों** की ही लेखा–परीक्षा की गई है। और अधिक यूनिटों/डीडीओ की लेखा–परीक्षा इसलिए नहीं की जा सकी क्योंकि इस मंत्रालय के प्रधान लेखा कार्यालय के आंतरिक लेखा परीक्षा खंड के लिए कोई स्वीकृत पद/स्थायी कर्मचारी नहीं है। लेखा–परीक्षा का कार्य विभिन्न वेतन एवं लेखा कार्यालयों और प्रधान लेखा कार्यालय में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा भारत के महालेखा नियंत्रक के कार्यालय द्वारा पैनल में नियुक्त सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची में से दो परामर्शदाताओं की सहायता से किया जा रहा है।

उपलब्धियांः विधि और न्याय मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2015–16 में कुल 323 लेखापरीक्षा पैरा लंबित थे जबकि पिछले वर्ष 265 पैरा उठाये गये। बाद में कई अनुस्मारक एवं परिपत्र सबंधित कार्यालयों/विभागों को भेजे गए, वर्ष 2015–16 की अवधि के दौरान 200 पैरा तथा वर्ष 2016–17 में आंतरिक ऑडिट विंग द्वारा 171 पैरा निपटाए गये। हालांकि, लंबित लेखापरीक्षा पैरा की वर्तमान स्थिति नीचे दी गई है:

वित्तीय वर्ष	लंबित पैरा की संख्या	ड्राप किये गए पैरा की संख्या	शेष पैरा
2015–16 तक	323	200	123
2016–17	251	171	80
2017–18	60	24	36
2018–19	138	10	128
	772	405	367

14. बैंकिंग व्यवस्था : इंडियन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक और देना बैंक विधि और न्याय मंत्रालय और एससीआई के पीएओ और इसके क्षेत्र अधिकारियों के लिए प्रत्यायित बैंक हैं। संबंधित सीडीडीओ/पीएओ द्वारा प्रत्यायित बैंकों को प्राप्तियां प्रेषित की गईं। प्रत्यायित बैंक में किसी भी प्रभार के लिए महालेखा–नियंत्रक, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के विशेष अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

(15) नई पहलें

(i) सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली:

प्रारंभिक रूप से सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) को वर्ष 2008–2009 में योजना आयोग के सीपीएसएमएस नामक आयोजना स्कीम के रूप में एमजीएनआरईजीएस, एनआरएचएम, एसएसए और पीएमजीएसवाई जैसी चार प्रमुख योजनाओं के लिए मध्य प्रदेश, बिहार, पंजाब और मिजोरम में प्रारंभ किया गया। मंत्रालयों/विभागों में नेटवर्क स्थापित करने के प्रारंभिक चरण के बाद, केन्द्र, राज्य सरकार और राज्य सरकारों की एजेंसियों के वित्तीय नेटवर्क को जोड़ने के लिए सीपीएसएमएस (पीएफएमएस) को देश भर में लागू करने का निर्णय लिया गया। योजना को पूर्व योजना आयोग और वित्त मंत्रालय की 12वीं योजना पहल में शामिल किया गया।

पीएफएमएस को मंत्रिमंडल के निर्णय द्वारा निम्नलिखित हेतु अधिदेशित किया गया है :

- सभी आयोजना स्कीमों के लिए वित्तीय प्रबंध मंच, सभी प्रापक एजेंसियों का डाटाबेस, योजनागत निधि को देखने के लिए बैंक के कोर बैंकिंग समाधान में एकीकरण, राज्य कोषगारों के साथ एकीकरण और सरकार की आयोजन स्कीम के कार्यान्वयन के न्यूनतम स्तर में निधि प्रवाह की प्रभावशाली और कुशल ट्रैकिंग।

- निधि उपयोगिता पर देश में सभी आयोजना स्कीमों/कार्यान्वयन एजेंसियों को जानकारी उपलब्ध कराना जिससे आयोजन स्कीम के कार्यान्वयन में सार्वजनिक जवाबदेही को बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट मानीटरिंग, समीक्षा और निर्णय सहायता प्रणाली बनाई जा सके।

- सार्वजनिक व्यय में सरकारी पारदर्शिता और योजनाओं में संसाधन उपलब्धता और उपयोगिता के संबंध में तथ्यपरक जानकारी के लिए बेहतर वित्त प्रबंधन के माध्यम से सार्वजनिक वित्त प्रबंधन में प्रभावशीलता और अर्थव्यवस्था में परिणाम के लिए इस योजना को लागू किए जाने से कार्यक्रम के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार होगा, व्यवस्था में फ्लोटिंग में कमी, लाभार्थियों को सीधा भुगतान और सार्वजनिक निधि के उपयोग में बड़ी पारदर्शिता और जवाबदेही की स्थिति उत्पन्न होगी। प्रस्तावित प्रणाली अभिशासन में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण सिद्ध होगी।

अधिदेश को कार्यान्वित करने के लिए मॉडयूल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनुसार हितधारकों के लिए पीएफएमएस द्वारा विकसित/विकसित किए जा रहे मॉड्यूल का उपर्युक्त अधिदेश निम्नानुसार हैः

I निधि प्रवाह मानीटरिंग

(क) एजेंसी पंजीकरण

(ख) पीएफएमएस ईएटी माड्यूल के माध्यम से व्यय प्रबंधन और निधि उपयोगिता

(ग) पंजीकृत एजेंसियो के लिए लेखांकन माड्यूल

(घ) कोषागार इंटरफेस

(ड) पीएफएमएस–पीआरआई निधि प्रवाह और उपयोगिता इंटरफेस

(च) राज्य योजनाओं के लिए निधि ट्रेकिंग हेतु राज्यु सरकार के लिए तंत्र

(छ) बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं (ईएपी) की मानीटरिंग

II सीधा लाभ अंतरण डीबीटी माड्यूल

(क) लाभार्थियों के लिए पीएओ

(ख) लाभार्थियों के लिए एजेंसी

(ग) लाभार्थियों के लिए राज्यी कोषागार

III बैंकिंग के लिए इंटरफेस

(क) सीबीएस

(ख) इंडिया पोस्टं

(ग) आरबीआई

(घ) नाबार्ड और सहकारी बैंक

वर्धित अधिदेश को कार्यान्वित करने के लिए माड्यूल

IV पीएओ कंप्यूटरीकरण– भारत सरकार में किए जाने वाले भुगतान,
प्राप्तियों तथा लेखांकन की ऑनलाइन व्यवस्था

(क) कार्याक्रम प्रभाग माड्यूल

(ख) डीडीओ माड्यूल

(ग) पीएओ माड्यूल

(घ) पेंशन माड्यूल

(ड) जीपीएफ और एचआर माड्यूल

(च) जीएसटीएन सहित प्राप्तियां

(छ) वार्षिक वित्तीय विवरण

(ज) नकद प्रवाह प्रबंधन

(झ) नॉन सिविल मंत्रालयों के साथ इंटरफेस

(V) नान टैक्स रिसीट पोर्टल

अन्य विभागीय पहल :

पीएफएमएस की क्षमताओं को प्रयोग में लाने के लिए, अनेक अन्य विभागों ने अपने विभाग की आवश्यकताओं के लिए उपयोगिताओं को विकसित करने के लिए पीएफएमएस से संपर्क किया है।

VI एमएचए के लिए इंटरफेस (विदेश प्रभाग) एफसीआरए के तहत निधि प्राप्ति करने वाली एजेंसियों की मानीटरिंग

VII सीबीडीटी पीएएन मान्य करण

VIII जीएसटीएन बैंक खाता मान्यकरण

कार्यान्वयन कार्यनीतिः

वित्त मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के चरणबद्ध कार्यान्वयन के लिए कार्ययोजना तैयार और अनुमोदित की गई है।

उन्नत वित्तीय प्रबंधन द्वाराः

- निधियों की जस्ट इन टाईम (जेआईटी) निर्मुक्ति
- अंततः उपयोग सहित निधियों के उपयोग की निगरानी।

कार्यनीतिः

- पीएफएमएस की सार्वभौमिक शुरूआत, जिसमें अन्या बातों के साथ–साथ शामिल है
- पीएफएमएस पर सभी कार्यान्वयन एजेंसियों (आईए) का अनिवार्य पंजीकरण और
- सभी कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा पीएफएमएस के व्यय अग्रिम और अंतरण (ईएटी) मॉड्यूल का अनिवार्य उपयोग।

I. केन्द्रीय क्षेत्र (सीएस) योजनाओं / संव्यवहारों के लिए कार्यान्वयन कार्यनीति

- पूरे किए जाने वाले क्रियाकलाप
- कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा अनिवार्य पंजीकरण और ईएटी मॉड्यूल का उपयोग।
- योजनाओं की सभी प्रासंगिक सूचना की मैपिंग।
- पीएफएमएस की प्रत्येक योजना के बजट को अपलोड करना।
- प्रत्येक स्कीम की कार्यान्वयन से संबंधित क्रमबद्धता की पहचान करना
- पीएफएसएस के साथ विशिष्ट योजनाओं अर्थात नरेगासॉफ्ट, आवाससॉफ्ट के प्रणालीगत इंटरफेस का एकीकरण।
- प्रशिक्षकों की तैनाती और प्रशिक्षण

II. राज्य योजनाओं हेतु केन्द्रीय सहायता (सीएएसपी) के लिए कार्यान्वयन

- राज्यों द्वारा किए जाने वाले क्रियाकलाप
- राज्य राजकोष का पीएफएमएस के साथ एकीकरण
- सभी एसआईए का पीएफएमएस में पंजीकरण (स्तर 1 और नीचे)

- राज्य योजनाओं की संबधित केन्द्रीय योजनाओं के साथ मैपिंग
- पीएफएमएस पर राज्य योजनाओं का संविन्यास
- राज्य योजना घटकों का संविन्यास
- प्रत्येक राज्य योजना की क्रमबद्धता की पहचान और संविन्यास
- पीएफएमएस का योजना विशिष्ट सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के साथ एकीकरण
- प्रशिक्षकों की तैनाती और प्रशिक्षण
- कार्यान्वयन के लिए निरंतर सहायता

2017–18 में विधि एवं न्यायय मंत्रालय और उच्चतम न्यायालय के अंतर्गत चार (04) वेतन एवं लेखा कार्यालयों अर्थात वेतन एवं लेखा कार्यालय (एलए), वेतन एवं लेखा कार्यालय (एलडी), वेतन एवं लेखा कार्यालय (ईओ) और वेतन एवं लेखा कार्यालय (एससीआई) में से वेतन एवं लेखा कार्यालय (एससीआई), जो अभी भी सीजीए द्वारा दी गई अनुमति के अनुरुप काम्पैक्ट माड्यूल पर काम कर रहा है, को छोड़कर तीन (03) वेतन एवं लेखा कार्यालयों अर्थात वेतन एवं लेखा कार्यालय (एलए), वेतन एवं लेखा कार्यालय (एलडी) और वेतन एवं लेखा कार्यालय (ईओ) के संबंध में पीएफएमएस के भुगतान एवं लेखा माड्यूल का सफलतापूर्वक कार्यान्व्यन किया गया है।

विधि एवं न्याय मंत्रालय में ईआईएस/सीडीडीओ/एनटीआरपी माड्यूल की स्थितिः–

1. सीडीडीओ द्वारा इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के लिए सीडीडीओ मॉडयूल का कार्यान्वीयन						
मंत्रालय/विभाग	सीडीडीओ की कुल सं.	पीएफएमएस को प्रयोग में लाने वाले सीडीडीओ की सं.	शेष सीडीडीओ की सं.	पीएफएमएस पर लाने के लिए माह–वार योजना		
				जनवरी, 19	फरवरी, 19	मार्च, 19
विधि एवं न्याय मंत्रालय	33	29	4	–	–	4

2. कर्मचारी सूचना प्रणाली (ईआईएस) मॉड्यूल						
मंत्रालय/विभाग	डीडीओ की कुल सं.	पीएफएमएस को प्रयोग में लाने वाले डीडीओ की सं.	शेष डीडीओ की सं.	पीएफएमएस पर लाने के लिए माह–वार योजना		
				जनवरी, 19	फरवरी, 19	मार्च, 19
विधि एवं न्याय मंत्रालय	53	47	6*	–	–	4

*दो(02) आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) के मामलें में फिलहाल ईआईएस की आवश्यकता नहीं है।

3. नान टैक्स रिसीट पोर्टल (एनटीआरपी) मॉडयूल						
मंत्रालय/विभाग	पीएओ की कुल सं.	पीएफएमएस को प्रयोग में लाने वाले पीएओ की सं.	शेष पीएओ की सं.	पीएफएमएस पर लाने के लिए माह–वार योजना		
				जनवरी, 19	फरवरी, 19	मार्च, 19
विधि एवं न्याय मंत्रालय	4	4	–	–	–	–

विनियोग लेखा, 2018–19 की मुख्य विशेषताएं (रू करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	बजट अनुमान	अंतिम अनुमान	व्यय	अधिशेष(+) बचत (–)
अनुदान सं. 61 2052–सचिवालय सामान्य सेवाएं	120.15	124.17	117.73	–6.44
2014–न्याय प्रशासन	598.03	519.78	515.04	–4.74
2015–निर्वाचन	1087.12	912.10	912.84	0.74
2020–आय और व्यय पर करों का संग्रहण	90.35	100.27	94.25	–6.02
2070–अन्य प्रशासनिक सेवाएं	12.98	11.79	10.81	–0.98
2552–उत्तर–पूर्वी क्षेत्र	112.70	28.94	0	–28.94
3601–राज्य सरकारों को सहायता अनुदान	515.00	656.69	656.69	0
3602–संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को सहायता अनुदान	50	0	0	0
4070–अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय	1800	3678.57	3676.96	–1.61
वर्ष के दौरान वापस की गई राशि				–526.20
योग	**4386.33**	**6032.31**	**5984.32**	**–574.19**
विनियोग सं. 63–भारत का उच्चतम न्यायालय मुख्य शीर्ष–2014 न्याय प्रशासन (प्रभारित)	251.06	258.53	258.53	0

(स्रोतः विनियोग लेखा 2018–19)

अध्याय III
न्याय विभाग
(NYAYA VIBHAG)

1. संगठन और कार्य

न्याय विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय का हिस्सा है। विधि और न्याय मंत्री इसके अध्यक्ष हैं, उसके बाद राज्य मंत्री (विधि और न्याय) हैं। सचिव (न्याय) सचिवालय के प्रमुख हैं। संगठनात्मक ढांचे में चार संयुक्त सचिव, सात निदेशक/उप सचिव और नौ अवर सचिव शामिल हैं। न्याय विभाग की स्वीकृत कार्मिक संख्याबल 103 है, जिसमें से 48 पद रिक्त हैं। वर्तमान में 55 वर्तमान पदाधिकारियों में से केवल 08 महिला अधिकारी/कर्मचारी इस विभाग में काम कर रही हैं। न्याय विभाग के कार्य में भारत सरकार के मुख्य न्यायाधीश, भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्याग पत्र और पद से हटाया जाना तथा उनके सेवा संबंधी मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यह विभाग अधीनस्थ न्यायालयों की आधारभूत संरचना विकास से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ–साथ न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य भी कार्यान्वित करता है। न्याय विभाग का संगठनात्मक चार्ट **अनुबंध–XIV** पर है।

1.1 भारत सरकार (समय–समय पर यथासंशोधित आवंटन नियम–1961) के अनुसार, अन्य बातों के साथ–साथ न्याय विभाग द्वारा देखे जा रहे विषयों में निम्नलिखित शामिल हैंः–

i. भारत के मुख्य न्यायाधीश और भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र और पद से हटाना, उनका वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति (छुट्टी भत्ते सहित) के बारे मेँ अधिकार, पेंशन और यात्रा भत्ते।

ii. राज्यों के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र और पद से हटाना, उनके वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति (छुट्टी भत्ते सहित) के बारे में अधिकार, पेंशन और यात्रा भत्ते।

iii. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायिक आयुक्तों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति।

iv. उच्चतम न्यायालय का संघटन और संगठन (न्यायिक क्षेत्राधिकार और शक्तियों को छोडकर) (किंतु इस न्यायालय की अवमानना सहित) और इनमें लिया गया शुल्क।

v. उच्च न्यायालयों और न्यायिक आयुक्तों के न्यायालयों के अधिकारियों और सेवकों के प्रावधानों को छोड़कर इन न्यायालयों का गठन और संस्थान ।

vi. संघ राज्य क्षेत्रों में न्याय का प्रशासन और न्यायालयों का गठन और संस्थान तथा इस प्रकार के न्यायालयों में लिया जाने वाला शुल्क।

vii. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायालय शुल्क और स्टाम्प ड्यूटी।

viii. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का सृजन।

ix. जिला न्यायाधीशों और संघ राज्य क्षेत्रों की उच्चतर न्यायिक सेवा के अन्य सदस्यों की सेवा संबंधी शर्तें।

x. किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का किसी संघ राज्यो क्षेत्र तक विस्तोर करना अथवा किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार से किसी संघ राज्य क्षेत्र को बाहर रखना।

xi. गरीबों को विधिक सहायता

xii. न्याय का प्रशासन

xiii. न्याय प्रदायगी तक पहुंच और विधिक सुधार।

2. न्यायाधीशों की नियुक्ति

2.1 भारत का उच्चतम न्यायालय :

उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या (भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित) 31 है। 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार, न्यायाधीशों की 31 की स्वीकृत संख्या के प्रति 27 न्यायाधीश पदासीन थे और न्यायाधीशों के 04 पद रिक्त थे। 01–04–2018 से 31–03–2019 तक की अवधि के दौरान, भारत के उच्चतम न्यायालय में 10 न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे।

2.2 उच्च न्यायालय :

31–03–2019 की स्थिति के अनुसार उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की 1079 की संस्वीकृत संख्या 679 पदासीन थे और न्यायाधीशो के 400 पद रिक्त थे।

01.04.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान, उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की 110 नई नियुक्ति की गई थी, और उच्च न्यायालयों के 50 अतिरिक्त न्यायाधीशों की स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति की गई थी। इसके अलावा, उच्च न्यायालयों के 21 मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई थी; 04 मुख्य न्यायाधीशों को स्थानांतरित किया गया था और उच्च न्यायालयों के 24 न्यायाधीशों को एक उच्च न्यायालय से दूसरे में स्थानांतरित किया गया था।

2.3 आंध्र प्रदेश राज्य के लिए अलग उच्च न्यायालय :

हैदराबाद स्थित उच्च न्यायालय का विभाजन किया गया है। 1 जनवरी, 2019 से आंध्र प्रदेश राज्य के लिए अमरावती में प्रमुख सीट के साथ एक नया उच्च न्यायालय स्थापित किया गया है। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार हैदराबाद स्थित उच्च न्यायालय को अब तेलंगाना के उच्च न्यायालय के रूप में नामित किया गया है।

2.4 कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच की स्थापना :

07.02.2019 को जलपाईगुड़ी में कलकत्ता उच्च न्यायालय की दूसरी सर्किट बेंच की स्थापना की गई जो उस क्षेत्र के वादीगणों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उपर्युक्त उच्च न्यायालय की पहली सर्किट बेंच पोर्ट ब्लेयर में कार्य कर रही है।

3. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी

3.1 राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत 1993 में स्थापित (17.08.1993 से प्रभावी) एक स्वायत्त शासी संस्था है। यह स्वतंत्र निकाय, भारत के उच्चतम न्यायालय में स्थित अपने कार्यालय से कार्य करता है और इसका कैम्पस भोपाल, मध्य प्रदेश में है। यह देश के न्यायाधीशों/न्यायिक अधिकारियों को न्यायिक प्रशिक्षण प्रदान करने और उच्चतम न्यायालय में

कार्यरत अनुसचिवीय अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायालय प्रबंधन तथा प्रशासन से संबंधित मामलों में सम्मेलनों, संगोष्ठियों व्याख्यानों का आयोजन तथा अनुसंधान करने के लिए एक प्रमुख निकाय है। इस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य देश में राष्ट्रीय न्यायपालिका के विकास को बढ़ावा देना और न्याय, न्यायिक शिक्षा, अनुसंधान और नीति तैयार करने के प्रशासन को मजबूत करना रहा है।

3.2 भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की आम सभा (जनरल बाडी) और साथ ही साथ शासी परिषद (गर्वनिंग काउंसिल) के अध्यक्ष हैं और साथ ही वे कार्यकारी समिति और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की अकादमी परिषद के अध्यक्ष भी हैं। अकादमी के मामले एक शासी परिषद द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं। अकादमी पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा वित–पोषित है। निदेशक, इसके प्रमुख कार्यकारी अधिकारी हैं। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के कर्मचारियों में एक निदेशक के अलावा अपर निदेशक (अनुसंधान) का एक पद, प्रोफेसर के 3 पद, सहायक प्रोफेसर के 6 पद, अनुसंधान फैलो के 6 पद और विधि सहायक के 6 पद शामिल हैं। न्यायिक अकादमी के प्रशासनिक अधिकारियों और स्टाफ में निदेशक के अलावा, रजिस्ट्रार, अतिरिक्त रजिस्ट्रार, मुख्य लेखा अधिकारी, अनुरक्षण अभियंता और दूसरे प्रबंधकीय और प्रकार्यात्मक पद शामिल हैं।

3.3 वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान "अनुदान सहायता (सामान्य)" शीर्ष के तहत 9.00 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई थी, "अनुदान सहायता (स्वच्छता कार्रवाई योजना)"शीर्ष के तहत 1.00 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे और "अनुदान सहायता (पूंजीगत परिसम्पत्तियों का सृजन)" शीर्ष के तहत 1.15 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल को कुल 11.15 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

3.4 वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान, अकादमी ने न्यायिक अधिकारियों के लिए 90 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मंजूरी दी है। इन कार्यक्रमों में अन्य बातों के साथ–साथ सीबीआई अधिकारियों/विशेष न्यायालयों के लिए रिफ्रेशर पाठ्यक्रम, न्यायिक नैतिकता और जवाबदेही पर सम्मेलन, सार्क देशों के न्यायाधीशों के लिए कार्यशालाएं, भारत में युवा न्याय बोर्डों के काम पर राष्ट्रीय सेमिनार, परिवार/पोक्सो/मानवाधिकार/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पीओए) न्यायालयों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आतंकवाद रोध, पर कार्यशालाएं आदि शामिल हैं।

4. कुटुंब न्यायालय

4.1 कुटुंब न्यायालय अधिनियम, 1984 मेँ उच्च न्यायालयों के परामर्श से राज्य सरकारों द्वारा सुलह को बढ़ावा देने और विवाह और परिवार के मामलों से संबंधित विवादों के शीघ्र निपटारे के लिए कुटुंब न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान है। कुटुंब न्यायालय अधिनियम की धारा 3 (1) (क) के तहत राज्य सरकारों के लिए यह अनिवार्य है की दस लाख से अधिक आबादी वाले शहर या कस्बे में हर क्षेत्र के लिए एक कुटुंब न्यायालय स्थापित करें। यदि राज्य सरकारें आवश्यक समझें तो वे राज्योँ के अन्य क्षेत्रों में भी, कुटुंब न्यायालयों की स्थापना कर सकती हैं।

4.2 कुटुंब न्यायालयों की स्थापना के लिए मुख्य उद्देश्य और कारण निम्नांकित हैं :

i. इस तरह के विशेष न्यायालय बनाना जो विशेष रूप से परिवार के मामलों को देखेंगे ताकि उनके पास ऐसे मामलों को शीघ्रता से निपटाने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता हो। इस प्रकार, विशेषज्ञता और मामलों का शीघ्र निपटान ऐसे न्यायालय स्थापित करने के लिए दो मुख्य कारक हैं ;

ii. परिवार से संबंधित विवादों के समाधान के लिए एक तंत्र की स्थापना करना;

iii. सस्ता समाधान प्रदान करना; और

iv. कार्यवाहियों के संचालन में लचीला और एक अनौपचारिक वातावरण रखना।

4.3 कुटुंब न्यायालय स्थापित करने के लिए वर्ष 2002—03 में केंद्रीय वित्तीय सहायता की एक योजना शुरू की गई थी। योजना के अनुसार, केन्द्र सरकार ने, कुटुंब न्यायालय भवन और न्यायाधीशों के लिए रिहायशी आवास का निर्माण करने के लिए योजनागत सहायता के रूप में एक—बारगी के अनुदान के रूप में 10 लाख रुपए और गैर योजना के अंतर्गत आवर्ती लागत के रूप में वर्ष में 5 लाख रुपए की उच्चतम सीमा के अध्यधीन कुल लागत का 50 प्रतिशत मुहैया कराया। वर्ष 2012—13 से इस प्रयोजनार्थ राज्य सरकारों को 11.50 करोड़ रुपए का अनुदान निर्मुक्त किया गया है। अधीनस्थ न्यापलिका के लिए बुनियादी सुविधाओं की केन्द्र प्रायोजित योजना में कुटुंब न्यायालय और रिहायशी परिसर के भवन के निर्माण के लिए अनुदान की व्यवस्था करने के संघटक को शामिल कर लिया गया है।

5. फास्ट ट्रैक कोट्र्स :

राज्य सरकारों द्वारा संबंधित उच्च न्यायालयों के परामर्श से फास्ट ट्रैक कोट्र्स (थ्ज्ब्) स्थापित किए जाते हैं। 14वें वित्त आयोग को सौंपे गए ज्ञापन में, केंद्र सरकार ने जघन्य अपराधों से निपटने के लिए 2015—2020 की अवधि के दौरान 4,144.00 करोड़ रुपये की लागत से 1800 फास्ट ट्रैक कोर्टों (थ्ज्ब्) की स्थापना का प्रस्ताव किया था। आयोग ने प्रस्ताव का समर्थन किया और राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे अंतरण के माध्यम से उनके लिए बढ़ाई गई राशि (फिस्कल स्पेस) (32% से 42%) का उपयोग करें। देश भर में 581 फास्ट ट्रैक कोर्ट (FTC) कार्यात्मक हैं (31.03.2019 की स्थिति के अनुसार)। जघन्य प्रकृति के अपराधों से निपटने, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य हाशिए पड़ने वाली श्रेणियों से संबंधित मामलों और पांच से अधिक वर्षों के संपत्ति के विवादों से जुड़े नागरिक मामलों को देखने के लिए 15वें वित्त आयोग को सौंपे गए न्याय क्षेत्र के ज्ञापन में 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान 2397 फास्ट ट्रैक कोर्टों का समर्थन करने के लिए एक प्रस्ताव शामिल किया गया है।

6. निर्वाचित सांसदों/विधायकों के आपराधिक मामलों की जाँच के लिए विशेष न्यायालय :

निर्वाचित सांसदों / विधायकों के आपराधिक मामलों का शीघ्रता से विचारण और निपटान करने के लिए 12 विशेष न्यायालय स्थापित किए गए थे (दिल्ली राजधानी क्षेत्र में 02 विशेष न्यायालय और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के राज्यों प्रत्येक में 01 विशेष न्यायालय)। वित्तीय वर्ष 2017—18 के दौरान 65.04 लाख और वित्तीय वर्ष 2018—19 के दौरान 714.96 लाख आवंटित किए गए। शीर्ष न्यायालय ने अगले आदेश तक उपर्युक्त 10 न्यायालयों को (बिहार और केरल के न्यायालय को छोड़कर) जारी रखने का निर्देश दिया है।

7. पन्द्रहवां वित्त आयोग

न्याय क्षेत्र का एक ज्ञापन तैयार किया गया और 15 वें वित्त आयोग को प्रस्तुत किया गया। फास्ट ट्रैक न्यायालयों का समर्थन करने वाले प्रस्तावों के लिए, न्यायालय परिसरों में न्याय घड़ी (जस्टिस क्लॉक) और सूचना केंद्र की स्थापना, न्याय तक पहुंच बढ़ाने के लिए अलग—अलग प्रस्तावों, वकीलों के हॉल और प्रि—इन्स्टीट्यूशन्स मिडीएशन सेंटरों के निर्माण के लिए कुल वित्तीय निहितार्थ 14380.66 करोड़ रुपए है।

8. आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणनः

न्याय विभाग को 18.04.2016 को आईएसओ 9001: 2008 मानकों के अनुसार पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी किया गया था। यह 14.09.2018 तक मान्य था।

इंटरटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई एक व्यापक निगरानी और उन्नयन के बाद, न्याय विभाग को आईएसओ 9001: 2015 मानकों (उन्नत संस्करण) के अनुसार 06.11.2018 से प्रभावी है और पंजीकरण का प्रमाणपत्र जारी किया गया था जो 17.04.2019 तक वैध है।

9. ई–कोर्ट मिशन मोड परियोजना चरण–II

9.1 परिचय :

जिला और अधीनस्थ न्यायालय परिसरों के सार्वभौमिक कंप्यूटरीकरण के अपने उद्देश्य के साथ न्याय विभाग, उच्चतम न्यायालय की ई–समिति के साथ नजदीकी समन्वयन में ई–कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट परियोजना–II को कार्यान्वित कर रहा है। ई–कोर्ट परियोजना के कार्यान्वयन की अवधि चार वर्ष (2015–19) है अथवा जब तक भी यह परियोजना पूरी हो, जो भी बाद में हो। अभी तक 1670 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय में से सरकार ने परियोजना के कार्यान्वयन में शामिल विभिन्न संगठनों को 31–03–2019 तक 1213 करोड़ रुपए की धनराशि निर्मुक्त की है (आज की तिथि तक 1248 करोड़ रुपए)। इसमें उच्च न्यायालयों को निर्मुक्त की गई 955.86 करोड़ रुपए की धनराशि शामिल है।

9.2 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों की आईसीटी सक्रियण :

सार्वभौमिक कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से वादियों, वकीलों और न्यायपालिका को नामित सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से, न्याय विभाग ने ई–काट्र्स मिशन मोड परियोजना के तहत 16,845 जिलों और अधीनस्थ न्यायालयों को आईसीटी सक्षम किया है। प्रमुख विशेषताओं में आईसीटी सक्षमता के लिए बुनियादी डिजिटल बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करना शामिल है जिसमें विभिन्न मॉड्यूल, जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर, डीएसएलए / टीएलसी का कम्प्यूटरीकरण, लोकल एरिया नेटवर्क (लैन), इंटरनेट कनेक्टिविटी और प्रत्येक न्यायालय परिसर में मानक अनुप्रयोग सॉफ़्टवेयर की स्थापना करना, एसजेएएस में प्रशिक्षण देना, कियोस्क की स्थापना करना, प्रबंधन परिवर्तन आदि करना शामिल है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा 488 न्यायालयों और 342 संबंधित जेलों के बीच शुरू की गई है। परियोजना की अतिरिक्त सुविधाओं में सेवाओं का वितरण; अन्य बातों के साथ–साथ मामला पंजीकरण, कारण–सूचियां, दैनिक मामले की स्थिति, और अंतिम आदेश/निर्णय शामिल हैं। अंतरसंचालित आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) के तहत जेलों, पुलिस और फोरेंसिक्स के साथ ई–कोर्टों का एकीकरण करने की परिकल्पना की गई है।

9.3 राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) : (njdg-ecourts.gov.in)

जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड, परियोजना के तहत एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के रूप में सृजित किया गया है, जिसमें देश के कंप्यूटरीकृत जिलों और अधीनस्थ न्यायालयों की न्यायिक कार्यवाही/उनके फैसलों से संबंधित जानकारी उपलब्ध है। वर्तमान में, वादीगण इन कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों से संबंधित 11.63 करोड़ से अधिक मामलों के संबंध में मामले की स्थिति की जानकारी और 9. 16 करोड़ से अधिक ऑर्डरों/फैसलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह पोर्टल, वादीगणों को ऑनलाइन

सूचना भी प्रदान करता है, जैसे केस पंजीकरण, कारण सूची, केस स्थिति, दैनिक आदेश और अंतिम निर्णय।

9.4 ई–कोर्ट परियोजना के तहत सेवाएं :

क. एसएमएस भेजना :

- वादीगणों और वकीलों के लाभ के लिए एसएमएस के माध्यम से केस सूचना सेवा (एस) उपलब्ध कराने की सुविधा कार्यान्वित की गई है और प्रणाली जनरेटेड एसएमएस भेजने की प्रक्रिया परिचालन में है।

ख एसएमएस प्राप्त करना :

- 22 सितंबर, 2017 को ई–कोर्ट्स परियोजना के तहत एसएमएस प्राप्त करने की सुविधा का उद्घाटन किया गया था।
- एसएमएस प्राप्त करने की सुविधा के तहत 9766899899 पर एसएमएस द्वारा केस सीएनआर नंबर (केस नंबर रिकॉर्ड) भेजकर मामले का विवरण प्राप्त किया जा सकता है।

ग. ई–मेलः

- देश में सभी जिला और तालुका न्यायालयों के लिए स्वचालित मेलिंग चालू की गई है।
- वर्तमान में रोज 1 लाख से अधिक मेल भेजे जा रहे हैं। ई–मेल सेवा के माध्यम से ई–कोर्ट परियोजना के तहत संबन्धित न्यायालयों के साथ ई–मेल पते का पंजीकरण करने पर वादियों के मेल–बॉक्स में कारण सूचियों, फैसलों, मामलों की स्थिति आदि प्राप्त की जा सकती है।

घ. वेबः

- URL : https://ecourts.gov.in का इस्तेमाल करके ई–कोर्ट्स पोटल की वेबसाइट के माध्यम से वादीगणों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ड़. मोबाइल एप्लिकेशनः

- वादीगणों और वकीलों के इस्तेमाल के लिए ई–कोर्ट मोबाइल एप को क्यूआर कोड की सुविधा के साथ भी शुरू किया गया है।
- विभिन्न कैप्शन के तहत सेवाएं जैसे कि सीएनआर, मामले की स्थिति, कारण सूची और मेरे मामले, इस एप पर उपलब्ध हैं।
- प्ले स्टोर और एप स्टोर दोनों की उपलब्धता के साथ 31.12.2018 तक कुल डाउनलोड की संख्या 4.43 लाख पार कर गई है।

च. न्यायिक सेवा केंद्रः

- वादीगणों/वकीलों द्वारा याचिकाओं और आवेदन पत्र दाखिल करने और चल रहे मामलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने और आदेशों और निर्णय आदि की प्रतियां प्राप्त करने के लिए एक एकल खिड़की के रूप में सेवा देने के लिए सभी कंप्यूटरीकृत न्यायालयों में न्यायिक सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

ज. कियोस्कः

- वादीगणों और वकीलों को कारण सूचियों और अन्य मामलों से संबंधित न्यायिक जानकारी देने के लिए सभी कम्प्यूटरीकृत न्यायालय परिसरों में सूचना कियोस्क स्थापित किए गए हैं।

9.5 केस सूचना प्रणाली :

मामला सूचना (केस इन्फोर्मेशन) सॉफ्टवेयर (सीआईएस 3.0 का नया और अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल संस्करण विकसित किया गया है और सभी कम्प्यूटरीकृत जिलों और अधीनस्थ न्यायालयों में लगाया गया है। इस सॉफ्टवेयर में क्यूआर कोड सुविधा को चालू किया गया है। मुद्रित क्यूआर कोड के आधार पर, कोई भी मामले की वर्तमान स्थिति को देख सकता है। अब तक 21 उच्च न्यायालयों ने केस इंफॉर्मेशन प्रणाली नेशनल कोर संस्करण 1.0 को अपना लिया है।

9.6 वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) कनेक्टिविटीः

पूरे देश में फैले सभी जिला और अधीनस्थ न्यायालय परिसरों को जोड़ने वाले वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) की स्थापना करना ई–कोर्ट परियोजना के महत्वपूर्ण घटकों में से एक है। भारत के उच्चतम न्यायालय की ई–कमेटी ने ई–कॉर्ट्स की वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) परियोजना को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को देने की स्वीकृति प्रदान की है। बीएसएनएल को बिना कनेक्टिविटी वाले 547 न्यायालयों परिसरों सहित देश भर में 2992 जिला और अधीनस्थ न्यायालय परिसरों को जोड़ने वाले वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) की स्थापना के लिए 169 करोड़ रुपये के वर्क ऑर्डर दिए गए हैं, सुस्पष्ट चरणों, कार्यों, उपलब्धियों और समय–सीमा के साथ बीएसएनएल की गतिविधियों की साप्ताहिक आधार पर निगरानी की जाती है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने सेट बेसलाइन के प्रति अखिल भारतीय वाइड एरिया नेटवर्क परियोजना की रियल टाइम प्रगति का पता लगाने और उसका प्रबोधन करने के लिए एक ऑनलाइन प्रबोधन उपकरण का संचालन किया है। 31–03–2019 की स्थिति के अनुसार बीएसएनएल ने 2762 न्यायालय परिसरों में ओएफसी बिछा दी हैं और 703 साइटों को चालू कर दिया है।

9.7 त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन :

परियोजना अवधि की समाप्त होने के बाद परिसंपत्तियों का रखरखाव करने व उन्हें बनाए रखने के लिए न्याय विभाग, 36 राज्य सरकारों / संघ शासित क्षेत्रों और उनके संबंधित उच्च न्यायालयों / शाखाओं के बीच त्रिपक्षीय समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

9.8 प्रचार :

- व्यावसायिक परामर्शः एक पेशेवर संचार सलाहकार एजेंसी–मैसर्स पर्पल फोकस प्राइवेट लिमिटेड, विभिन्न प्रचार उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और परियोजना के आउटपुट और ई–कोर्ट्स सेवाओं के बारे में जागरूकता में सुधार करने के लिए प्रभावी संचार रणनीति और कार्रवाई के लिए एक सुसंगत मीडिया योजना को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए ई–कोर्ट्स पीएमयू की सहायता के लिए कार्यरत है। पोस्टर, ब्रोशर और उपयोगकर्ता मैनुअल डिज़ाइन किए गए हैं और मुद्रित किए गए हैं। इन्हें 14 अगस्त, 2018 को माननीय मंत्री, विधि और न्याय द्वारा लॉन्च किया गया था और उन्हें देश भर के सभी हितधारकों में वितरित किया गया था।

- ई–संपर्क : 3 जुलाई, 1 अगस्त 2018, 18 अक्टूबर, 2018 और 14 नवंबर, 2018 को निकनेट (छप्छम्ज) ई–मेल डेटाबेस पर सूचना और सार्वजनिक सेवा संदेशों को साझा करने के लिए ई–संपर्क, एनआईसी के मंच के माध्यम से चार ई–कोर्ट कंपेन किए गए थे।
- न्यूज़प्रिंट अभियान : 1 करोड़ रुपये की लागत से 3 और 10 नवंबर, 2018 को अंग्रेजी और हिंदी में दो न्यूज पेपर प्रिंट कैम्पेन पूरे किए गए। नवंबर 2018 – जनवरी, 2019 के दौरान अंग्रेजी, हिंदी और 16 क्षेत्रीय भाषाओं में न्यूजप्रिंट कैम्पेनों को पूरा किया गया।
- एसएमएस अभियान : प्रासंगिक प्राप्तर्ताओं तक पहुंचने के लिए 109 करोड़ मोबाइल नंबरों के ई–संपर्क (मेंउचंता) डेटाबेस से एसएमएस अभियान चलाया जा रहा है।
- रेडियो अभियान : 30 सेकंड वाले ऑडियो जिंगल के माध्यम से ई–कोर्ट्स सेवाओं पर जागरूकता फैलाने के लिए हिंदी और 10 क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो अभियान जनवरी – मार्च, 2019 के दौरान पूरा किया गया।
- प्रचार अभियान का प्रभाव : प्रचार अभियान के प्रभाव के रूप में, हमने ई–कोर्ट्स ऐप डाउनलोडों में तेजी देखी है, 11 मार्च, 2019 को किसी एक दिन में उच्चतम उछाल के साथ 1,11,218 डाउनलोड किए गए, 30 दिनों में औसतन 11,436 डाउनलोड हुए; इसकी तुलना में 31 जनवरी, 2019 में जहां से ऑडियो अभियान की शुरुआत की गई थी, 30 दिनों की 4329 डाउनलोडों की का औसत थी। यह 169% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

10. न्याय प्रदायगी और विधिक सुधारों के लिए राष्ट्रीय मिशन

10.1 न्याय प्रदायगी और विधिक सुधारों के लिए राष्ट्रीय मिशन :

उद्देश्य :

न्याय प्रदायगी और विधिक सुधारों के लिए राष्ट्रीय मिशन अगस्त, 2011 में प्रणाली में देरी और बकाया को कम करने और संरचनात्मक परिवर्तनों के माध्यम से जवाबदेही बढ़ाकर उपयोग में वृद्धि करने के दोहरे उद्देश्य के साथ निष्पादन और क्षमताओं के मानकों को निर्धारित करने के लिए स्थापित किया गया था। यह मिशन पांच रणनीतिक पहलों का अनुसरण कर रहा है ; (i) नीति निरूपण और विधायी परिवर्तन करना; (ii) प्रक्रियाओं और अदालती प्रक्रियाओं की पुनः इंजीनियरिंग करना; (iii) मानव संसाधन विकास पर ध्यान केंद्रित करना; (iv) बेहतर न्याय वितरण के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और उपकरणों का उत्थान करना; और (v) न्यायिक अवसंरचना में सुधार करना।

सलाहकार परिषद :

राष्ट्रीय मिशन की की एक सलाहकार परिषद है, जो इसका मार्गदर्शन और इसकी कार्य योजना की निगरानी करती है। माननीय केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री इस परिषद के अध्यक्ष हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय मिशन की सलाहकार परिषद की संरचना निम्नानुसार हैः –

अध्यक्षः केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री

सदस्य :

(i) गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ;

(ii) कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष;

(iii) विधि और न्यायालय मंत्री, आंध्र प्रदेश के ;

(iv) विधि, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्री, जम्मू और कश्मीर ;

(v) भारत के महान्यायवादी ;

(vi) अध्यक्ष, भारतीय विधि आयोग ;

(vii) सचिव, विधि कार्य विभाग ;

(viii) सचिव, विधायी विभाग ;

(ix) सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया ;

(x) महासचिव, भारत का उच्चतम न्यायालय ;

(xi) निदेशक, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ; और

(xii) अध्यक्ष, बार काउंसिल ऑफ इंडिया ;

सदस्य : सचिव, न्याय विभाग – राष्ट्रीय मिशन लीडर।

सलाहकार परिषद की बैठकें :

सलाहकार परिषद के लिए यह अपेक्षित होता है कि वह हर छह महीने में एक बार बैठक करे और राष्ट्रीय मिशन के लक्ष्यों, उद्देश्य और रणनीतियों पर सलाह दे। अगस्त, 2011 में मिशन की स्थापना के बाद से सलाहकार परिषद अब तक ग्यारह बैठक कर चुकी है। सलाहकार परिषद की ग्यारहवीं बैठक 19 फरवरी, 2019 को आयोजित की गई थी।

मिशन का विस्तार :

राष्ट्रीय मिशन का विस्तारित कार्यकाल 31.03.2020 तक है।

10.2 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों की न्यायिक जनशक्ति की निगरानी करना :

संवैधानिक ढांचे के अनुसार, अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों का चयन और नियुक्ति, संबंधित उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार उच्च न्यायालयों और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की स्वीकृत संख्या 22,892 है। न्यायिक अधिकारियों के भरे हुए और खाली पदों की संख्या क्रमशः 17,702 और 5,201 है।

न्याय विभाग द्वारा की गई कार्रवाई :

सितंबर, 2016 में, केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र लिखा था कि वे जिला और अधीनस्थ न्यायालयों की कैडर संख्या को बढ़ाएं और राज्य न्यायपालिका को भौतिक बुनियादी ढांचा प्रदान करें यही बात मई, 2017 में फिर से दोहराई गई थी। अगस्त, 2018 में, मामलों के बढ़ते हुए लंबन के संदर्भ में, केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री ने सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र लिखा था कि वे नियमित रूप से रिक्तियों की स्थिति की निगरानी

सुनिश्चित करें और मलिक मज़हर सुल्तान मामले में (2006 की अपील (सिविल) 1867ः मलिक मज़हर सुल्तान व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और अन्य में) माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित समय–सारणी के अनुसार रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य लोक सेवा आयोग के साथ उचित समन्वय सुनिश्चित करें। उच्चतम न्यायालय द्वारा 2018 की एक सुवो–मोटो रिट याचिका (सिविल) संख्या–2 में भी रिक्तियों को भरने की निगरानी की जा रही है।

जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों के पदों को भरने के लिए जनवरी, 2018, जुलाई, 2018 और नवंबर, 2018 के महीने में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरलों और सभी राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के विधि सचिवों के साथ बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी। न्याय विभाग ने जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की संस्वीकृति संख्या और कार्यकारी संख्या और मासिक आधार पर रिक्तियों की रिपोर्टिंग और निगरानी के लिए अपनी वेबसाइट पर एक वेब पोर्टल भी बनाया है।

केंद्रीय चयन तंत्र :

एक सुचारू और समयबद्ध तरीके से इन रिक्तियों को नियमित रूप से भरने के लिए न्याय विभाग ने 28 अप्रैल, 2017 के अपने पत्र द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय को केंद्रीय चयन तंत्र बनाने का सुझाव दिया। माननीय उच्चतम न्यायालय ने 09 मई, 2017 को सरकार के सुझावों को स्वः प्रेरणा से (सू–मोटो) एक रिट याचिका में परिवर्तित कर दिया और सभी राज्य सरकारों (केंद्र शासित प्रदेशों सहित) को शपथ पत्र के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया और सुझाव दर्ज करने का निर्देश दिया। उपरोक्त मामला वर्तमान में न्यायालय के विचाराधीन है।

इम्तियाज अहमद केस :

उच्चतम न्यायालय ने 1 फरवरी, 2012 के अपने आदेश में इम्तियाज अहमद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के मामले में भारत के विधि आयोग से कहा कि वे मामलों के लंबन (बैकलॉग) को समाप्त करने के लिए अतिरिक्त न्यायालयों की संख्या के वैज्ञानिक आकलन के लिए कोई विधि विकसित करें। इसके अनुसरण में विधि आयोग ने 2014 में "एरियर्स एंड बैकलॉगः एडिशनल ज्यूडिशियल (वू) मैनपावर" शीर्षक से अपनी 245वीं रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में विधि आयोग ने पाया कि लंबन (बैकलॉग) को समाप्त करने और साथ के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कि नए लंबित मामले न हों, के लिए अपेक्षित अतिरिक्त न्यायाधीशों की संख्या की गणना करने हेतु "निपटान दर" विधि अधिक व्यावहारिक और उपयोगी है।

राष्ट्रीय न्यायालय प्रबंधन प्रणाली रिपोर्ट :

मई, 2014 में, उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार और उच्च न्यायालयों से कहा कि वे विधि आयोग द्वारा की गई सिफारिशों पर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करें। 20.08.2014 के आदेश से माननीय उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायालय प्रबंधन प्रणाली समिति (छब्डै समिति) को निर्देश दिया कि वे अपेक्षित अतिरिक्त अदालतों के निर्धारण के लिए अपनाए जाने वाले मापदण्डों पर भारत के विधि आयोग द्वारा की गई सिफारिशों की जाँच करें और इस माननीय न्यायालय को इस विषय पर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करें।

राष्ट्रीय न्यायालय प्रबंधन प्रणाली समिति (छब्डै समिति), मार्च, 2016 में उच्चतम न्यायालय को अपनी रिपोर्ट सौंप चुकी है। अन्य बातों के साथ–साथ यह पाया गया है कि प्रत्येक न्यायालय के केस

लोड के निपटान के लिए आवश्यक "न्यायिक घंटों" की कुल संख्या निर्धारित करने के लिए अधीनस्थ न्यायालयों की न्यायाधीश संख्या का आकलन, एक दीर्घावधि में किसी वैज्ञानिक विधि द्वारा किया जाना होगा। फिलहाल, इस समिति ने "भारित" निपटान दृष्टिकोण का प्रस्ताव किया है – स्थानीय परिस्थितियों में मामलों की प्रकृति और जटिलता द्वारा 'भारित' निपटान (वेटड डिस्पोजल)। वर्तमान में यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। इम्तियाज अहमद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य सरकार व अन्य शीर्षक वाले 2012 के आपराधिक अपील संख्या–254262 में दिनांक 02–01–2017 के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश में दिए गए निर्देश के अनुसार न्याय विभाग ने सभी राज्य सरकारों और उच्च न्यायालयों को एनसीएमएस समिति की अंतरिम रिपोर्ट की एक प्रति भेज दी है ताकि वे एनसीएमएस की रिपोर्ट के आधार पर जिला न्यायपालिका के लिए आवश्यक न्यायाधीशों की संख्या का निर्धारण करने के लिए कार्रवाई करने में सक्षम हो सकें।

10.3 न्यायिक डेटा के लिए एमआईएस पोर्टल :

न्याय विभाग द्वारा एक एमआईएस पोर्टल विकसित किया गया है, जो उच्च न्यायालयों को सक्षम बनाता है कि वे हर महीने न्यायिक अधिकारियों की स्वीकृत और कार्यकारी संख्या और न्यायिक अधिकारियों की आवासीय इकाइयों की संख्या से संबंधित डेटा को अपलोड कर सकें। यह, नीति निर्माताओं को मासिक न्यायिक डेटा प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

10.4 न्यायालयों में लंबित मामले :

उपलब्ध नवीनतम जानकारी के अनुसार, 31.03.2019 को उच्चतम न्यायालय में 58072 मामले लंबित थे, 31.03.2019 को विभिन्न उच्च न्यायालयों में 44.03 लाख मामले और 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार विभिन्न जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में 2.97 करोड़ मामले लंबित हैं।

न्यायालयों में मामलों का समय पर निपटान, कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ पर्याप्त संख्या में न्यायाधीशों की उपलब्धता, न्यायालय के कर्मचारियों और भौतिक अवसंरचना की उपलब्धता, शामिल तथ्यों की जटिलता, साक्ष्य की प्रकृति, हितधारकों अर्थात बार, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों का सहयोग और नियमों और प्रक्रियाओं का उचित उपयोग शामिल है। संबंधित अदालतों द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों के निपटान के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

सरकार द्वारा की गई कार्यवाही :

सरकार, मामलों के तेजी से निपटारे के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। न्यायपालिका द्वारा मामलों के तेजी से निपटान के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए सरकार ने कई पहल की हैं। सरकार द्वारा स्थापित न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार के राष्ट्रीय मिशन (नेशनल डिलीवरी फॉर जस्टिस डिलीवरी एंड लीगल रिफॉर्म्स) ने बेहतर न्याय के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सहित विभिन्न रणनीतिक पहलों के माध्यम से, जिसमें न्यायालयों के बुनियादी ढांचे में सुधार करना, बेहतर न्याय प्रदायगी के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को अपनाना और उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरना शामिल है, न्यायिक प्रशासन में मामलों के बकाया और लंबन के चरणबद्ध परिसमापन के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण अपनाया है।

(i) बकाया (एरियर्स) समितियों के माध्यम से लंबन में कमी और अनुवर्ती कार्रवाई :

अप्रैल, 2015 में आयोजित मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में पारित प्रस्ताव के अनुपालन में, पांच से अधिक वर्षों से लंबित मामलों को निपटाने के लिए 24 उच्च न्यायालयों में बकाया (एरियर) समितियों का

गठन किया गया है। जिला न्यायाधीशों के अधीन भी एरियर्स समितियाँ स्थापित की गई हैं। उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में मामलों के लंबन को कम करने के लिए कदम उठाने के लिए उच्चतम न्यायालय में बकाया समिति का गठन किया गया है।

(ii) वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) पर जोर :

20 अगस्त, 2018 को यथा संशोधित वाणिज्यिक न्यायालय, अधिनियम, 2015 ने वाणिज्यिक विवादों के निपटान के लिए अनिवार्य रूप से संस्थान–पूर्व प्रि–इन्स्टीट्यूशन) मध्यस्थता तंत्र की शुरुआत की। मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 द्वारा माध्यस्थम और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 में संशोधन किया गया है जिससे कि समय–सीमा निर्धारित करके विवादों के शीघ्र समाधान में तेजी लाई जा सके। माध्यस्थम और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2018, 10.08.2018 को लोकसभा द्वारा पारित किया गया, जिसका प्रयोजन अन्य बातों के साथ–साथ मध्यस्थता करने वाले संस्थानों की कोटि का निर्धारण करना, मध्यस्थों को मान्यता देने के लिए भारतीय मध्यस्थता परिषद (एसीआई) स्थापित करना और वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) के क्षेत्र में प्रशिक्षण और पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान करना है। लेकिन 16वीं लोक सभा के विसर्जन के कारण यह विधेयक समाप्त (लैप्स) हो गया है।

(iii) विशेष प्रकार के मामलों की त्वरित सुनवाई (फास्ट ट्रैक) के लिए पहल :

केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता के साथ, जघन्य अपराधों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों आदि से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए देश भर में 581 फास्ट ट्रैक कोर्ट काम कर रहे हैं; सांसदों / विधायकों के आपराधिक मामलों को फास्ट ट्रैक करने के लिए, बारह (12) विशेष न्यायालयों की स्थापना की गई थी और सरकार द्वारा राज्यों को आनुपातिक धनराशि जारी की गई है। भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872, आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 में संशोधन करने के लिए 16वीं लोक सभा द्वारा 11.08.2018 को आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक, 2018 को पारित किया गया है।

10.5 न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान और अध्ययन की (प्लान) योजना :

योजना का दायरा :

न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान और अध्ययन की एक प्लान योजना को राष्ट्रीय मिशन फॉर जस्टिस डिलीवरी एंड लीगल रिफॉर्म्स द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। योजना के तहत न्याय वितरण, कानूनी अनुसंधान और न्यायिक सुधार के क्षेत्रों में कार्य अनुसंधान/मूल्यांकन/निगरानी अध्ययन करने, सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाओं के आयोजन करने, अनुसंधान और निगरानी गतिविधियों के लिए क्षमता निर्माण करने, रिपोर्ट/सामग्री का प्रकाशन करने, नवीन कार्यक्रमों/ गतिविधियों के प्रचार करने के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाई जा रही है।

पात्र कार्यान्वयन प्राधिकारी :

योजना के लिए पात्र कार्यान्वयन प्राधिकारी, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (IIPA), भारत का प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज (ASCI), भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), भारतीय विधि संस्थान (ILI), राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (NLS), नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर), नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी (एनजेए), राज्य न्यायिक अकादमियां (एसजेएएस) और न्याय वितरण, कानूनी शिक्षा और अनुसंधान और न्यायिक सुधारों के क्षेत्र में काम करने वाले अन्य प्रतिष्ठित संस्थान हैं।

परियोजना स्वीकृति समिति :

सचिव (न्याय) की अध्यक्षता वाली परियोजना मंजूरी समिति, परियोजना प्रस्तावों पर विचार करती है और अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी देती है। परियोजना स्वीकृति समिति में उच्चतम न्यायालय, भारतीय विधि संस्थान, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भारतीय विधि आयोग और आंतरिक वित्त के सदस्य शामिल हैं। परियोजना लागत की अधिकतम सीमा 25.00 लाख रुपये है। अब तक परियोजना स्वीकृति समिति की 12 बैठकें आयोजित की गई हैं। अंतिम बैठक 15.02.2019 को आयोजित की गई है।

वर्तमान स्थिति :

योजना के तहत अब तक 40 अनुसंधान प्रस्तावों / परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसमें से 19 परियोजनाएं अब तक पूरी हो चुकी हैं। 21 चल रही परियोजनाएं हैं। 2013 में योजना की शुरुआत के बाद से 4.29 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। पिछले 3 वर्षों के दौरान 3.19 करोड़ रुपए जारी किए गए थे।

10.6 कारोबार करने में आसानी :

मापदण्ड (पैरामीटर्स) :

कारोबार करने (डूइंग बिजनेस) पर विश्व बैंक की रिपोर्ट में, जिसमें 190 अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया है, उन विनियमों को मापने का प्रयास किया गया है, जो व्यावसायिक गतिविधि को बढ़ाते हैं तथा जो इसे बाधित करते हैं। डूइंग बिजनेस रैंकिंग, मामले के मानकीकृत परिदृश्यों के आधार पर प्रत्येक देश में सबसे बड़े शहर में स्थित छोटी और मध्यम आकार की फर्मों के लिए कारोबार विनियमन के दस पहलुओं का मूल्यांकन करती है। ये मापदंड हैं: कोई कारोबार शुरू करना, निर्माण परमिट से निपटना, बिजली प्राप्त करना, संपत्ति का पंजीकरण करना, ऋण प्राप्त करना, अल्पसंख्यक निवेशकों की रक्षा करना, करों का भुगतान करना, सीमाओं के पार व्यापार करना, संविदाएं लागू करना और दिवालिया होने का समाधान करना। इस वर्ष, विश्व बैंक ने रिपोर्ट में भारत की स्थिति का आकलन करते हुए श्रम बाजार विनियमों के एक अतिरिक्त पैरामीटर का भी उपयोग किया।

पद्धति :

विश्व बैंक निम्न मापदंडों पर देश के कार्यनिष्पादन को मापता है:

(i) स्थानीय प्रथम दृष्टया न्यायालय के माध्यम से किसी वाणिज्यिक विवाद के समाधान के लिए समय और लागत। समय कारक में, फाइलिंग और सर्विस चरण ट्रायल और जजमेंट चरण और इंफोर्समेंट ऑफ जजमेंट चरण के लिए लिया गया समय शामिल होता है। लागत कारक में अटॉर्नी शुल्क, न्यायालय शुल्क (केवल निर्णय तक) और विशेषज्ञ शुल्क, और प्रवर्तन शुल्क शामिल है।

(ii) न्यायिक प्रक्रिया सूचकांक की गुणवत्ता। इसमें, कोर्ट स्ट्रक्चर और प्रोसीडिंग्स, केस मैनेजमेंट, कोर्ट ऑटोमेशन और वैकल्पिक विवाद समाधान शामिल हैं।

(iii) बेहतर कार्यप्रणाली (गुड प्रेक्टिसेस) की श्रृंखला का मूल्यांकन, और

(iv) न्यायालय प्रणाली में गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ावा देना।

सरकार दिल्ली और मुंबई में वाणिज्यिक विवादों के संबंध में विश्व बैंक द्वारा प्रदान की गई प्रश्नावली की प्रतिक्रिया के माध्यम से देश में कारोबार करने में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) के लिए

किए जा रहे सुधारों पर सूचना (इनपुट) प्रदान करती है। विश्व बैंक की टीम, सरकार द्वारा किए गए दावों को सत्यापित करने के लिए वकीलों, कानूनी फर्मों और देश के अन्य हितधारकों के साथ बातचीत करती है। विश्व बैंक की टीम सरकार के साथ भी बातचीत करती है और अदालतों का दौरा करती है। सभी मापदंडों की गहन जांच के बाद, विश्व बैंक, देशों को रैंकिंग प्रदान करता है।

2019 में कार्य निष्पादन :

31 अक्टूबर 2018 को जारी डूइंग बिजनेस रिपोर्ट 2019 में, भारत ने 190 अर्थव्यवस्थाओं में से 77वां स्थान प्राप्त किया, यह पिछली रिपोर्ट से 23 स्थान की छलांग है। संविदाओं के संकेतक को लागू करने में, रैंकिंग में 01 स्थिति का सुधार हुआ और यह 2018 की 164 की रेंकिंग से सुधर कर 2019 की रिपोर्ट में 163 पर आ गई।

'संविदा को लागू करने के लिए न्याय विभाग, नोडल विभाग है :

संविदाओं के मापदण्डों को लागू करने के लिए न्याय विभाग को नोडल विभाग के रूप में नियुक्त किया गया है। न्याय विभाग से यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सुधार किए जाएं कि इस पैरामीटर में भारत की रैंकिंग इस रिपोर्ट में शीर्ष 50 में आ जाए है।

कृतक बल

24 नवंबर, 2016 को सचिवों की समिति (सीओएस) की हुई बैठक में इसकी सिफारिशों के अनुसार और कैबिनेट सचिव के अ.शा. पत्र क्रमांक 082/2/1/2016 – CA–IV दिनांक 11 नवंबर, 2016 में दिए गए निर्देश के अनुसार भी भारत में कारोबार करने के लिए संविदा लागू करने के मापदण्ड पर कार्य निष्पादन में सुधार करने के लिए सचिव, न्याय विभाग की अध्यक्षता में एक कृतकबल का गठन किया गया है, इसमें औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (DIPP), विधि कार्य विभाग (DoLA), दिल्ली और बॉम्बे के उच्च न्यायालय, दिल्ली और महाराष्ट्र के विधि विभागों और उच्चतम न्यायालय के ई–समिति से सदस्य हैं। टास्क फोर्स ने अब तक 9 बैठकें की हैं। नौवीं बैठक 04.04.2019 को आयोजित की गई थी।

2018–19 के दौरान सरकार की पहलः

(i) वाणिज्यिक न्यायालय, अधिनियम, 2015ः इसे निम्नलिखित सुधारों को लागू करने के लिए 20 अगस्त, 2018 को संशोधित किया गया थाः

क) दिल्ली और मुंबई में जिला न्यायाधीश स्तर पर वाणिज्यिक न्यायालयों की स्थापना (अधिनियम की धारा 3 (1) में संशोधन)

ख) वाणिज्यिक विवादों के उस विशिष्ट मूल्य को, जो वाणिज्यिक न्यायालयों द्वारा में तय किया जा सकता है, कम करके 3 लाख तक कर दिया गया है (अधिनियम की धारा 2 (1) (प))

ग) संस्थान–पूर्व मध्यस्थता और निपटान तंत्र ने की शुरुआत की गई (नई धारा 12 (ए)) वाणिज्यिक न्यायालय (संस्थान–पूर्व मध्यस्थता और निपटान) नियम, 2018, 3 जुलाई, 2018 को अधिसूचित किए गए।

(ii) वाणिज्यिक मामलों का यादृच्छिक और स्वचालित आवंटनः दिल्ली और मुंबई जिला वाणिज्यिक न्यायालयों में शुरू किया गया है।

(iii) केस मैनेजमेंट हियरिंग (प्री–ट्रायल कॉन्फ्रेंस): दिल्ली जिला वाणिज्यिक न्यायालयों में शुरू की गई।

(iv) 8 इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल दिल्ली और मुंबई जिला वाणिज्यिक न्यायालयों में ई–कोर्टों सेवाओं के पोर्टल और जस्टिस ऐप के माध्यम से न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए।

(v) 7 इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल वकीलों को मब्वनतजे सर्विसेज पोर्टल और ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराई गई ई–कोर्ट सेवाओं के ऐप के 1.4 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से लगभग 0.8 मिलियन वकील हैं।

(vi) राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड : विश्व बैंक ने स्वीकार किया है कि राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड की शुरूआत करने से कारोबार करने में आसानी हुई है। यह राज्यवार और जिलेवार देश भर के अदालती मामलों की सांख्यिकीय जानकारी प्रदान करता है। सभी चार प्रदर्शन रिपोर्ट, राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पर उपलब्ध हैं:

क. क्लियरेंस रेट रिपोर्ट

ख. लंबित मामलों की आयु रिपोर्ट

ग. एकल मामला प्रगति रिपोर्ट

घ. निस्तारण रिपोर्टों के लिए समय

(vii) नेशनल सर्विस एंड ट्रैकिंग ऑफ इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेजस (NSTEP) को 14 अगस्त, 2018 को रियल टाइम अपडेट और सम्मन की ट्रैकिंग को सक्षम करने के लिए प्रारम्भ किया गया था।

(viii) वकीलों और वादीगणों के ऑनलाइन पंजीकरण को सक्षम करने के लिए 14 अगस्त, 2018 को ई–फाइलिंग (मथ्पसपदह) आवेदन शुरू किया गया था।

दिल्ली में सुधारों का अद्यतन

(क) सभी जिला न्यायाधीश/दिल्ली के 11 जिला न्यायालयों में 75 न्यायालयों के अपर न्यायाधीशों को 07.07.2018 को निर्दिष्ट वाणिज्यिक न्यायालयों के रूप में अधिसूचित किया गया; और 67 अदालतें कार्यात्मक हैं।

(ख) 15.02.2019 से मामले, बटन के क्लिक से केस इंफॉर्मेशन सिस्टम (ब्ष् 3.0) सॉफ्टवेयर का उपयोग करके वाणिज्यिक न्यायालयों सहित सभी जिला न्यायालयों में न्यायाधीशों को यादृच्छिक रूप से और स्वचालित रूप से सौंपे जा रहे हैं। 15.02.2019 से 31.03.2019 के बीच 410 वाणिज्यिक मामले यादृच्छिक और स्वचालित रूप से आवंटित किए गए हैं।

(ग) 56 वाणिज्यिक मामलों में केस प्रबंधन की सुनवाई हुई।

(घ) दिल्ली में वाणिज्यिक न्यायालयों के 49 न्यायिक अधिकारी, जस्टिस (श्रनेजप्ै) ऐप का उपयोग कर रहे हैं।

मुंबई में सुधारों का अद्यतन (अपडेट)

(क) 16 न्यायालय अर्थात सिटी सिविल और सेशंस न्यायालय, मुंबई और 5 सिटी सिविल और सत्र न्यायालय, डिंडोशी को 15.12.2018 को वाणिज्यिक न्यायालयों के रूप में नामित किया गया हैं।

(ख) 13.02.2019 से बटन के क्लिक से केस इंफॉर्मेशन सिस्टम (बैं 3.0) सॉफ्टवेयर का उपयोग करके मामलों को यादृच्छिक और स्वचालित रूप से वाणिज्यिक न्यायालयों सहित सभी जिला न्यायालयों में न्यायाधीशों को सौंपा जा रहा है। 31.03.2019 तक 6 वाणिज्यिक मामलों को यादृच्छिक और स्वचालित रूप से आवंटित किया गया है।

(ग) मुंबई में वाणिज्यिक न्यायालयों के 15 न्यायिक अधिकारी जस्टिस ऐप (श्रनेजै) का उपयोग कर रहे हैं।

(घ) बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा महाराष्ट्र, गोवा और सिलवासा में केंद्र शासित प्रदेश दीव, दमन और दादरा और नागर हवेली के सभी न्यायिक अधिकारियों के लिए केस इन्फोर्मेशन सिस्टम 3.0, राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (NJDG), इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल्स के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम साझा किया गया है।

मौजूदा स्कोर

2019 की रिपोर्ट में भारत का सकल स्कोर निम्नलिखित है :

घटक (कम्पोनेंट) (0–18)	वर्तमान बिन्दु (प्वाइंट)
न्यायालय की संरचना और कार्यवाहियाँ (0–5)	4.5
मामला प्रबंधन (0–6)	1.5
कोर्ट आटोमेशन (0–4)	2.0
वैकल्पिक विवाद समाधान (0–3)	2.5
कुल	10.5 / 18

11. उपेक्षितों के लिए न्याय तक पहुँच :

न्याय विभाग : न्याय तक पहुँच के लिए संवैधानिक अधिदेश

11.1 भारत के संविधान के अनुच्छेद 39। के तहत न्याय विभाग को "न्याय तक पहुंच" के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने का अधिदेश है। अनुच्छेद 39ए में यह उपबंध है कि (राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि विधिक तंत्र इस प्रकार काम करे कि समान अवसर के आधार पर न्याय सुलभ हो और वह, विशिष्टतया, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आर्थिक या किसी अन्य निर्योग्यता के कारण कोई नागरिक न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रह जाए, और उपर्युक्त विधान या स्कीम द्वारा या किसी अन्य रीति से निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था करेगा।)

11.2 न्याय तक पहुँच के तहत न्याय विभाग के सकारात्मक हस्तक्षेप

11.2.1 सभी के लिए न्याय तक पहुँच के अपने लक्ष्य को पूरा करने की आकांक्षा करते हुए, न्याय विभाग ने तीन कार्यक्रमों की शुरुआत की है, जिसके नाम हैं टेली–लॉ; कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से कानूनी सेवा; देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में मार्गदर्शी आधार पर न्याय बंधु (प्रो–बोनो लीगल सर्विसेज), और न्याय मित्र।

11.2.2 टेली लॉ कार्यक्रम – पैनल के वकीलों से विधिक सलाह और परामर्श प्रदान करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई, टेली लॉ सेवा का उद्देश्य (सीएससी) ग्रामीण स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटरों में उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीफोन और ऑनलाइन चैट सुविधा के माध्यम से पैनल के वकीलों से जरूरतमंद और वंचितों को विशेष रूप से जोड़ना है। विधिक सेवा प्राधिकरण (एलएसए) अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत पात्र सीमांत और व्यक्तियों को निः शुल्क कानूनी सलाह प्रदान की जाती है, जिसमें स्त्री, बच्चे, दिव्यांग व्यक्ति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आपदा के शिकार, दुर्व्यापार के शिकार व्यक्ति आदि शामिल हैं। यह सेवा वर्तमान में 11 राज्यों में चयनित 1800 कॉमन सर्विस सेंटर में चालू है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तर–पूर्वी राज्य और जम्मू–कश्मीर राज्य शामिल हैं। यह कार्यक्रम दो अलग कार्यान्वयन ढांचे के साथ चलने के लिए बनाया गया है। न्याय विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में टेली–लॉ सर्विस, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) – ई–गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से प्रदान की जा रही है और उत्तर–पूर्वी राज्यों और जम्मू और कश्मीर में न्याय विभाग द्वारा यह सेवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) – ई–गवर्नेंस सर्विसेज की साझेदारी में कार्यान्वित की जा रही है।। इस कार्यक्रम को वर्तमान वर्ष तक सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव किया गया है। मार्च 2019 तक 62,761 लाभार्थियों को कानूनी सलाह प्रदान की गई है जिसमें 23658 (महिलाएं); 5007 (अनुसूचित जाति) और 8345 (अनुसूचित जनजाति) शामिल हैं। और अधिक लोगों तक सेवाओं की पहुँच को सुगम बनाने के लिए, पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) को टेली–लॉ मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से मामलों के पंजीकरण की सुविधा के लिए मोबाइल एप्लिकेशन तक पहुंच प्रदान की गई है। एक टेली लॉ डैशबोर्ड भी विकसित किया गया है, जो हितधारकों को कॉमन सर्विस सेंटर–वार और ग्राम–वार प्रिरजिस्टर्ड मामलों, पंजीकृत मामलों और पैनल के वकीलों द्वारा सलाह वाले मामलों का विश्लेषण करने की सुविधा प्रदान करता है। एक समर्पित टेली–लॉ पोर्टल विकसित किया गया है जिसे http://www.tele-law.in/ पर देखा जा सकता है और यह पाँच भाषाओं में उपलब्ध है, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली, उर्दू और असमी शामिल हैं।

11.2.3 न्याय बंधु (प्रो–बोनो लीगल सर्विसेज) – उपरोक्त के अलावा, न्याय बंधु (प्रो–बोनो लीगल सर्विसेज) कार्यक्रम का उद्देश्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत पात्र व्यक्तियों को मुफ्त विधिक सहायता और परामर्श प्रदान करना है। यह सेवा उन अधिवक्ताओं द्वारा प्रदान की जाती है, जो न्याय विभाग के साथ उन पंजीकृत आवेदकों/वादीगणों के मामलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्वैछा से अपने समय और सेवाओं को देने के लिए न्याय विभाग के साथ पंजीकृत होते हैं। पंजीकृत वादीगण और पंजीकृत प्रो–बोनो अधिवक्ता के बीच सहज संपर्क सुनिश्चित करने के लिए एक ऐसा न्याय बंधु मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है, जिसे Google Play Store से डाउनलोड किया जा सकता है। मार्च 2019 तक, 512 वकीलों को पंजीकृत किया गया है और 354 मामलों को सौंपा गया है। आईओएस (iOS) उपयोगकर्ताओं के लिए न्याय बंधु मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने और देश में मुफ्त कानूनी ढांचे को संस्थागत बनाने के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने और मजबूत करने के लिए उन्हें एकीकृत करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं।

11.2.4 न्याय मित्र कार्यक्रम – जिला न्यायालयों में 10 वर्ष पुराने लंबित मामलों के निपटारे की सुविधा के लिए एक तीसरा कार्यक्रम अर्थात् न्याय मित्र शुरू किया गया है। कोई भी व्यक्ति जिसका मामला पिछले 10 वर्षों से जिला न्यायालय में लंबित है, वह न्याय मित्र से मिल सकता है, जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या जिला न्यायालय में बैठता है। यह कार्यक्रम 16 राज्यों के उन 227 जिलों में संचालित किया गया है, जिन्हें राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (NJDG) से दस साल से अधिक की अवधि के अदालती मामलों में

अधिकतम लंबन के आधार पर चुना गया है.. वर्तमान में 5 न्याय मित्र त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्य में कार्यरत हैं। कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए रजिस्ट्रार जनरलों (आरजी) से आवधिक प्रतिक्रिया आमंत्रित की जाती है। वर्ष 2019—2020 के लिए 7 सात राज्यों में 100 न्याय मित्रों को कार्य पर लेने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

11.2.5 दूर तक पहुँच और जागरूकता के लिए रणनीतिक सूचना शिक्षा और संचार (IEC) – होर्डिंग, पोस्टर, फ्लायर और रेडियो जिंगल्स आदि के माध्यम से जनता को शिक्षित करने के लिए आउटडोर प्रचार और प्रचार अभियान किए गए हैं। 11 राज्यों के लगभग 3527 स्थानों को जिसमें विभिन्न तेल कंपनियों के पेट्रोल पंप, ऑटो हुड रैप्स, बस पैनल, बस पैनल्स शेल्टर्स आदि शामिल हैं, सूचना के प्रदर्शन के लिए शामिल किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में 1800 सीएससी में प्रसार के लिए स्थानीय बोलियों सहित 13 भाषाओं में पोस्टर और फ़्लोयर्स जिनमें अंग्रेजी, हिंदी असमिया, बंगाली, नेपाली, लेप्चा, गारो, खासी, मणिपुरी, नागामी, उर्दू, डोगरी और मिजो शामिल हैं।

11.2.6 उत्तर पूर्वी और जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए विशिष्ट पहलें – उपरोक्त के अलावा, समाज के हाशिये और कमजोर वर्गों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों समुदायों की कानूनी जरूरतों का समाधान करने, लोगों को बेहतर सेवा देने, न्याय वितरण प्रणाली और विधिक सेवा प्राधिकरण की क्षमता में सुधार करने, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, नागालैंड और जम्मू राज्यों में कमजोर आबादी की कानूनी जागरूकता बढ़ाने के लिए पूर्वोत्तर और जम्मू और कश्मीर राज्य में न्याय तक पहुँच की इस योजना के तहत कई विशिष्ट स्थानीय पहलें कार्यान्वित की जा रही हैं। इसके लिए न्याय विभाग ने मंत्रालयों (केंद्रीय/राज्य) और सम्बद्ध विभागों के साथ जैसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय, महिला बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण आदि से सहयोग और साझेदारी की है। इस संबंध में गांवों में 130 विधिक सहायता क्लीनिक स्थापित किए गए हैं, जिससे 21823 हाशिए पर रहने वाले लोग लाभान्वित हुए हैं। जमीनी स्तर के अधिकारियों उदाहरणार्थ, प्रेरकों (1128), वीएलई (1400),समुदायिक सदस्यों (58000), अर्ध विधिक स्वयं सेवकों (1479), पैनल वकीलों (170),छात्रों (1000), महिलाओं (1050) आदि की क्षमता बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। आदिवासी ग्राम सभाओं और नियमित न्याय प्रणाली के बीच तालमेल बनाने के लिए प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाते हैं, उदाहरण के लिए, (911) गाँव बुरास और देबाशीस को प्रशिक्षित किया गया है ; (15498) पंचायत राज अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से कानूनी साक्षरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस संबंध में समाज के सीमांत वर्गों को लाभान्वित करने वाले कल्याण और स्थानीय कानूनों से संबंधित आईईसी को 23 स्थानीय बोलियों में विकसित किया गया है और 7 भाषाओं में वीडियो विकसित किए गए हैं।

12. 2018—19 के दौरान प्रमुख उपलब्धि

12.1 उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के वेतन और भत्तों का संशोधन।

संसद द्वारा उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश (वेतन और सेवा की शर्तें) संशोधन विधेयक, 2018 पारित किया गया था और 27.01.2018 को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई थी।

12.2 उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के यात्रा भत्ता नियमों में संशोधनः

सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसरण में देश के भीतर दौरे या प्रशिक्षण पर

यात्राओं, स्थानांतरण पर यात्रा के लिए पात्रता, दौरे पर दैनिक भत्ते की दरों के संबंध में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की यात्रा भत्ते में वृद्धि की गई। अतः उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के यात्रा भत्ता नियम, 1959 और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के यात्रा भत्ता नियम, 1956 में संशोधन किया गया है।

12.3 उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के आधिकारिक निवास पर मुफ्त साज–सज्जा करने के भत्तों में संशोधन।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के वेतन और भत्तों के संशोधन के अनुसरण में, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के साज–सज्जा भत्ते को संशोधित किया गया है। इसलिए उच्चतम न्यायालय (वेतन और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1958 और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश (वेतन और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1954 में संशोधन किए गए हैं।

12.4 दूसरा राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी)।

भारत के उच्चतम न्यायालय ने रिट याचिका संख्या 643/2015 में अपने 9.05.2017 के आदेश के तहत भारत में अधीनस्थ न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों के वेतनमान, वेतन और सेवा शर्तों की समीक्षा करने के लिए एक न्यायिक वेतन आयोग की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। तदानुसार भारत के उच्चतम न्यायालय के (सेवानिवृत) न्यायाधीश श्री पी.वी. रेड्डी की अध्यक्षता में दूसरा राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) गठित किया गया है।

दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग ने न्यायिक अधिकारियों की सभी श्रेणियों/रैंकों को उपार्जित वेतन वृद्धि के साथ मूल वेतन में 30% की वृद्धि की अन्तरिम राहत दी है।

आयोग की अंतिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

12.5 जाम्बिया के साथ समझौता ज्ञापन।

न्यायिक क्षेत्र सहयोग पर 11.4.2018 को जाम्बिया के साथ एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

12.6 शिकायतों का निवारण।

(क) न्याय विभाग को राष्ट्रपति के सचिवालय / उपराष्ट्रपति के सचिवालय / प्रधानमंत्री कार्यालय / CPGRAMS पोर्टल के माध्यम से नागरिकों से बड़ी संख्या में नागरिकों की शिकायतें सीधे ऑनलाइन से प्राप्त करता होती हैं। 01–04–2018 से 31.3.2019 तक 7534 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस दौरान, 7816 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। इस विभाग को प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा 20 विभागों में से एक विभाग आँका गया है, जिन्हें सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त होती हैं। इसके अलावा, डाक विभाग में भी बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं।

(ख) न्याय विभाग को उच्चतम न्यायालय / उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति, विधिक सहायता / कानूनी मदद / कानूनी जागरूकता / ई–कोर्ट / न्यायिक सुधार आदि से संबन्धित शिकायतों को देखने का अधिदेश है। केवल इन विषयों से संबन्धित शिकायतें न्याय विभाग द्वारा देखी जाती हैं।

(ग) न्यायपालिका से संबंधित शिकायतों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से आगे के कार्यवाही के लिए भारत के उच्चतम न्यायालय के महा सचिव, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को भेज दिया जाता है। सूचना के

लिए एक प्रति शिकायतकर्ता को पृष्ठांकित कर दी जाती है।

(घ) न्याय विभाग द्वारा अग्रेषित की गई शिकायतों पर न्यायपालिका द्वारा उनकी स्वयं की इन–हाउस पद्धति के अनुसार विचार किया जाता है व उनकी जांच की जाती है और शिकायतों से निपटने के लिए प्रणाली / प्रक्रिया को सामान्यतया साझा नहीं किया जाता है। ऐसे मामलों में, न्याय विभाग शिकायतकर्ताओं को नतीजे को सूचित करने की स्थिति में नहीं होता है।

न्याय विभाग द्वारा शिकायतों के निपटान के लिए विस्तृत दिशानिर्देश शिकायत धारकों / नागरिकों की जानकारी / मार्गदर्शन के लिए वेबसाइट www.doj.gov.in पर अपलोड किए गए हैं।

13. विभाग की विविध गतिविधियां

13.1 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 : सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत न्याय विभाग ने निम्नांकित कार्य शुरू कर दिए हैं :

(क) विभाग के एक अनुभाग अधिकारी को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आरटीआई आवेदनों को प्राप्त करने और संबंधित केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी को आवेदन पत्र हस्तांतरित करने और आरटीआई आवेदनों/अपीलों की प्राप्ति और निपटान के बारे में केंद्रीय सूचना आयोग को त्रैमासिक रिटर्न जमा करने के लिए केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी नामित किया गया है।

